दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 18 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-237 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

शारदीय नवरात्र



अष्टमी मां महागौरी

नवरात्रि के आठवें दिन यानी महाष्टमी को नवदुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी को सौम्यता, शांति, और पवित्रता की देवी माना जाता है। इनकी उपासना से साधक के सभी संचित पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का आगमन होता है।

या देवी सर्वभूतेषु...से गुंजायमान हुई राजधानी

मां दुर्गा का पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पटना (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के सातवें दिवस में शनिवार को देवी माता के भक्तों ने देवी कालरात्रि की पूजा कर वेदोक्त मंत्रोच्चार करते हुए शुभ मुहूर्त में मंदिर एवं पूजा-पंडालों में माता का पट खोला। पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। वहीं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को महासप्तमी पर मां दुर्गा का पट खुलने के बाद श्री दुर्गा पूजा समिति (मून क्लब, जगदेव पथ), श्री दुर्गा पूजा समिति भद्र काली मंदिर (कृष्णा अपार्टमेंट, बोरिंग रोड) तथा श्री दुर्गा पूजा समिति (बोरिंग रोड चौराहा) के पूजा पंडाल में जाकर मां दुर्गा का दर्शन कर पूजा-अर्चना की, साथ ही उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान सीएम ने बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कहा कि मां का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। बिहार विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे और समृद्धि की ओर अग्रसर हो। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधान पार्षद संजय मयूख, बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, डीएम कुंदन कुमार, एएसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा सहित आयोजकगण, अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।



सीएम सम्राट ने की मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

मंगलवार को होगा पूजा का समापन

भारतीय ज्योतिष विज्ञान परिषद के सदस्य ज्योतिषाचार्य राकेश झा ने बताया कि आश्विन शुक्ल अष्टमी तिथि में रविवार को पूर्वाषाढ़ा व उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, सुकर्मा योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग में माता के आठवें स्वरूप में सर्व सिद्धि को देने वाली महागौरी की पूजा-अर्चना होगी। श्रद्धालु महाष्टमी में निराहार या फलाहार कर व्रत रखेंगे तथा सोमवार को अष्टमी तिथि की समाप्ति के बाद सुबह 08:04 बजे के बाद पारण करेंगे। महानवमी में मंगलवार को हवन व कन्या पूजन से साथ नवरात्र का समापन होगा। विजयादशमी व जयंती धारण 21 अक्टूबर को होगा।

मल्लिका शेरावत पटना में लालू परिवार से मिलीं



पटना (एनएसबी)। बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत पटना में आयोजित डांडिया नाइट कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिहार पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने लालू परिवार से मुलाकात की। तेजप्रताप यादव अपने सोशल मीडिया से पोस्ट कर यह जानकारी दी। मुलाकात के दौरान मल्लिका शेरावत ने तेजप्रताप यादव की माता राबड़ी देवी और परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट की। अभिनेत्री के सरल और सहज व्यवहार ने परिजनों का दिल जीत लिया। इस दौरान परिवारजनों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई।

कोलकाता के चोरबगान दुर्गापूजा पंडाल में भगदड़, 19 लोगों की मौत

45 लोग घायल, तेज बारिश में पंडाल में दर्शनार्थियों की उमड़ी भीड़ से स्थिति बिगड़ी

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के चोरबागान सार्वजनिन दुर्गापूजा के पंडाल में शनिवार को सप्तमी की शाम उमड़ी भारी भीड़ से मची भगदड़ में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और करीब 45 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है।

घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। घटना के समय बाहर तेज बारिश हो रही थी। बारिश के बीच पंडाल में दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ने से स्थिति बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि पंडाल का ढांचा टूटने के कारण भी यह हादसा हुआ हो सकता है। घटना के बाद पूजा पंडाल की रोशनी बंद कर दी गई और बाहर निकलने के रास्ते भी बंद कर दिए गए। बताया जा रहा है कि कुचलने से जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी अस्पताल पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने घटनास्थल का भी दौरा किया। गौरतलब है कि चोरबगान सार्वजनिन दुर्गोत्सव समिति ने इस वर्ष अपने पूजा पंडाल की थीम आर्ब रखी है, जिसका अंग्रेजी भावार्थ ध्वनि से परे है। इस अवधारणा के जरिए ध्वनि की परिचित सीमाओं से आगे बढ़कर मौन की गहराई को दर्शाने का प्रयास किया गया है।





पूजा आयोजकों को थाने में किया गया तलब

पूजा आयोजकों को थाने में तलब किया गया है। इस बीच बंगाल सरकार ने एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दुर्घटना से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त करने के लिए लोग 18003455678 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

पूर्व अधिकारी की हत्या में पुलिस इंस्पेक्टर समेत 14 पर प्राथमिकी

एक को जेल

आरा (एनएसबी)। क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष रिटायर कस्टम अधिकारी राम कुमार सिंह की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। पूर्व अधिकारी के बेटे अमित कुमार उर्फ गोल्डी के बयान पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उसमें आरा मुफस्सिल के तत्कालीन थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राम कल्याण यादव, राजस्व कर्मचारी विष्णुदेव सिंह और मीडिया कर्मी मनोज सिंह उर्फ लक्की सहित 14 लोगों को

बेटे के बयान पर दर्ज की गई प्राथमिकी, जमीन हड़पने के लिए हत्या का आरोप

नामजद किया गया है। इंस्पेक्टर राम कल्याण और राजस्व कर्मचारी विष्णु देव सिंह सहित अन्य लोगों पर हत्या की साजिश रचने, जबकि मनोज सिंह उर्फ लक्की सहित दस लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार मनोज सिंह उर्फ लक्की को जेल भेज दिया है। वहीं, अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। हत्या में शामिल शूटरों की भी तलाश तेज कर दी गयी है। उसे लेकर भोजपुर सहित अन्य जिलों एवं राज्यों में छापेमारी चल रही है। प्राथमिकी में अमित कुमार उर्फ गोल्डी की ओर से कहा गया है कि उनके पिता रोज की तरह गुरुवार की सुबह करीब छह बजे टहलने के लिए निकल रहे थे। गाड़ी निकालने के बाद वे गैराज में ताला बंद कर रहे थे।



सीसीटीवी फुटेज के जरिए युवक के हत्यारों की तलाश तेज

पवना हत्या कांड

आरा। जिले के पवना में शुक्रवार की रात शांतनु कुमार नामक छात्र की हत्या की पुलिस तफ्तीश तेज हो गई है। तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर पुलिस अभियुक्तों तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। उसे लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल की टीम की ओर से भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। बता दें कि पवना चौक के समीप अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी कुंदन सिंह का 18 वर्षीय पुत्र शांतनु कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वह दशहरा का मेला घूमने अपनी मौसी के घर पवना गांव आया था। मौसेरे भाई के साथ मेला घूमने के बाद घर लौटने के दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उसे पीछे से गोली मार दी गयी थी। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाये जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

पाकिस्तान में डोली धरती, 5.8 मैग्नीट्यूड के भूकंप से सहमे लोग

पाकिस्तान। पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत के खुजदार के पास 5.8 तीव्रता का भूकंप आया. झटके आसपास के इलाकों में महसूस हुए. अभी तक जान-माल के बड़े नुकसान की कोई पुष्टि नहीं. क्षेत्र भूकंपीय जोन में है।

लालकृष्ण आडवाणी को अस्पताल में कराया भर्ती, हालत स्थिर



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की हालत स्थिर बनी हुई है। 98 वर्षीय आडवाणी दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती हैं। जानकारी के अनुसार, सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया था। वह पल्मोनरी विभाग में उपचाराधीन हैं। डॉक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य पर नजर रख रही है और आवश्यक जांच की जा रही हैं।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हादसा, 8 की मौत

कोटा। राजस्थान में कोटा के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कराड़िया के नजदीक सवारियों से भरी एक मिनीबस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गई. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और यात्रियों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि मिनीबस में करीब 25 यात्री सवार थे। बस एक्सप्रेसवे से नीचे करीब 15 फीट गहरे नाले में जा गिरी। हादसे में 8 लोगों की मौत होने की बात सामने आ रही है. सभी एमपी से राजस्थान के सीकर जिला स्थित खाटूश्याम जी दर्शन को जा रहे थे।

तमिलनाडु राजद अध्यक्ष गौरी शंकर यादव का निधन

पटना। तमिलनाडु राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष गौरी शंकर यादव के निधन पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।

अभिजीत दीपके को मिली जमानत, नेहा बोरा भी रिहा

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके को शनिवार को जमानत मिल गई। उन्हें 50 हजार रुपए का बेड बॉन्ड भी भरना पड़ा।दीपके को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार देर रात गिरफ्तार किया था। उन्हें शुक्रवार को कनॉट प्लेस में लहरा दो तिरंगा रैली से पहले हिरासत में लिया गया था।

आरा में सोन नदी में डूबने से सगे भाई समेत चार की मौत

संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकौल गांव स्थित बड़वा बालू घाट की घटना

आरा (एनएसबी)। जिले के संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकौल गांव स्थित बरवा बालू घाट पर शनिवार की सुबह सोन नदी में नहाने के दौरान डूबने से सगे भाई समेत चार लोगों की मौत हो गई। एक की जान बचाने के चक्कर में बारी-बारी से चारों की जान चली गई।

घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में मातम छा गया है। सूचना प्रकार संदेश प्रखंड के अंचल अधिकारी शमी कुमार एवं थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात स्थानीय गोताखोर एवं ग्रामीणों के सहयोग से चारों शवों को बाहर निकाला गया। तब पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतकों में संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकौल गांव निवासी मंटू शर्मा का 12 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार एवं 10 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार, उसी गांव के निवासी विनोद शर्मा का 15 वर्षीय पुत्र आकाश शर्मा एवं अरविंद यादव का 30 वर्षीय पुत्र सुधीर कुमार शामिल है। इस संबंध में संदेश के अंचलाधिकारी सम्मी कुमार ने बताया कि हमें सूचना प्राप्त हुई कि तीर्थकौल गांव स्थित बरवा बालू घाट के किनारे सोन नदी में नहाने के दौरान चार लोगों की डूबने से मौत हो गई है। इनमें तीन किशोर एवं एक युवक शामिल है। उन्होंने बताया कि जो भी सरकार द्वारा मुआवजा निश्चित है, उन्हें तत्काल दिया जाएगा। इधर, मृत सगे भाई प्रेम कुमार व शिवम कुमार के चाचा सुधन कुमार शर्मा ने बताया कि वह दोनों गांव के ही आकाश शर्मा के साथ गांव में स्थित बरवा बालू घाट के किनारे सोन नदी में नहाने गए थे। इसी बीच में डूबने तीनो डूबने लगे। उन्हें डूबता देख सुधीर कुमार बचाने गए। उसी दौरान चारों डूब गए। तब वहां मौजूद लड़कों ने बताया कि चारों लोग यहां पर डूब गए है।



नोएडा में एक ही परिवार के पांच लोगों की संदिग्ध मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के नंगला श्रीगोपाल गांव में एक ही परिवार के पति-पत्नी और तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत होने का मामला जानकारी में आया है। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, गांव नगला पदम निवासी महेश उनकी पत्नी ललतेश तीन नाबालिक बच्चे रात 10:00 बजे मैगी खाकर सोए थे सुबह नहीं उठे तो लोगों को शंका हुई देखा तो पांचों बिस्तर पर मृत मिले। थाना रबूपुरा पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नगला श्री पदम निवासी एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत होने के बाद घर के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

दंपति और तीन बच्चों की गई जान

कैंसर की 137 दवाओं की कीमतें 70% तक होंगी कम

नई दिल्ली (एजेंसी)। कैंसर मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के फैसले के बाद 137 चिन्हित गैर-अनुसूचित कैंसर रोधी दवाओं की कीमतों में बड़ी कमी आने की संभावना है। अनुमान है कि इन दवाओं के दाम 70 प्रतिशत तक घट सकते हैं, जिससे इलाज का आर्थिक बोझ काफी कम होगा। एनपीपीए ने इन 137 दवाओं पर व्यापारिक मार्जिन को अधिकतम एमआरपी के 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है। माना जा रहा है कि इससे दवाओं की अंतिम कीमत में कमी आएगी और मरीजों को सस्ती दरों पर जरूरी दवाएं मिल सकेंगी। संशोधित कीमतें 9 नवंबर 2026 से प्रभावी होंगी. इसके बाद अस्पतालों, मेडिकल संस्थानों और दवा विक्रेताओं को नई दरों के अनुसार ही दवाएं बेचनी होंगी. साथ ही उन्हें संशोधित मूल्य सूची प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया है ताकि मरीजों को सही जानकारी मिल सके।

पटना की प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजलक्ष्मी की डिलीवरी के बाद मौत

पटना (एनएसबी)। आईजीआईएमएस के पास स्थित निजी नर्सिंग होम में सिजेरियन से बेटे को जन्म देने के कुछ घंटे बाद प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजलक्ष्मी की मौत हो गई। स्वजन ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। पिता केके लाल ने बताया कि रात में तबीयत बिगड़ने और पल्स रेट 162 तक पहुंचने के बावजूद डॉक्टर करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंचे। तब तक राजलक्ष्मी की मौत हो चुकी थी। स्वजन के अनुसार राजलक्ष्मी को 12 अक्टूबर को पूनम सर्जिकल एवं मैटरनिटी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। 13 अक्टूबर की दोपहर करीब तीन बजे सिजेरियन से बेटे का जन्म हुआ। नवजात का वजन 2.100 किलोग्राम बताया गया है। शाम 7:30 बजे तक चिकित्सक ने स्थिति सामान्य बताई थी। रात करीब 8:15 बजे राजलक्ष्मी की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि सूचना के बावजूद तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिली। स्वजन निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। सिविल सर्जन डॉ. योगेंद्र प्रसाद मंडल ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी।



सीएम से मिले पर्यावरणविद् डॉ. अनिल प्रकाश जोशी

बिहार के विकास का बताया नया मॉडल

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार में विकास के काम तेजी से किए जा रहे है लेकिन विकास की गति को पर्यावरण के साथ जोड़कर संतुलित रखते हुए किया जा रहा है। बिहार-झारखंड बंटवारे के बाद बिहार का हरित आवरण क्षेत्र 06 प्रतिशत रह गया था, लेकिन यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बिहार का हरित आवरण क्षेत्र अब बढ़कर 15 प्रतिशत हो गया है।

वहीं पहले बिहार का सिंचित जमीन 21 लाख हेक्टेयर था जो अब बढ़कर 44 लाख हेक्टेयर हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं सुशील कुमार मोदी के नेतृत्व में बिहार ने पिछले 20 वर्षों में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण का कार्य तेजी से किया है। श्री चौधरी शनिवार को पर्यावरणविद् पद्म भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी के नेतृत्व में आई टीम के साथ मुलाकात के दौरान यह बातें कही। यह दल नेपाल स्थित जनकपुर धाम से प्रारंभ होकर भारत के विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए उत्तराखंड राज्य के देहरादून तक की साइकिल यात्रा पर निकला है, जिसकी थीम है- 'प्रकृति ही प्रभु है'। इस टीम ने बिहार सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा बिहार में पर्यावरण के क्षेत्र किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार पर्यावरण के क्षेत्र में देश में अनोखे ढंग से काम कर रहा है जो बिहार की आनेवाले वाली पीढ़ी के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, पंकज मालवीय सहित उनकी पूरी टीम जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्द्धन, नदियों के पुनर्जीवन, पर्यावरण जागरूकता को लेकर जन-जन तक संदेश पहुँचाने के लिए यात्रा कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में ईको टुरिज्म पर तेजी से काम किया जा रहा है। बिहार में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए हमलोगों ने योजना बनायी है और उस पर बेहतर ढंग से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 32 प्रतिशत कम वर्षापात हुआ है लेकिन नेपाल से आने वाले पानी के चलते बिहार में बाढ़ की स्थिति बनी।



खबरें : एक नजर में

बिहार विधान परिषद के दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कुमर राऊत को विश्वास और समर्थन मिल रहा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से राजद समर्थित प्रत्याशी कुमर राऊत ने दरभंगा, मधुबनी समस्तीपुर और बेगूसराय के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में दौरा करके दावा किया कि उन्हें सभी वर्गों के शिक्षकों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। राऊत ने कहा कि जनसंपर्क और प्रचार प्रसार अभियान के दौरान शिक्षक साथियों से मिले आशीर्वाद और समर्थन ने मेरे संकल्प को और मजबूत किया है। शिक्षकों की आवाज को सदन तक पहुँचाने और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूँ। शिक्षकों के हक की बात करेंगे, शिक्षा के विकास के लिए प्रयास करेंगे। इन्होंने शिक्षकों से 23 अक्टूबर को प्रथम वरीयता का मत देकर अपना आशीर्वाद और समर्थन देने की अपील की।

खुसरूपुर में 550 ग्राम गांजा के साथ 28 वर्षीय युवक गिरफ्तार

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। खुसरूपुर थाना क्षेत्र के मौसमपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 550 ग्राम गांजा के साथ एक 28 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान पवन कुमार, पिता शंकर प्रसाद, निवासी मौसमपुर गांव के रूप में हुई है। इस संबंध में खुसरूपुर थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान युवक को 550 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और नशीले पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी कर रही है। गुप्त सूचनाओं के आधार पर ऐसे मामलों में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई को मादक पदार्थो के खिलाफ अभियान के तहत महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा।

खुसरूपुर में दशहरा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, पूजा समितियों के साथ शांति समिति की बैठक, फ्लैग मार्च कर उपद्रवियों को दी सख्त चेतावनी

खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। दशहरा पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसको लेकर विभिन्न पुजा पंडालों के साथ शांति समिति की द्वितीय बैठक थाना परिसर पर आयोजित किया गया। इस महती बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 2 संजीव कुमार एवं थाना अध्यक्ष रौशन कुमार के नेतृत्व में यह बैठक संपन्न किया गया। मौके पर खुसरूपुर प्रखंड और नगर से दर्जन भर



से उपर पूजा समितियों के अध्यक्ष सचिव एवं सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीव कुमार ने शक्त निर्देश देते हुए बताया कि इस बार तीव ध्वनि के साउंड डी जे नहीं बजाने का जिला प्रशासन की ओर निर्देश है, वोही मूर्ति विसर्जन सूर्यास्त के पहले करनी होगी एवं गंगा नदी के तेज बहाव में मूर्ति के विसर्जन करने पर रोक लगाया है। साथ ही यह निर्देशित किया गया है कि मूर्तियों का विसर्जन गंगा के क्षेत्र में पड़ने वाले तालाब खड्डे में किया जाएगा। सुरक्षा शांति व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने इस बार इस तरह के निर्देश जगजाहिर किया है। क्षेत्र वार पुलिस स्टेशन इस निर्देश का पालन कराएगी। प्रमुख सक्रिय मार्गो पर वायरकेटिंग एवं हर पंडालों में पुलिस अधिकारी अपने दल बल के साथ मुस्तैद किये जाएंगे। हर पूजा पंडालों के सदस्यों को आई कार्ड रखना जरूरी होगी जिस पर स्थानीय थाना अध्यक्ष का हस्ताक्षर होना जरूरी होगी। इसके अतिरिक्तमूर्ति विसर्जन का समय सीमा का भी पूजा पंडालों के लिए तय किया गया है। उसी समय में अपने अपने मूर्तियों के प्रोसेशन को निकाली जाएगी। ताकि उद्धव नहीं हो और शांति सुरक्षा के साथ यह पावन पर्व संपन्न हो सके। इन तमाम दिशा निर्देशों को सभी पंडालों को पालन करने के निर्देश एस डी पी ओ 2 संजीव कुमार ने दिया है। इधर इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी थाना अध्यक्ष ने अपने दल बल के साथ नगर इकाई क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च स्टेशन रोड से होकर भूसकी मोहल्ले तक गई और शांति सुरक्षा में पुलिस प्रशासन को सहयोग करने का आग्रह किया गया।

दशहरा पूजा को लेकर शहर में ड्रोन, आई ट्रिपल सी कैमरों और केंद्रीय बलों के साथ सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य की प्रभारी डीजीपी प्रीता वर्मा ने शनिवार को पटना एसएसपी कार्यालय का दौरा कर जिले की कानून-व्यवस्था की गहन समीक्षा की। प्रभारी डीजीपी का पदभार ग्रहण करने के बाद पटना के वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ उनकी यह पहली औपचारिक बैठक थी। समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने आई ट्रिपल सी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। बताया गया है कि आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर राज्य में शांति और लॉ एंड अर्डर बनाए रखने के उद्देश्य से इस उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया था।

बैठक के दौरान जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस बल की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस समीक्षा बैठक में डीजी (अभियान) सह राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी कुंदन कृष्णन, जोनल आईजी जितेंद्र राणा, पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा के अलावा पूर्वी, सेंट्रल, पश्चिमी और ग्रामीण क्षेत्र के ऐसपी, एसडीपीओ तथा डीएसपी स्तर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



प्रभारी डीजीपी प्रीता वर्मा ने पटना एसएसपी कार्यालय पहुंचकर कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की।

अधिकारियों ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने और जिले भर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस की तैयारियों का जायजा लिया।

पुलिस समन्वय और तकनीकी निगरानी पर विशेष जोर बैठक का मुख्य फोकस पुलिस व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने और विभिन्न शाखाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर रहा। प्रभारी डीजीपी ने अधिकारियों को जिम्मेदारियों का स्पष्ट विभाजन करने और अपराध पर नकेल कसने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। वहीं आई ट्रिपल सी के निरीक्षण के माध्यम से आधुनिक तकनीक और कैमरों के जरिए शहर की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने की योजना पर बल दिया गया।

दशहरा पूजा पर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम बैठक के बाद पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि आगामी दशहरा पूजा को देखते हुए जिले भर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। त्योहारों के दौरान उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों, हाई-टेक सर्विलांस और सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में स्थिति नियंत्रित रखने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों की टुकड़ियों को भी तैनात किया गया है।



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महासप्तमी के शुभ अवसर पर पटना के श्री श्री दुर्गा पूजा महोत्सव, शिव मंदिर खाजपुरा, श्री दुर्गा पूजा समिति, राजा बाजार महावीर स्थान श्री दुर्गा आश्रम मंदिर पूजा समिति, शेखपुरा एवं श्री श्री दुर्गा पूजा समारोह, पटना के मून क्लब, जगदेव पथ, भद्र काली मंदिर (बोरिंग रोड) एवं बोरिंग रोड चौराहा स्थित पूजा पंडालों और गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के पूजा पंडालों में जाकर माँ दुर्गा के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने समस्त बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने माँ दुर्गा से राज्य में सुख, शांति एवं समृद्धि बनाए रखने की कामना करते हुए कहा कि माँ का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे और बिहार विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते हुए समृद्धि की ओर अग्रसर हो। गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के पूजा पंडाला में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष रणवीर नंदन और दीघा के विधायक संजीव चौरसिया व अन्य लोग भी साथ रहे। *फोटो : जावेद आलम*

दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पटना पुलिस ने व्यापक सुरक्षा तैयारियां की

पटना / एसएनबी। दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, संपन्न कराने हेतु पटना पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा तैयारियां की गई है। कार्तिकेय के. शर्मा, वरीय पुलिस अधीक्षक के मुताबिक इसी क्रम में, सभी पूजा स्थलों, पूजा पंडालों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूजा पंडालों एवं कार्यक्रम स्थलों के आसपास सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है। साथ ही, अगि सुरक्षा के ष्टिकोण से अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

इसके अतिरिक्त विभिन्न पूजा स्थलों एवं पूजा पंडालों का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है। संवेदनशील एवं पूर्व से चिति क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है।

श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियंत्रण एवं भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की गई है। पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

पटना पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे दुर्गा पूजा का पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे।

बिहारशरीफ में पहली बार राजद के शिक्षक और स्नातक दोनो प्रत्याशी ने एक मंच पर भरी हुंकार



होटल वैभव इंटरनेशनल मैरेज हाल मे राजद के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित बैठक।

बिहारशरीफ/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। होटल वैभव इंटरनेशनल मैरेज हाल मे राजद के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित बैठक मे राजद के शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी डा. संजीव कुमार और दिलीप कुमार की मौजूदगी मे समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या मे शिक्षक प्राचार्य स्नातक मतदाता बड़ी संख्या मे भाग लिए। तीन जिला मे हो रहे पटना ातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र मे पहली बार संयुक्त बैठक आयोजित थी।

बैठक को सम्बोधित करते हुए शिक्षक प्रत्याशी ड संजीव कुमार ने कहा कि एनडीए के नेता हताशा मे ताबड़तोड़ बैठक कर रहे हैं। लेकिन बुद्धिजीवी जनता उदण्ड और मुंहफट एनडीए प्रत्याशी को भाव देने को तैयार नहीं है। स्नातक प्रत्याशी दिलीप कुमार ने कहा कि नीतीश के भ्रष्टाचार और विकास की लूट से स्नातक मतदाता त्रस्त हैं और शासन और सत्ता से स्नातक को भयभीत कर रही है। पूर्व विधायक राकेश रौशन ने कहा कि नालंदा से राज्य मे बुद्धिजीवियों का नया संदेश जाएगा और राजद प्रत्याशी की प्रचंड जीत होगी।

पूर्व राज्य प्रवक्ता मनीष यादव ने कहा कि यह बदलाव का चुनाव है और तेजस्वी के ए टू जेड के सम्मान की लड़ाई है। पूर्व जिलाध्यक्ष हुमायु अख्तर तारिक ने कहा कि इस बार तीस वर्ष और सोलह बरस के खुजली को मतदाता ठीक करेगी । राजद नेता टनटन खान ने कहा कि इसबार सामाजिक न्याय का परचम फहरा कर रहेगा। पूर्व प्रधान महासचिव सुनील यादव ने एनडीए के दोनो उम्मीदवार को भाषाई लम्पट बताया । बैठक को पूर्व राजद प्रत्याशी अनिल महाराज, डा अमरेंद्र कुमार, सुनील साव, निधि शर्मा, कल्लू मुखिया, अरुणेश यादव, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार, मनोरमा रानी, राजबल्लम यादव, खुर्शीद अंसारी, जीतू यादव, प्रमोद गुप्ता, युवा नेता मणिशंकर कुमार, आर्यन यादव, गोलू यादव, नीतीश यादव और बड़ी संख्या मे नेता कार्यकर्ता मौजूद थे । बैठक की अध्यक्षता राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रो डा प्रेमनाथ ने किया।

गांधी के 'हिन्द स्वराज' को समकालीन संदर्भों में समझने पर जोर

दरभंगा/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। हिन्द स्वराज पीठ, दरभंगा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन महात्मा गांधी की कालजयी कृति 'हिन्द स्वराज' को नए वैचारिक दृष्टिकोण और समकालीन सामाजिक संदर्भों में समझने का प्रयास किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचारों के माध्यम से गांधी के चिंतन को वर्तमान समय की चुनौतियों से जोड़ते हुए नशामुक्ति, शिक्षा, आत्मानुशासन, आत्मनियंत्रण तथा नैतिक जीवन-मूल्यों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

आत्मानुशासन और आत्मनियंत्रण पर चर्चा करते हुए कहा गया कि आधुनिक जीवन में बढ़ती उपभोक्तावादी प्रवृत्ति, अनियंत्रित इच्छाएँ और बाहरी आकर्षण व्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रभावित कर रहे हैं। गांधी का विचार था कि वास्तविक स्वतंत्रता का संबंध केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति नहीं, बल्कि अपनी इच्छाओं और आवश्यकताओं के विवेकपूर्ण नियमन से भी है। इस दृष्टि से 'हिन्द स्वराज' आज के युवाओं के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है।

शिविर के दौरान यह महत्वपूर्ण सुझाव भी सामने आया कि गांधी के विचारों और 'हिन्द स्वराज' की प्रासंगिकता पर आधारित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों तक किया जाना चाहिए। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि विद्यार्थियों को गांधी के विचारों से केवल पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से परिचित कराना पर्याप्त नहीं है, उनके जीवन, व्यवहार और सामाजिक सहभागिता में इन मूल्यों को विकसित करने के लिए संवाद, प्रशिक्षण शिविर, वाद-विवाद, निबंध लेखन तथा रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी आवश्यक है।



हिन्द स्वराज पीठ, दरभंगा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन।

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का मूल संदेश यही रहा कि गांधी के 'हिन्द स्वराज' को वर्तमान सामाजिक समस्याओं के समाधान, युवा पीढ़ी के नैतिक विकास और जिम्मेदार नागरिकता के निर्माण के संदर्भ में नए सिरे से पढ़ने तथा समझने की आवश्यकता है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम गांधीवादी विचारधारा को अकादमिक विमर्श से आगे बढ़ाकर समाज और शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकते हैं।

शिविर में मुख्य रूप से पर्यावरणविद डा विद्या नाथ झा, प्रो शारदा नंद चौधरी, बिकास शुक्ला भोला यादव डा. संजय कुमार सहनी योगेंद्र यादव शोभा शुक्ला राम शंकर झा डा बैद्यनाथ प्रसाद आर बी ठाकुर डा. विजय कुमार हरिदर्शन निवेदन बरकतुल्ला उपेंद्र पासवान ने विचार व्यक्त किए शिविर में कुल 35 प्रतिभागी ने भाग लिए।

चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान की सांस्कृतिक संध्या 10 नवंबर को, कलमजीवियों को मिलेगा सम्मान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान, बिहार के तत्वावधान में भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव-2026 की पूर्व संध्या पर 10 नवंबर, मंगलवार को पटना सिटी स्थित गिरिराज उत्सव पैलेस, बेलवरगंज, पश्चिम दरवाजा में अपराहन दो बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

संस्थान के प्रधान सचिव कमलनयन श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के राजनेता, कवि, कलाकार, पत्रकार, शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं प्रबुद्धजन शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव, विधान पार्षद संजय मयूख, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पटना की महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, विधायक रत्नेश कुशवाहा, पूर्व कुलपति के. सी. सिन्हा,न्यायमूर्ति हेमंत कुमार श्रीवास्तव, ए. के. लाल, अंजनी शरण, निशीथ वर्मा, सदस्य बिहार लोक सेवा आयोग समेत अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले कलमजीवियों को नामित सम्मानों के साथ 'चित्रगुप्त सेवा सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान की स्मारिका 'कलमजीवी' का लोकार्पण भी किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष गणेश कुमार सिन्हा एवं प्रधान सचिव कमलनयन श्रीवास्तव ने लोगों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने और आयोजकों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

खबरें खास-खास

तेजस्वी प्रसाद यादव ने वशिष्ठ नारायण सिंह का हाल-चाल लिया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने वरिष्ठ समाजवादी नेता वशिष्ठ नारायण सिंह का हाल-चाल जानने आईजीएमएस अस्पताल पहुंचे। मालूम हो कि वशिष्ठ नारायण सिंह इधर कुछ दिनों से बीमार है और वो आईजीएमएस में भर्ती हैं। तेजस्वी जी ने डक्टरों से इनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। और उम्मीद जताया कि जल्द से जल्द वो स्वस्थ हो जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष ने चनपटिया के विधायक अभिषेक रंजन की पुत्री का भी हाल-चाल जाना वह भी कुछ दिनों से बीमार हैं और उनका इलाज आईजीएमएस में चल रहा है।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने वरिष्ठ समाजवादी नेता वशिष्ठ नारायण सिंह का हाल-चाल जानने आईजीएमएस अस्पताल पहुंचे।

राजद साथी स्व. प्रिंस रंजन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। वीरचंद पटेल पथ, प्रदेश राजद कार्यालय में सोशलिस्ट स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मधेपुरा के होनहार पीएचडी छात्र और राजद साथी स्व. प्रिंस रंजन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कॉलेज जाते समय अपराधियों द्वारा उनकी सरेआम निर्मम हत्या यह साबित करती है कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से भगवान भरोसे चल रही है। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद सभी राजद कार्यकर्ताओं और छात्र नेताओं ने सरकार के इस घटना पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। राष्ट्रीय जनता दल और सोशलिस्ट स्टूडेंट एसोसिएशन अफ इंडिया स्पष्ट रूप से मांग करता है कि प्रिंस रंजन के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। बिहार में छात्रों और युवाओं का खून बहाने वाले अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा!

आर्म्स के साथ पकड़ा गया अपराधी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं दुर्गा पूजा को लेकर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 16-10. को श्रीकृष्णापुरी थाना अन्तर्गत एसकेपुरी पार्क के पास कुछ अपारधियों की आर्म्स के साथ जुटने एवं घटना कारित करने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु नगर पुलिस अधीक्षक मध्य, पटना के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, सचिवालय, पटना के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। सघन तलाशी व छापेमारी के दौरान पकड़ाये का अभियुक्त का नाम पता पूछने पर आकाश कुमार, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता अमरनाथ चौबे, पता-नेपाली नगर, महाबीर कलोनी, रोड नं0-5बी0, विकास पाण्डेय के मकान में किरायेदार, थाना-राजीव नगर, जिला-पटना स्थायी पता-बाबु बाजार, अनार गलियारा, थाना-टाउन, जिला-भोजपुर बताया गया। सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया। उसके पास से एक पिस्टल, कारतूस-02,मैगजीनः-01 और एक मोबाइल बरामद किया गया है।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने नवरात्र और दुर्गा पूजा की दी बधाई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रदेश के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने नवरात्र और दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि शक्ति की देवी मां दुर्गा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लाएं। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि वे आम लोगों के साथ-साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी शक्ति, साहस और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करें, ताकि वे अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन कर सकें। श्री तिवारी ने कामना की कि मां दुर्गा के आशीर्वाद से समाज में प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना मजबूत हो तथा बिहार शिक्षा और विकास के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ता रहे।



तमिलनाडु राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष के निधन पर राजद नेताओं ने शोक प्रकट की

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डा मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी,डा कांति सिंह,जयप्रकाश नारायण यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनू यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद डा सुरेंद्र प्रसाद यादव, संजय यादव, सुधाकर सिंह,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह,डा तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता , इसराइल मंसूरी,कुमार सर्वजीत , शिवचन्द्र राम,प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधान पार्षद कारी मो शोहैब , नागेंद्र प्रसाद उर्फ रिंकू यादव,प्रदेश राजद नेता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद, डा उर्मिला ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने तमिलनाडु राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष गौरीशंकर यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इनके निधन से पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ है। यह समर्पित, संघर्षशील और दक्षिण भारत में पार्टी को मजबूत बनाने के अभियान में लगे हुए थे। इनकी उम्र 49 वर्ष थी। इस दुख की घड़ी में राष्ट्रीय जनता दल का परिवार उनके परिवार के साथ खड़ा है। ईश्वर से प्रार्थना है की उनके परिवार को सहनशक्ति प्रदान करे।

यूनिटी वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान



मधुबनी / पटना (दैनिक नवसंदेश)। आर्या सर्वांगीण विकास संगठन के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर मधुबनी में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में यूनिटी वर्ल्ड स्कूल, चकभोज, हाजीपुर, वैशाली के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

बच्चों ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति, प्रतिभा और कला से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। विद्यालय की प्राचार्या गीतांजलि चौधरी ने बच्चों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। ऐसी सफलताएँ विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और उन्हें भविष्य में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए प्रेरित करती हैं। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सिद्धेश सदन में 'सिद्धेश्वर की आजाद गजलें' पुस्तक की समीक्षा एवं काव्य गोष्ठी आयोजित

सिद्धेश्वर की आजाद गजलों को पढ़ने पर उनके सशक्त बिंबों और भावपूर्ण अभिव्यक्तियों का परिचय मिलता है : डा. गोरख प्रसाद मस्ताना

पटना (दैनिक नवसंदेश)। साहित्य के प्रत्येक क्षेत्र में नए-नए प्रयोग हो रहे हैं, तो गजल के क्षेत्र में भी ऐसे प्रयोगों का स्वागत किया जाना चाहिए। आजाद गजलों की चर्चा कोई नई बात नहीं है। साहित्य में परंपरा के साथ प्रयोगों का सिलसिला सदैव चलता रहा है। दुष्यंत कुमार ने हिंदी को अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाकर गजल के क्षेत्र में महवपूर्ण योगदान दिया। अदम गोंडवी ने भी अपनी क्रांतिकारी गजलों के माध्यम से सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों पर तीखे प्रहार किए। उनकी प्रसिद्ध पंक्तियाँ हैं' काजू भुने प्लेट में, व्हिस्की गिलास में, उतरा है रामराज विधायक निवास में।' परंपरागत दायरे से बाहर निकलकर लिखी गई गजलों को आरंभ में विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन समय के साथ उनकी प्रासंगिकता और महव स्वीकार किए गए। यदि सिद्धेश्वर अपनी आजाद गजलों के माध्यम से सामाजिक चेतना के स्वर मुखर कर रहे हैं, तो मैं इसका हृदय से स्वागत करता हूँ। उक्त उद्गार विख्यात साहित्यकार एवं वरिष्ठ गीतकार डा. गोरख प्रसाद मस्ताना ने भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तवावधान में सिद्धेश सदन में आयोजित 'सिद्धेश्वर की आजाद गजलें' पुस्तक की समीक्षा-सह-काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। पुस्तक की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सिद्धेश्वर ने आजाद गजलें लिखकर प्रचलित गजल-परंपरा से अलग हटने का प्रयास किया है। उनकी गजलों में बहर की अनिवार्यता नहीं है, जबकि अधिकांश रचनाओं में रदीफ और काफिया का निर्वाह दिखाई देता है। उन्होंने बहर के बंधन से मुक्त होकर भावों को सहजता से व्यक्त करने का प्रयास किया है, ताकि हृदय की बातें सीधे पाठकों और श्रोताओं के हृदय तक पहुँच सकें। आगत अतिथियों का स्वागत तथा अंत में धन्यवाद-ज्ञापन बीना गुप्ता ने किया।



संक्षिप्त खबरें

पीरो में डीएम-एसपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गापूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के संयुक्त नेतृत्व में पीरो बाजार में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में अनुमंडल पदाधिकारी, पीरो, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पीरो, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, पीरो, थानाध्यक्ष, पीरो सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल हुए। इसस दौरान पीरो बाजार स्थित विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया तथा पूजा समितियों को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए प्रवेश एवं निकास के अलग-अलग मार्ग सुनिश्चित करने तथा सभी वॉलंटियर्स को एक समान ड्रेस में रहने का निर्देश दिया गया।इसके साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं तैयार रहने का निर्देश दिया गया।

पट खुलते ही पूजा पंडालों में देवी दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

आरा में चार दिवसीय दशहरा मेला का शुभारंभ

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि को शहर सहित जिले के ग्रामीण इलाकों के पूजा पंडालों में देवी दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पडी। इसके साथ ही चार दिवसीय दशहरा मेला का शुभारंभ हो गया। दशहरा मेला को लेकर शहर तथा ग्रामीण इलाकों के बाजारों में सड़क के दोनों ओर जलेबी, चाट-झोला, चाऊमीन, बर्गर, खिलौने, जूते-चप्पल आदि की दुकानें सज गई है। पूजा को लेकर जहां लोग खरीदारी करते दिखे। पूजा को लेकर शहर के 74 विभिन्न चैक-चैराहों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जहां पुलिस के अफसर व जवान अपनी ड्यूटी में मुस्तैद दिखें। इसके अलावे पुलिस-प्रशासन के वरीय पदाधिकारी इलाके में घूम-घूम कर मॉनिटरिंग करते रहे। शहर के देवी स्थान, चैक आर्य पथ, सिंडिकेट मोड़, नागरी प्रचारिणी मोड़, बाबू बाजार, मठिया मोड़, नाला मोड़, तरी मुहल्ला मोड़, पुरानी पुलिस लाइन समेत अन्य इलाकों के पूजा पंडालों में शनिवार को देवी दुर्गा का पट खुला। हालांकि की शहर के कुछ इलाको में अष्टमी तिथि को देवी दुर्गा के पट खुलेंगे।

'फाइट अगेंस्ट ड्रग्स' के संदेश के साथ निकाली गई राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली



आरा (दैनिक नवसंदेश)। सरदार पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस परेड-2026 के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली शनिवार को भोजपुर जिले में आगमन पर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा रैली में शामिल जवानों से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया गया। 'फाइट अगेंस्ट ड्रग्स' के संदेश के साथ निकाली जा रही यह राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नशामुक्ति, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संदेश दे रही है। जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, 'नशामुक्ति संकल्प' के माध्यम से नागरिकों को स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशे के सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई जा रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी मधेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों/कर्मियों, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए 'नशामुक्ति संकल्प' लिये।

आटा चक्की मिल के चपेट में आने से किशोर जख्मी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी गांव में शनिवार की सुबह आटा चक्की मिल की चपेट में आने से एक किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी नारायणपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी गांव निवासी पिंटू शर्मा का 15 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार है। इधर, जख्मी किशोर के परिजन ने बताया कि वह अपने पिता के साथ आटा चक्की मिल में काम कर रहा था। उसी दौरान उसका हाथ अचानक चक्की में लगे पट्टे में फंस गया और आटा चक्की मिल की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

पुलिस का जुआ के खिलाफ लगातार कड़ा अभियान जारीः पांच गिरफ्तार

पांच बाइक समेत 12,500 रुपये जब्त



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले के गिधा थाने की क्षेत्र के डुमरिया गांव स्थित नहर के पास जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने पांच बाइक, ताश की तीन गड्डियां और 12,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा सिगरेट और माचिस भी जब्त की गई है।इस संबंध में गिधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि डुमरिया गांव के नहर के पास जुआ खेले जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान मौके से पांच व्यक्तियों को पकड़ा गया। पुलिस ने घटनास्थल से जुए में इस्तेमाल की जा रही सामग्री और पांच बाइक जब्त की हैं। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अनिल राय, पिता कृष्णा राय, ग्राम महकमपुरय राज सिंह, पिता सुरेंद्र कुमार, ग्राम शिवनगरय सोनेलाल प्रसाद, पिता शिव कुमार प्रसाद, ग्राम डुमरियाय सूर्यदेव प्रसाद, पिता शिवधारा प्रसाद, ग्राम बीरमपुर और सुनील कुमार, पिता कृष्णा राय, ग्राम दुर्जनचक के रूप में हुई है। सभी भोजपुर जिले के निवासी बताए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में जुआ खेलने वालों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

डेढ़ साल इंतजार के बाद डॉ. अमृतांशु के प्रोफेसर बनने का रास्ता साफ, परिवार में जश्न का माहौल



आरा (दैनिक नवसंदेश)। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के इतिहास विभाग का रिजल्ट घोषित हो गया। शहर के महाराजा कॉलेज में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमृतांशु के प्रोफेसर बनने का रास्ता साफ हो गया। रिजल्ट प्रकाशित होते ही उनके परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबे इंतजार के बाद मिली इस उपलब्धि से घर में उत्सव का माहौल है। परिवार के सदस्य एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। पत्रकार पुष्कर पांडेय के छोटे भाई डॉ.अमृतांशु की इस उपलब्धि से पूरे परिवार में गर्व और प्रसन्नता का माहौल है। वे सेवानिवृत्त प्रो. स्व. श्रीनिवास पांडेय के छोटे पुत्र हैं। उनकी सफलता को परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है। डॉ. अमृतांशु ने अपनी सफलता पर कहा कि कठिन परिश्रम, सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास के बल पर जीवन में किसी भी बेहतर मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि ने युवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का संदेश दिया है। मूल रूप से रोहतास जिले के मोरैना गांव के निवासी डॉ. अमृतांशु वर्तमान में आरा शहर के ज्वाला फ्लैट में रहते हैं। उनकी उपलब्धि पर परिवार की अगली पीढ़ी भी बेहद उत्साहित है।

रिटायर कस्टम अधिकारी के परिजनों से मिले सूबे के मंत्री और बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति





आरा (दैनिक नवसंदेश)। रिटायर कस्टम अधिकारी व क्षत्रिय कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिंह के परिजनों से मिलने का नेताओं व गणमान्य लोगों के मिलने का सिलसिला आज भी जारी रहा। बिहार सरकार के मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा एवं बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह समेत अन्य नेताओं ने दिवंगत रामकुमार सिंह के परिजनों से मुलाकात की। इस मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान बिहार सरकार के मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि किसी भी हाल में कोई भी अपराधी बक्सा नहीं जाएगा। दोषी के खिलाफ सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। वही बिहार विधानसभा के पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि अहले सुबह ही किसी को मार दिया जाए या कोई मामूली घटना नहीं है। परिजनों को न्याय मिलेगा। इस संबंध में सरकार से बातचीत हुई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अपराधियों में भय होगा। सरकार इसी ओर कार्य कर रही है। जमीन के मामले में हत्या हो रही है। इसको लेकर सरकार की ओर से पहल जरूर होनी चाहिए। ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

सप्तमी तिथि को मां आरण्य देवी के दर्शन के लिए उमड़ी आस्था की भीड़

हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने माता के दरबार में टेका मत्था





आरा (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को देवी दुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। सप्तमी तिथि को पूजन करने के लिए पूजा पंडालों एवं मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन एवं दर्शन को लेकर शनिवार की अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने माता के दरबार में माथा टेक कर पूजा-अर्चना की। इसके पूर्व मां आरण्य देवी के मंदिर में कोलकाता के सुप्रसिद्ध फूल-श्रृंगार के कारीगर द्वारा आकर्षक सजावट एवं माता का श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात शनिवार की सुबह साढे. 4 बजे मंगला आरती हुई, जिसमें मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य एवं मारवाड़ी समाज के लोग सहित सैकड़ों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए। मंगला आरती के पश्चात भक्तो के बेसन से निर्मित बुंदिया का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भक्तों ने मंदिर निर्माण को लेकर दिल खोलकर दान व सहयोग किया।

अष्टमी, नवमी एवं दशमी को मंदिर में भक्तों का प्रवेश भैरव बाबा के बगल वाली गली से होगा

मंदिर का मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में करेगा कार्य करेगा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मां आरण्य देवी की मूर्ति एवं पुरे मंदिर परिसर को फुलो से आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। वही माता का भी भव्य श्रृंगार किया गया है। जो श्रद्धालुओ को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। मां की दर्शन के लिए भैरव बाबा के मंदिर से भक्तों को प्रवेश कराया जा रहा था। दर्शन के उपरांत भक्तों को मुख्य द्वार से निकाला जा रहा था। पुलिस-प्रशासन की टीम, मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी, स्टाफ एवं स्थानीय वोलिंटियर लोगों को कतारबद्व कराकर मां आरण्य देवी के दर्शन करा रहे थे। मां के भक्ति गीतों से पूरा माहौल गुंजायमान हो गया। भक्त आरण्य देवी मैया की जय, सच्चे दरबार की जय के जयकारे लगा रहे थे। अष्टमी, नवमी तिथि को मां के मंदिर में भक्तों एवं श्रद्धालुओं का प्रवेश भैरव बाबा मंदिर के ठीक बगल वाले रास्ते से होगा। देवी दर्शन के उपरांत भक्तो का निकास मुख्य द्वार से होगा। भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में महिला-पुरुष भक्तों को नारियल फोडने एवं दीप-अगरबत्ती जलाने की सख्त मनाही है।

कुंवर सिंह पार्क में खुला शहर का सबसे खूबसूरत कैफे 'द पीपल लीफ'

महंत अयोध्या नाथ व डीएफओ ने किया उद्घाटन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। वीर कुंवर सिंह पार्क में ग्रैंड पीपल ग्रुप द्वारा बनाए गए 'द पीपल लीफ कैफे' का शुभारंभ किया गया। हरियाली और शांत वातावरण के बीच बने इस कैफे का उद्घाटन डीएफओ प्रद्युम्न गौरव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री त्रिदंडी देव समाधि स्थल मंदिर चरित्रवन बक्सर एवं श्री हनुमान मंदिर बड़ी मठिया, आरा के महंथ अयोध्या नाथ स्वामी ने मंगलानुशासन से हुई, उद्घाटन के बाद डीएफओ प्रद्युम्न गौरव ने कहा कि वीर कुंवर सिंह पार्क शहर की धरोहर है और यहां कैफे खुलने से पार्क की सुंदरता और उपयोगिता दोनों बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ह्लहरियाली के बीच लोगों को एक साफ-सुथरा और शांत स्थान मिलेगा, जहां वे परिवार के साथ समय बिता सकेंगे। हमारी कोशिश है कि पार्क को और अधिक हरा-भरा, स्वच्छ और आकर्षक बनाया जाए। लोगों से भी अपील है कि वे पार्क की स्वच्छता और हरियाली को बनाए रखने में सहयोग करें। डीएफओ ने कहा कि इस तरह की पहल से पार्क में लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और शहर में एक सकारात्मक माहौल बनेगा। उद्घाटन समारोह में पद्मश्री भीम सिंह ह्यभवेशह्य, अरूण सिंह, बिट्टू सिंह (दिव्यानंद), शमसुद्दीन, मुकेश सिंह एवं शहर के अनेक गणमान्य लोग, समाजसेवी, युवा और महिलाएं मौजूद थे। सभी ने इस नई पहल की सराहना की और कहा कि कैफे के खुलने से पार्क की रौनक और बढ़ जाएगी।

कैफे में पारंपरिक और आधुनिक शैली का सुंदर मेल

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के बीचोबीच, पार्क के अंदर स्थित यह कैफे सिर्फ चाय-कॉफी की जगह ही नहीं, बल्कि लजीज व्यंजनों के साथ प्रकृति के साथ समय बिताने का एक नया अनुभव है। यहां परिवार के साथ बैठकर सुबह-शाम की चाय, दोस्तों के साथ गपशप और शांत माहौल में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया जा सकता है।

मां देवी के दर्शन एवं पूजा अर्चना को लेकर बढी चहल-पहल

भक्ति गीतों में वैदिक मंत्र उच्चारण से भक्ति में हुआ माहौल



अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र के सप्तमी दिन देवी माता पट खुलते ही बाजारों में देवी दर्शन एवं पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमर पड़ी। भक्ति गीतों एवं मंत्रोच्चारण से पूरा माहौल भक्ति में रहा। मा देवी की प्रतिमा स्थापित होने वाले गांव एवं बाजारों में भी भीड़ होने के कारण मेले का नजारा देखने को मिला। बाजारों में पूजा की समाग्री की खरीदारी को लेकर भीड भाड़ वैदिक मंत्रोंचारण से भक्ति में माहौल बना हुआ है। अगिआंव के नारायणपुर बाजार बड़गांव बेरथ पावना नोनउर मड़नपुर के पूजा पंडाल व रग बिरगी रौशनी से सजाया गया है। देवी दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं व पूजा पंडाल के सुरक्षा के लिए पूजा समिति के सदस्य लगे हुए है। प्रशासन दौरा पूजा पंडाल मे सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिए गए है। नारायणपुर पूजा समिति के समाजसेवी श्री भगवान सिंह ने बताया कि हर साल की भांति विशेष रूप से पंडाल निर्माण के साथ-साथ देवी मां की सजावट भी की गई है। पूजा समिति में शामिल संजीव कुमार सिंह भजेन्दर सिंह मिथिलेश कुमार सिंह सत्येंद्र सिंह उर्फ चोखा सिंह विशाल, कुकु, समस्त और सदस्यों ने बताया कि देवी दर्शन से लेकर कार्यक्रम तक श्रद्धालुओं की इसके लिए दर्शन में कोई समस्या ना हो व कार्यक्रम में कोई समस्या न पहुंचे इसके लिए विशेष रूप से कार्यकर्ता लगे हुए।

दुर्गा पूजा पर महिलाओं को विशेष उपहार, पिंक टॉयलेट का हुआ उद्घाटन

महापौर इंदु देवी ने महिलाओं को पिंक टायलेट की दी सौगात



आरा (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर महिलाओं की सुविधा, स्वच्छता और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी ने शहर की महिलाओं को पिंक टॉयलेट की सौगात दी। शनिवार को महापौर इंदु देवी ने पिंक टॉयलेट का उद्घाटन कर इसे महिलाओं को समर्पित किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर में आने वाली महिलाओं, बहन-बेटियों और श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना है। दुर्गा पूजा सहित अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान शहर में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह सुविधा काफी उपयोगी साबित होगी। साथ ही, परीक्षा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए शहर आने वाली महिलाओं बहन बेटियों को भी इससे सहूलियत मिलेगी। महिलाओं की सुविधा और सम्मान सर्वोपरि है। महापौर इंदु देवी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान, उनकी सुविधा और स्वच्छता आरा नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। नगर निगम का निरंतर प्रयास है कि शहर आने वाली किसी भी महिला या बहन-बेटी को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशानी का सामना नही करना पड़े। पिंक टॉयलेट की यह पहल महिलाओं के लिए बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, उन्होंने कहा कि आरा नगर निगम शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। आने वाले पर्व-त्योहारों को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर निगम के स्वच्छता प्रभारी विकास कुमार सहित अमन कुमार, अजीत कुमार, विवेक कुमार, दिनेश कुमार, विक्की कुमार, प्रियंका देवी, सरिता देवी, मोहनी देवी, प्रभावती देवी एवं नगर निगम के अन्य कर्मी उपस्थित रहें।

पट खुलते माई मुस्कईली कि मूरती में आई गईले जान ...



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पट खुलते माई मुस्कईली कि मूरती में आई गईले जान हो कि बोले लगली माई दुरगा ... सचमुच यहां पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाएं पट खुलने के बाद जीवंत हो उठी हैं। मां दुर्गा के दर्शन के लिए पंडालों में भक्तजनों की भीड उमडने लगी है। लोग माता के मोहक रुप का दर्शन कर भाव विभोर हो रहे हैं। लोगों का सर्वाधिक आकर्षण मां पीटन देवी के प्रति देखी जा रही है। वैसे तो यहां नवरात्र के पहले दिन से ही दर्शन-पूजन के लिए भक्तजनों की लंबी कतार लग रही है पर सोमवार को सप्तमी तिथि माता के दिव्य रुप के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का हुजूम उमड पडा। इस बार यहां शिव क्लब, युवा शक्ति क्लब, विद्यार्थी क्लब, नवजागरण दुर्गा पूजा समिति, ओम नवयुवक संघ, हिन्द नवयुवक संघ, महादेव क्लब, भवानी क्लब सहित कई अन्य पूजा समितियों द्वारा भव्य व विशाल पंडाल के साथ-साथ मां दुर्गा की दिव्य व मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। ये प्रतिमाएं भक्तजनों को बरबस आकर्षित कर रही हैं। पूजा समितियों द्वारा पूरे शहर को बिजली-बती से सजाकर आकर्षण रुप प्रदान किया गया है। कई पूजा पंडालों में देशभक्ति पर आधारित झांकी भी प्रस्तुत की गई है जो भक्तजनों को आकर्षित कर रही हैं। नया बस पडाव में युवा शक्ति क्लब व ज्वाला मार्केट स्थित शिव क्लब का विशाल पंडाल लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है। वहीं भवानी ओम नवयुवक संघ, महादेव क्लब के पंडाल भी कमतर नहीं हैं। महादेव क्लब द्वारा इब्राहिमपुर मोड पर श्रीपद्मनाभ मंदिर के माडल का भव्य पंडाल की एक झलक पाने के लिए लोग उमड रहे हैं।

पूजा को लेकर चांदी में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

शांति व्यवस्था बनाए रखने का दिया संदेश



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चांदी थाने की पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च चांदी थाना परिसर से शुरू होकर चांदी चैक, रामजानकी मंदिर होते हुए कुल्हड़िया रोड के रास्ते नरही गांव तक पहुंचा। इसके बाद पुलिस टीम वापस नरबीरपुर गांव होते हुए चांदी चैक पहुंची और संदेश रोड की ओर फ्लैग मार्च करते हुए देर शाम चांदी थाना परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने विभिन्न इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर चांदी थानाध्यक्ष सुनीत कुमार सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

नगर और नवादा थाना के अधिकारियों के साथ एसपी ने की बैठक

आरा (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए शनिवार को एसपी अवधेश दीक्षित द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में नवादा थाना और नगर थाना के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई। बैठक में क्रॉस मोबाइल और डायल 112 की पेट्रोलिंग को चुस्त-दुरुस्त रखने तथा दोनों थानों के सभी टीओपी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी तरह मुस्तैद रहने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए महापर्व को पूरी तरह सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

भोजपुर डीईओ ने किया 'आरोही' के प्रवेशांक तथा 'उद्गम' के 18वें एवं 19वें अंक का विमोचन



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। जिला शिक्षा विभाग, भोजपुर द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'उद्गम' के 18वें व 19वें संयुक्तांक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की पत्रिका ह्यआरोहीह्य के प्रवेशांक का विमोचन शुक्रवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र कुमार राय ने जिला शिक्षा कार्यालय के सभागार में किया। इस बार की ह्यउद्गमह्य पत्रिका स्वतंत्रता दिवस एवं शिक्षक दिवस पर आधारित है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) नाजिश अली सहित 'आरोही' एवं 'उद्गम' की संपादकीय टीम उपस्थित थी। विमोचन के बाद डीईओ मानवेन्द्र कुमार राय एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) नाजिश अली ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में भोजपुर सहित बिहार का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसकी जानकारी बच्चों एवं शिक्षकों को दिए जाने के उद्देश्य से इस अंक का प्रकाशन किया गया है। इसमें शिक्षा एवं शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों एवं प्रमुख आयामों पर भी आलेख प्रकाशित किए गए हैं। ह्यआरोहीह्य कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की गृह पत्रिका है, जिसमें कस्तूरबा विद्यालय के ही छात्राओं, वार्डेन एवं शिक्षिकाओं के लिखे आलेख, अनुभव एवं फीचर प्रकाशित किए गए हैं। ह्यआरोहीह्य कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों को समर्पित पहली पत्रिका है। भोजपुर जिला शिक्षा विभाग ने इसे पहली बार प्रकाशित किया है तथा इसे हर तीसरे माह प्रकाशित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि भोजपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों से प्राप्त रचनाओं एवं प्रकाशन सामग्री का संकलन कर पत्रिका तैयार की जाती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा कार्यालय के प्रीतम कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, रेणु तथा आरोही एवं उद्गम टीम के सदस्य वरिष्ठ पत्रकार एवं पुस्तकालयाध्यक्ष शंभु शरण सिंह, हिमांशु मिश्रा, नीरज कुमार सिंह, प्रीति पुतुल, प्रीती श्रीवास्तव एवं दीपाली शर्मा सहित कई शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

दरभंगा में दुर्गा पूजा की धूम, मां का पट खुलते ही उमड़े श्रद्धालु



बाजार समिति में रामेश्वरम का स्वरूप।

बाजार समिति में रामेश्वरम तो लक्ष्मीसागर में नेपाल चीन बॉर्डर का बना स्वरूप



लक्ष्मीसागर में चीन नेपाल बॉर्डर का बना स्वरूप।

दरभंगा (एनएसबी)। जिले में दुर्गा पूजा बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है। इस साल पूरे जिले में 450 स्थान पर दुर्गा पूजा का सामूहिक आयोजन हो रहा है। केवल दरभंगा शहर में 50 से अधिक स्थानों पर भव्य पंडाल बनाकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है।

खासकर हसन चौक पर केरला के थीम पर लाखों रुपए की लागत से बना पंडाल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जबकि बाजार समिति में इस बार रामेश्वरम मंदिर के स्वरूप में पंडाल का निर्माण किया गया है जो काफी आकर्षित कर रहा है। वही लक्ष्मीसागर साधुगाछी में नेपाल चीन बॉर्डर पर जिस जगह पिछले दिनों त्रासदी आया था उसी बॉर्डर का स्वरूप देकर पंडाल का निर्माण किया गया है। वहीँ कादिराबाद में भव्य पंडाल के अलावा श्याम खाटू मंदिर का स्वरुप बनाया गया है जो आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर विभिन्न तरह के पंडाल के भीतर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। इधर मनिगाछी प्रखंड के सिद्धपीठ वाणेश्वरी भगवती स्थान में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। जिसको देखने हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। मंदिर परिसर को काफी खूबसूरत सजाया गया है। यहां सालों भर पूजा करने के लिए श्रद्धालु आते हैं लेकिन दुर्गा पूजा में सबसे अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा जिले के अन्य सिद्ध पीठ स्थलों एवं दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ करने लगी है। रविवार को अष्टमी की तिथि है और इसी रात निशा पूजा का आयोजन भी होगा। रविवार की रात और सोमवार की रात श्रद्धालुओं की अपार भीड़ दुर्गा मंदिरों में देखने को मिलेगा।



वानेश्वरी भगवती स्थान में महाआरती करते श्रद्धालु।

संक्षिप्त खबरें

मां दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



सनहपुर मे बनी मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सप्तमी को मां दुर्गा के पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओ की भीड उमड पडी। खोईचा भरने के लिए महिलाओ की लम्बी, लम्बी कतारे लग गई। पुजा पंडाल में लगे कुलर पंखा का हवा भी श्रद्धालुओ के भीड के आगे कम पर रही है। भरवाड़ा नगर पंचायत, सनहपुर, कलिगांव, सिंहवाड़ा, सिमरी, सढवाड़ा, माधोपुर आदि गांव में शनिवार को मां दुर्गा का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड उमड पड़ी। सुबह से ही महिलाये खोईंच भरने के लिए कतारबद्ध होकर मंदिर परिसर में खड़ी हो गई। भीड को नियंत्रित करने के लिए महिला पुलिस की तैनाती की गई है। थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने पुजा पंडालो में पहुंच कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। सनहपुर स्थित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की आकर्षक बनी प्रतिमा की दर्शन कर श्रद्धालुओ आनंदमय हो रहे थे। मौके पर अध्यक्ष गुणानन्द मिश्र, उपाध्यक्ष प्रमोद बैठा, कोषाध्यक्ष सुंदर मिश्र, सचिव रामबालक महतो, उप सचिव इन्द्रजीत भगत, संयोजक अजय झा, धीरेंद्र मोहन मिश्र,गुड्डू चौरसिया, जयचंद साह,हीरा भगत आदि पुजा कमिटी के सदस्य श्रद्धालुओ की देखरेख में लगे हुए थे। पुजा पंडाल भक्ती गीतो से गुंजायमान हो रहा है।

महिया में नव दुर्गा की प्रतिमा स्थापित, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर



मां दुर्गा का पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

तारडीह (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के महिया गांव स्थित हजारों वर्ष पुराने दुर्गा स्थान परिसर में नवनिर्मित मंदिर में नव दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। प्रतिमा स्थापना को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।प्रतिमा स्थापना के दौरान पंडित राधेश्याम झा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। अनुष्ठान में यजमान के रूप में आदित्यनाथ ठाकुर और उनकी धर्मपत्नी शीला देवी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।इस धार्मिक आयोजन को लेकर महिया गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भी उत्साह का माहौल रहा। मंदिर परिसर में जुटे हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति और जय माता दी के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

सद्भाव, सांस्कृतिक एकता तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश देता है दुर्गा पूजा: डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला



उद्घाटन करते डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला, संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह एवं अन्य

दरभंगा (एनएसबी)। शास्त्री चौक के निकट स्थित होटल इवारा में बीती रात भव्य गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ होटल इवारा के व्यवस्थापक, समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला, हरिशन प्लाजा के निदेशक संगीत झा, आशुतोष कुमार उर्फ आसू, वरिष्ठ पत्रकार गुंजन कुमार तथा भाजपा के पूर्वी दरभंगा जिला महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता अपने पूरे परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला ने नवरात्र के नौ दिनों की आराधना के बाद मनाए जाने वाले विजयादशमी पर्व के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिनंदन करते हुए आपसी सद्भाव, सांस्कृतिक एकता तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया। डॉ. शुक्ला ने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, ठाकुर जी ज्वेलर्स की ओर से प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया गया। होटल इवारा के जनरल मैनेजर आशुतोष ठाकुर ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपील की।

माँ दुर्गा की उपासना हमें शक्ति, साहस, भक्ति व धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है : डॉ. धर्मशीला गुप्ता

दरभंगा (एनएसबी)। राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने दरभंगा के लहेरियासराय स्थित बेंता चौक, अयाची नगर में श्री श्री 108 सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा में सम्मिलित होकर माँ दुर्गा की विधिवत आराधना की तथा उनका दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस पावन अवसर पर उन्होंने माँ भगवती से समस्त देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कामना की कि माँ दुर्गा की असीम कृपा, शक्ति और आशीर्वाद से जन-जन का जीवन सुख-समृद्धि, सकारात्मकता, सद्भाव एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो। डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि माँ दुर्गा की उपासना हमें शक्ति, साहस, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ऐसे धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज में आस्था, एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान उन्होंने कलश यात्रा में शामिल बच्चियों को भोजन स्वयं परोसकर करवाया।



कलश यात्रा में शामिल बच्चियों को भोजन परोसती डॉ. धर्मशीला गुप्ता।

■ राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कलश यात्रा में सम्मिलित होकर माँ दुर्गा की आराधना की

विधान पार्षद सुनील चौधरी ने एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चलाया अभियान



लोगों से मिलते विधान पार्षद सुनील चौधरी।

दरभंगा (एनएसबी)। विधान पार्षद सुनील चौधरी ने दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी सर्वेश कुमार एवं दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी घनश्याम राय के पक्ष में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं से मुलाकात कर दोनों प्रत्याशियों के पक्ष में प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की।जनसंपर्क अभियान के दौरान सुनील चौधरी ने स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से संवाद स्थापित किया और चुनाव में उनकी सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसमें मतदाताओं की जागरूकता और सहभागिता की अहम भूमिका होती है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी मतदाता अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करें और चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाएं।विधान पार्षद सुनील चौधरी ने मतदाताओं से अपील की कि वे प्रथम वरीयता का मत देकर दोनों एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

आसुरी शक्तियों के विनाश के देवी दुर्गा की पूजा आवश्यक : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

दरभंगा (एनएसबी)। धर्म के आचरण से मन से नकारात्मक विचारों का नाश होता है तथा रचनात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। देवी दुर्गा इस सृष्टि के सृजन की प्रतीक मानी गयी है। ऐसी मान्यता है कि जब सृष्टि पर आसुरी शक्तियों से खतरा उत्पन्न हुआ है तब देवी दुर्गा किसी न किसी रूप में धरती पर अवतरित होकर समाज में धर्म के आवरण को मजबूत करती है।

दरभंगा के लोग आदि शक्ति के उपासक माने जाते हैं इसलिए यहां देवी दुर्गा की आराधना का खास महत्व है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन एवं पूजा करने के बाद उपरोक्त उदगार व्यक्त किए।पुजा तथा दर्शन के क्रम में सांसद डा ठाकुर ने मां भगवती से समस्त मिथिलावासियों एवं बिहारवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने दुर्गापूजा को आस्था, श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सद्भाव का महापर्व बताते हुए कहा कि मां दुर्गा की आराधना हमें शक्ति, साहस, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।



पूजा अर्चना करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

यह पर्व समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। इस मौके पर सांसद डा ठाकुर ने पूजा समितियों के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं से पर्व को श्रद्धा, उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की कृपा से दरभंगा सहित संपूर्ण मिथिला क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो तथा समाज में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे।

श्यामा मंदिर के पूर्वी द्वार में किया गया पार्किंग की व्यवस्था

दरभंगा (एनएसबी)। मां श्यामा मंदिर में विश्वविद्यालय थाना द्वार से सभी दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहन जाने आने की व्यवस्था थी। अब नवरात्र को लेकर कटहलबाड़ी रोड में भीड़ के मद्देनजर विश्वविद्यालय थाना के प्रस्ताव पर मां श्यामा मंदिर न्यास समिति के सचिव सह जिलाधिकारी के आदेश पर मां श्यामा मंदिर का पूर्वी द्वार भी मां श्यामा मंदिर में आनेवाले श्रद्धालुओं सहित कटहलबाड़ी दुर्गा पूजा या लक्ष्मीसागर स्थित दुर्गा पूजा के दर्शनार्थियों के वाहन पार्क हेतु शनिवार से खोल दिया गया। यह द्वार विजयादशमी के दिन मंगलवार तक खुला रहेगा। इस परिसर में अब दो पहिया, तीन पहिया और चार प वाहन, सैंकड़ों की संख्या में लग सकता है, जिससे कटहलवाड़ी सड़क पर जाम से मुक्ति मिल सकेगा।

नवरात्रि में माँ की आराधना से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का होता है प्रवाह : कुमार कपिलेश्वर सिंह

दरभंगा राज परिवार के कुमार कपिलेश्वर सिंह एवं रानी कविता सिंह ने किया हसनचौक दुर्गा पंडाल में माँ दुर्गा के पट का उद्घाटन



कुमार कपिलेश्वर सिंह, रानी कविता सिंह, राहुल मिश्रा व अन्य।



मां दुर्गा के पट का शुभारंभ करते कुमार कपिलेश्वर सिंह एवं रानी कविता।

दरभंगा (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर राज दरभंगा, कामेश्वर धार्मिक ट्रस्ट के ट्रस्टी कुमार कपिलेश्वर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी रानी कविता सिंह द्वारा नवरंग सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, हसनचौक के पंडाल में दीप प्रज्ज्वलित कर माँ दुर्गा के पट का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नवरंग सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल,सचिव वरुण त्रिगुणायत, महासचिव राकेश दास सहित सभी सदस्यों द्वारा ट्रस्टी दंपत्ति कुमार कपिलेश्वर सिंह एवं रानी कविता सिंह को मिथिला परंपरा के अनुसार अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर ट्रस्टी कुमार कपिलेश्वर सिंह ने कहा कि माँ दुर्गा शक्ति, भक्ति एवं समृद्धि की प्रतीक हैं। नवरात्रि में माँ की आराधना से समाज में सुख-शांति और भाईचारा बना रहता है तथा चहुँ ओर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। हमारा परिवार हमेशा से धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका में रहा है। राज दरभंगा ने हमेशा धर्म को सर्वोपरि रखा है एवं धर्म के संरक्षण को लेकर कई ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। धर्म महामण्डल के अध्यक्ष महान साधक महाराजा रमेश्वर सिंह जी ने राजनगर में भव्य दुर्गा पूजा को संस्थागत रूप दिया, वहीं संविधान सभा के सदस्य राज्यसभा सांसद महाराजाधिराज डॉ. कामेश्वर सिंह जी ने दरभंगा में माधवेश्वर परिसर स्थित माँ रमेश्वरी श्यामा माई सहित सैकड़ों मंदिरों का निर्माण करवाया, जो आज भी मिथिला एवं देश भर में आस्था और संस्कृति के केंद्र हैं। इस अवसर पर डॉ. हेमपति झा पूर्व विभागाध्यक्ष, मारवाड़ी महाविद्यालय राज दरभंगा के मुख्य प्रबंधक आशुतोष दत्ता, अमरकांत झा, प्रियांशु झा,संतोष सिंह, बबलू त्रिगुणायत, प्रियंका झा, अनीस श्रीवास्तव , राजू मंडल सपना भारती सहित नवरंग सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

शारदीय नवरात्र के दौरान दर्जनों पंडित की उपस्थिति में विभिन्न देवी देवताओं का हो रहा पाठ



पूजा पंडाल में माता रानी।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के परसौनी स्थित बलि लाल झा तालाब के भिंडा पर अवस्थित शिव दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को मां भगवती कालरात्रि की पूजा अर्चना श्रद्धा पूर्ण वातावरण में की गई. नव पत्रिका प्रवेश के साथ माता का नेत्र परते ही पट खुल गया. सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उम्र पड़ी. भक्तों ने माता के दर्शन कर सुख समृद्धि और परिवार के मंगल कामना की. मंदिरों में मंत्र उच्चारण, दुर्गा सप्तशती पाठ और आरती से वातावरण भक्तिमय में बना रहा.पंडितों ने बताया कि मां दुर्गा के सातवे स्वरूप मां कालरात्रि की महिमा बनाते हुए कहा कि देवी का यह स्वरूप आध्यात्मिक दृष्टिकोण से अंधकार अज्ञान और भय के नाश तथा आंतरिक परिवर्तन का प्रतीक है. मां कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत उग्र माना गया है. लेकिन वह अपने भक्तों को शुभ फल प्रदान करने के कारण शुभमकरी भी कहलाती है. कालरात्रि की आराधना से नकारात्मक और भय से मुक्ति मिलती है. मान्यता है कि इनकी उपासना करने से शनि की साढे सती ढैया और प्रतिकूल प्रभावों से राहत की कामना से भी जोड़ा जाता है. मौके पर समिति अध्यक्ष के अध्यक्ष इंद्र मोहन झा, सचिव बसंत झा, कोषाध्यक्ष मुरली झा, अखिलेश कुमार झा, मुकेश झा, सुभाष चंद्र झा, सहित कई लोग शामिल थे।

मां से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की विधायक



विधायक ने की माता रानी की दर्शन।

खजौली (एनएसबी)। शनिवार को शारदीय नवरात्र की सप्तमी को मां दुर्गा का पट खुलते ही श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र की विधायक मीना कामत ने खजौली प्रखंड के विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए। उन्होंने मां से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक ने विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर पूजा आयोजन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पूजा पंडालों में पहुंचकर धार्मिक आयोजन का जायजा भी लिया। मां दुर्गा का पट खुलने के साथ ही विभिन्न पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। नवरात्र को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस मौके पर बिंदु कामत, कारी ठाकुर, अरविंद पासवान, महेंद्र कामत,राम वृक्ष सिंह, अमरेश जयसवाल, मुखिया जय प्रकाश मंडल,दिनेश सिंह, नवीन चौधरी, डा. पवन सिंह, हरिओम सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

सौराठ स्थित दुर्गा मंदिर में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने की पूजा-अर्चना, मिथिला के वैभव की पुनर्स्थापना की कामना



पूजा अर्चना करते संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष।

मधुबनी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर माँ भगवती के पट खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल है। इसी क्रम में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने सौराठ स्थित दुर्गा मंदिर में पहुँचकर माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री झा ने माँ भगवती से मिथिला सहित समस्त बिहारवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि मिथिला की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक वैभव को पुनः स्थापित करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। माँ भगवती की कृपा से मिथिला में सुख-समृद्धि आए और विकास की नई संभावनाएँ साकार हों। श्री झा ने कहा कि मिथिला के सभी क्षेत्रों के समग्र विकास में सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय लोगों की सक्रिय सहभागिता भी आवश्यक है। जनभागीदारी ही मिथिला के नवजागरण और सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार है। जब समाज और सरकार मिलकर कार्य करेंगे, तभी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मिथिला माता जानकी की पावन धरती है और इसकी धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं में माँ पार्वती की उपासना का भी विशेष महत्व है।

कमालाबाड़ी में आपसी रिश्तेदार चाचा-भतीजा के बीच विवाद में गोली मारकर हुई हत्या

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 17 अक्टूबर की सुबह जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कमलाबाड़ी बोठ में कुएं पर दो पक्षों (आपसी रिश्तेदार-चाचा एवं भतीजा) के मध्य विवाद एवं गाली-गलौज हुई। विवाद बढ़ने पर मुख्य अभियुक्त भतीजा रामशुभत सिंह (उम्र 45 वर्ष), पे०-रामउद्गार सिंह, सा०- कमलाबाड़ी बोठ के द्वारा अपने चाचा रामचंद्र सिंह (उम्र 65 वर्ष), पे०-स्व० रामजी महतो, सा०- कमलाबाड़ी बोठ पर गोली चला दी गई, जो उनके कंधे में जा लगी। घायल को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), मधुबनी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर, थानाध्यक्ष जयनगर एवं ऋछ की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं मृतक के परिजनों से मिले।

डीएम की अपील—श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाएं दुर्गा पूजा, सुरक्षा निर्देशों का करें पालन

अफवाहों से बचें व प्रशासन का करें सहयोग



जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

मधुबनी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ का प्रभावी प्रबंधन तथा विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने के निमित्त जिला पदाधिकारी, मधुबनी ने व्यापक एवं समन्वित तैयारी की है। सप्तमी से माता का पट खुलने के साथ ही पूजा-पंडालों एवं देवी दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। एक ओर चेतना रथ के माध्यम से आपदा प्रबंधन विभाग की मार्गदर्शिका के अनुरूप आम नागरिकों को आवश्यक सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर 177 आपदा मित्रों सहित पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी तत्परता, सजगता और सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए दुर्गा पूजा का शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि श्रद्धालु पूरी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सकें तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, भगदड़, अग्निकांड अथवा अन्य आपातकालीन स्थिति की आशंका को न्यूनतम किया जा सके। इसी उद्देश्य से सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ जन-जागरूकता अभियान को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

10 चेतना रथ से सुरक्षा उपायों का हो रहा व्यापक प्रचार-प्रसार

दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ प्रबंधन एवं आपदा से बचाव के उपायों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए 10 की संख्या मे एलईडी युक्त ऑडियो-वीडियो चेतना रथ संचालित किए गये हैं। इस संबंध मे जानकारी देते हुए एडीएमओ श्री रजनीश कुमार ने बताया कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक ये वाहन महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों, बाजारों, हाटों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक संदेशों का प्रसार कर रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों को भीड़ में सुरक्षित रहने, भगदड़ से बचाव, अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकास तथा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता के उद्देश्य से पंपलेट का वितरण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी एलईडी चेतना रथों पर दो-दो आपदा मित्रों की तैनाती की गई है। आपदा मित्र आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षित व्यवहार, प्राथमिक सहायता तथा सुरक्षित निकास मार्गों के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। इसका उद्देश्य संभावित जोखिमों के प्रति लोगों को पहले से जागरूक करना और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।

संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता, आपदा मित्रों की अहम भूमिका

जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार आपदा मित्रों को पूजा-पंडालों, प्रवेश एवं निकास द्वारों, प्रतिमा विसर्जन स्थलों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। वे स्थानीय प्रशासन, पुलिस बल एवं पूजा आयोजन समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर भीड़ प्रबंधन में सहयोग करेंगे। किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है कि पूजा-पंडालों में प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था सुचारु रहे, श्रद्धालुओं की आवाजाही नियंत्रित ढंग से हो तथा किसी भी परिस्थिति में अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने पाए। अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास और भीड़ नियंत्रण से संबंधित निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को सजग रहने का निर्देश दिया गया है।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी, तालाब एवं अन्य जलाशयों में डूबने की घटनाओं की रोकथाम के लिए भी आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। श्रद्धालुओं से अपील की जा रही है कि वे निर्धारित विसर्जन स्थलों एवं मार्गों का ही उपयोग करें और गहरे पानी में जाने से बचें। बच्चों को जलस्रोतों के निकट अकेला नहीं छोड़ें तथा प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेडिंग, नावों और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं से संबंधित निदेर्शों की अनदेखी न करें। विसर्जन के दौरान संयम एवं सतर्कता बरतना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

डीएम की आमजनों से अपील—सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और प्रशासन का सहयोग करें

जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे दुर्गा पूजा का पर्व श्रद्धा, उल्लास, शांति एवं सौहार्द के वातावरण में मनाएं तथा अपनी और दूसरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। पूजा-पंडालों में प्रवेश एवं निकास के लिए निर्धारित मार्गों का उपयोग करें, धक्का-मुक्की से बचें और भीड़ में धैर्य बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा बिना पुष्टि के किसी सूचना को प्रसारित न करें। उन्होंने अभिभावकों से विशेष रूप से आग्रह किया है कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपने बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें और उन्हें अकेला न छोड़ें। किसी संदिग्ध वस्तु, असामान्य गतिविधि या आपात स्थिति की जानकारी मिलने पर तत्काल निकटतम पुलिसकर्मी, प्रशासनिक पदाधिकारी अथवा आपदा मित्र को सूचित करें। अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करें और प्रशासन की ओर से की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं में सहयोग दें। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्धारित समय पर अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने तथा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को अलर्ट एवं एक्टिव मोड में रहते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया है।

डीएम एसएसपी की महत्वपूर्ण पहल

दुर्गा पूजा के अवसर पर यातायात व्यवस्था के कुशल प्रबंधन व सुचारु संचालन हेतु विशेष ट्रैफिक प्लान जारी

मधुबनी (एनएसबी)। आगामी दुर्गा पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा शहर में यातायात व्यवस्था के कुशल एवं सुदृढ़ प्रबंधन को लेकर यातायात पुलिस, मधुबनी द्वारा विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। इसके तहत दिनांक 18 अक्टूबर 2026 से अगले आदेश तक यातायात थाना में प्रतिनियुक्त 63 सिपाहियों को शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर तैनात करने का आदेश निर्गत किया गया है। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा जाम की समस्या से निपटने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में नियमित गश्ती एवं निगरानी की व्यवस्था की गई है। दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही, पूजा पंडालों के आसपास संभावित भीड़ तथा वाहनों के दबाव को देखते हुए प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, निर्धारित मार्गों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। प्रतिनियुक्त पुलिस बल अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर यातायात नियंत्रण, वाहनों के सुव्यवस्थित परिचालन तथा आम नागरिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सहयोग देने का कार्य करेंगे।

छह पदाधिकारी करेंगे सुबह और शाम गश्ती

यातायात थाना के थानाध्यक्ष एवं अपर थानाध्यक्ष की निगरानी में छह पुलिस पदाधिकारियों को प्रातःकाल एवं संध्याकाल में गश्ती करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। गश्ती दल अपने निर्धारित क्षेत्र में यातायात की स्थिति का आकलन करते हुए तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की निगरानी करेंगे। साथ ही, कहीं भी यातायात बाधित होने, वाहनों की अनावश्यक भीड़ लगने अथवा जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। संपूर्ण यातायात थाना क्षेत्र में पुलिस उपाधीक्षक, यातायात द्वारा भी यातायात की स्थिति एवं नियंत्रण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि आवश्यकता के अनुरूप त्वरित कार्रवाई की जा सके और पूजा के दौरान आम नागरिकों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

बस स्टैंड, निर्धारित रूट एवं पार्किंग पर विशेष जोर

यातायात पुलिस द्वारा बस संचालकों एवं वाहन चालकों को निर्धारित नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। बसों का परिचालन निर्धारित मार्ग से ही किया जाएगा तथा निर्धारित टर्निंग प्वाइंट से ही वाहन मोड़ने की अनुमति होगी। सभी बसों का ठहराव निर्धारित बस स्टैंड पर ही सुनिश्चित किया जाएगा। बस स्टैंड से खुलने के बाद बसें शहर के चौक-चौराहों पर अनावश्यक रूप से नहीं रुकेंगी। ऑटो एवं टोटो का परिचालन भी निर्धारित ऑटो स्टैंड तथा तय रूट के अनुसार किया जाएगा। प्रातःकालीन गश्ती 7:00 बजे से 1:00 तक एवं संध्या गश्ती 5:00 बजे संध्या से दुर्गा पूजा की भीड़ समाप्ति होने तक सभी गश्ती पदाधिकारी यातायात नियंत्रण के साथ-साथ रेलवे स्टेशन से 13 नंबर गुमटी तक ऑटो रिक्शा एवं बसों को मुख्य सड़क पर पार्किंग नहीं होने देंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने, अनधिकृत स्थान पर वाहन खड़ा करने अथवा आवागमन बाधित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

माता का पट खुला श्रद्धालुओं की दर्शन को लेकर लगी कतार



पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के परसौनी स्थित बलि लाल झा तालाब के भिंडा पर अवस्थित शिव दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के सातवें दिन शनिवार को मां भगवती कालरात्रि की पूजा अर्चना श्रद्धा पूर्ण वातावरण में की गई. नव पत्रिका प्रवेश के साथ माता का नेत्र परते ही पट खुल गया. सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उम्र पड़ी. भक्तों ने माता के दर्शन कर सुख समृद्धि और परिवार के मंगल कामना की. मंदिरों में मंत्र उच्चारण, दुर्गा सप्तशती पाठ और आरती से वातावरण भक्तिमय में बना रहा.पंडितों ने बताया कि मां दुर्गा के सातवे स्वरूप मां कालरात्रि की महिमा बनाते हुए कहा कि देवी का यह स्वरूप आध्यात्मिक दृष्टिकोण से अंधकार अज्ञान और भय के नाश तथा आंतरिक परिवर्तन का प्रतीक है. मां कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत उग्र माना गया है. लेकिन वह अपने भक्तों को शुभ फल प्रदान करने के कारण शुभमकरी भी कहलाती है. कालरात्रि की आराधना से नकारात्मक और भय से मुक्ति मिलती है. मान्यता है कि इनकी उपासना करने से शनि की साढे सती ढैया और प्रतिकूल प्रभावों से राहत की कामना से भी जोड़ा जाता है. मौके पर समिति अध्यक्ष के अध्यक्ष इंद्र मोहन झा, सचिव बसंत झा, कोषाध्यक्ष मुरली झा, अखिलेश कुमार झा, मुकेश झा, सुभाष चंद्र झा, सहित कई लोग शामिल थे।

मध्यमा परीक्षा 2027 की तैयारी को लेकर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक

मधुबनी (एनएसबी)। मध्यमा परीक्षा 2027 की तैयारी को लेकर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक, पिछले वर्ष से दोगुने विद्यार्थियों को शामिल कराने का लक्ष्य बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के साथ की विस्तृत समीक्षा; ऑनलाइन तैयारी, बेहतर शैक्षणिक माहौल और विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दिलाने पर हुई चर्चा। मधुबनी में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत मधुबनी जिले के संस्कृत उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यमा परीक्षा 2027 की तैयारियों, विद्यार्थियों के पंजीकरण, विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने, परीक्षा परिणाम में सुधार लाने तथा संस्कृत शिक्षा के व्यापक विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने की। इस अवसर पर बोर्ड के माननीय सदस्य श्री अरुण कुमार झा सहित विभिन्न संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए बोर्ड के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि मधुबनी जिला संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है। पिछले वर्ष मध्यमा परीक्षा 2026 में मधुबनी जिले का प्रदर्शन बिहार में सर्वश्रेष्ठ रहा था। जिले से लगभग 2,650 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को आगे बढ़ाते हुए मध्यमा परीक्षा 2027 में विद्यार्थियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और संबंधित पदाधिकारियों को समन्वित प्रयास करना होगा।

विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने और विद्यालयों में बेहतर माहौल बनाने पर जोर

श्री झा ने कहा कि मधुबनी जिले में संस्कृत विद्यालयों की संख्या अधिक है और यहां संस्कृत के प्रति समाज में विशेष लगाव एवं सांस्कृतिक जुड़ाव देखने को मिलता है। इस सकारात्मक वातावरण का उपयोग करते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संस्कृत शिक्षा से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों से अपील की कि वे अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और विद्यालयों का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए विशेष पहल करें। विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए तथा स्थानीय स्तर पर अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों की सहभागिता बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण तैयार करना समय की आवश्यकता है। इससे विद्यार्थियों का संस्कृत के प्रति आकर्षण बढ़ेगा और वे मध्यमा परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे।

जनवरी-फरवरी में ऑनलाइन माध्यम से होगी परीक्षा की तैयारी

मध्यमा परीक्षा 2027 के परिणाम को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा जनवरी-फरवरी में पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन तैयारी कराने की योजना पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में शामिल कराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण तैयारी का अवसर उपलब्ध कराना भी बोर्ड की प्राथमिकता है। ऑनलाइन तैयारी के माध्यम से विद्यार्थियों की विषय संबंधी समझ विकसित करने, प्रश्नों को सही तरीके से समझने तथा उत्तर लिखने की क्षमता को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष परीक्षा का परिणाम उत्साहजनक रहा था। इस बार भी बेहतर तैयारी, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन के माध्यम से शानदार परिणाम प्राप्त करने का लक्ष्य है। सभी विद्यालयों को समय सीमा के भीतर परीक्षा फॉर्म भरवाने और प्रत्येक विद्यार्थी की तैयारी पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया।



बैठक करते अध्यक्ष।

विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि दिलाने के लिए भी पहल

बैठक में मध्यमा परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का विषय भी प्रमुखता से उठाया गया। अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मान देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन राशि से संबंधित विषय पर बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के स्तर पर पहल के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक प्रगति होगी और पात्र विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सकेगा। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिलने वाली ?10,000 की प्रोत्साहन राशि सहित संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई।

संस्कृत के विकास में मधुबनी की हो अग्रणी भूमिका

अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि बिहार में संस्कृत शिक्षा को मजबूत बनाने और भारतीय ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में संस्कृत विद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मधुबनी जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जिले को इस दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिथिलांचल के विभिन्न जिलों में मध्यमा परीक्षा को लेकर सकारात्मक प्रयास हुए हैं। आगामी मध्यमा परीक्षा 2027 में भी मिथिलांचल के सभी जिलों से बेहतर परिणाम आने की अपेक्षा है। मधुबनी जिले को विद्यार्थियों की संख्या और परीक्षा परिणाम, दोनों क्षेत्रों में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में शैक्षणिक वातावरण को मजबूत बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्कृत शिक्षा भी इस व्यापक शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और विस्तार के लिए सरकार, बोर्ड, विद्यालयों, शिक्षकों एवं समाज के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

अरुण कुमार झा को सौंपी गई विशेष जिम्मेदारी

बैठक में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के माननीय सदस्य श्री अरुण कुमार झा ने भी संस्कृत विद्यालयों की समस्याओं, विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने तथा मध्यमा परीक्षा 2027 को सफल बनाने के संबंध में अपने विचार रखे। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही नवरात्र के पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कृत शिक्षा के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को धरातल पर उतारना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में अध्यक्ष श्री मृत्युंजय कुमार झा ने मधुबनी जिले में संस्कृत विद्यालयों की समस्याओं के समाधान, विद्यालयों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा मध्यमा परीक्षा 2027 में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में विशेष जिम्मेदारी श्री अरुण कुमार झा को सौंपी। उन्होंने अपेक्षा जताई कि उनके नेतृत्व एवं समन्वय से विद्यालयों की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी और मधुबनी जिला मध्यमा परीक्षा 2027 में नया रिकॉर्ड स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

सामूहिक प्रयास से बनेगा संस्कृत शिक्षा का मजबूत भविष्य

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि मध्यमा परीक्षा 2027 को सफल बनाने के लिए केवल बोर्ड के स्तर पर प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। इसके लिए विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, अभिभावकों, स्थानीय समाज और विद्यार्थियों को मिलकर काम करना होगा। बैठक में उपस्थित प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों ने परीक्षा की तैयारियों, विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने और विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के संबंध में अपने विचार एवं सुझाव रखे। इस अवसर पर श्री प्रजापति ठाकुर, श्री विजय कुमार मिश्रा सहित विभिन्न संस्कृत उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित थे। बैठक का मुख्य संकल्प स्पष्ट था—मधुबनी जिले में संस्कृत शिक्षा को नई ऊंचाई देना, मध्यमा परीक्षा 2027 में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाना, बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करना और संस्कृत की समृद्ध परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना।

जमाबंदी फर्जीवाड़ा में दोषी कर्मचारी या अफसर पर करें एफआईआर : आयुक्त

बेतिया डीएम, एडीएम व सीओ को 21 अक्टूबर को प्रतिवेदन के साथ तिरहुत प्रमंडल कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। तिरहुत प्रमण्डल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने पश्चिम चम्पारण जिला में जमाबंदी फ्रॉड के मामले में कड़ी कार्रवाई की है। इस संबंध में प्राप्त परिवाद पर उन्होंने जिलाधिकारी, पश्चिम चंपारण को दोषी कर्मी पर प्राथमिकी दर्ज कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया है। साथ ही उन्होंने इस मामले मे पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता तथा अंचल अधिकारी को 21 अक्टूबर को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने तथा जमाबंदी में परिवर्तन के आदेश में संबंधित पदाधिकारियों तथा कर्मियों की भूमिका स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

बताया गया है कि मौजा+हल्का-पूर्वी कर्गहिया, अंचल बेतिया में अवस्थित जमाबंदी संख्या-105 के रकवा को गलत तरीके से शून्य कर दिये जाने के मामले में प्रमंडलीय आयुक्त को एक परिवाद पत्र प्राप्त हुआ था। परिवाद में उल्लेख किया गया है कि पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से जमाबंदी संख्या-105, रकवा-05 एकड़ 62.5 डिसमिल की जमाबंदी परिवादी के पिता के नाम से चली आ रही है और लगातार लगान भी जमा किया जा रहा है। परिवादी का आरोप है कि उक्त जमाबंदी को किसी अन्य, जो इनके खानदान के नहीं हैं, के नाम पर परिवर्तित कर विधि विरूद्ध ढंग से जमाबंदी कायम कर दी गई है। आधार यह बनाया गया है कि उक्त खाता-खेसरा बेतिया राज से संबंधित है, जबकि वर्तमान में उस भूमि का बेतिया राज से कोई संबंध नहीं है। ज्ञात हो कि एक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार लंबी चली आ रही जमाबंदी को बिना सक्षम न्यायालय के आदेश के न तो निरस्त किया जाना है और न ही छेड़छाड़ करना है। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि बिना किसी सक्षम न्यायालय के आदेश के जमाबंदी को शून्य कर दूसरे असंबद्ध व्यक्ति के नाम दर्ज करना प्रथम दृष्टया लाभ से प्रेरित होकर किया गया कृत्य प्रतीत होता है, जो कानूनी तौर पर अपराध के तहत आता है। प्रमण्डलीय आयुक्त ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए बेतिया(पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी को इस मामले में जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए शीघ्र संशोधन की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्रमंडलीय आयुक्त ने सारे तथ्यों को ध्यान में रखते हुए ज़िलाधिकारी पश्चिम चंपारण को बिना किसी सक्षम प्राधिकार के आदेश से गलत ढंग से जमाबंदी में परिवर्तन कर पंजी में चढ़ाया गया है। गलत जमाबंदी को सही परिवर्तित कर सही व्यक्ति के नाम कायम करना सुनिश्चित करने तथा संबंधित



मामले की जानकारी देते प्रमण्डलीय आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह।

कार्यालय के दोषी कर्मी पर प्राथमिकी दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ हीं आयुक्त ने जिलाधिकारी पश्चिम चम्पारण एवं वहां के अपर समाहर्ता (राजस्व) को किस पदाधिकारी के आदेश से उक्त जमाबंदी को परिवर्तित कर अन्य के नाम किया गया और मूल जमाबंदी को शून्य किया गया, उस पदाधिकारी का नाम एवं आदेश उपस्थापित करने का निर्देश दिया है।

तिरहुत प्रमण्डलीय आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जो नयी जमाबंदी कायम की गई है, वह मात्र 53 डिसमिल है। शेष जमीन खाता में विभिन्न प्लॉट और खेसरा सम्मिलित है। इसका कुल रकवा 05 एकड़ 62.5 डिशमील है। इसकी जमाबंदी कहाँ चली गई? यह पूर्ण रूप से जमाबंदी रद्दीकरण

पश्चिमी चंपारण के बेतिया अंचल में जमीन फर्जी वाड़े के मामले में कमिश्नर ने लिया सख्त संज्ञान

का मामला नहीं, बल्कि फ्रॉड किये जाने का मामला है। इसमें विशेष रूप से किसी खास मंशा के तहत जमाबंदी परिवर्तन किया जाना प्रतीत होता है। इसे तत्काल ठीक करें। उन्होंने पश्चिम चंपारण जिलाधिकारी से कहा है कि जिला प्रशासन यह स्पष्ट करें कि किस परिस्थिति में ऐसा किया गया है और जिला पदाधिकारी/अपर समाहर्ता (राजस्व) के स्तर से इस आलोक में कोई आदेश यदि अंचलाधिकारी, बेतिया को निर्गत किया गया था तो किस आधार पर निर्गत किया गया था। उन्होंने बेतिया के अंचलाधिकारी से कहा है कि बेतिया सीओ यह स्पष्ट करें कि जब जमाबंदी ऑनलाइन अंकित रहती है तब उसमें कैसे छेड़छाड़ किया गया। जमाबंदी में छेड़छाड़ करना अपराध अधिनियम के तहत आता है। अगर यह अपराध किया गया है तो दोषी कर्मी के विरुद्ध क्रिमिनल प्रोसिडिंग चलाई जाए और किस पदाधिकारी के आदेश पर जमाबंदी में परिवर्तन किया गया, वह भी स्पष्ट करें। यदि इसमें किसी कर्मचारी की भूमिका है तो इसे भी स्पष्ट करें ताकि इनके विरुद्ध भी कार्रवाई प्रारंभ की जा सके।

प्रमंडलीय आयुक्त ने पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी को निदेश दिया है कि वे 21 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 12:00 बजे तक संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिलाधिकारी पश्चिम चम्पारण, अपर समाहर्ता (राजस्व) एवं अंचल अधिकारी, बेतिया 21 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 03:00 बजे सभी तथ्यों से संबंधित प्रतिवेदन के साथ आयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रमंडलीय आयुक्त ने प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के राजस्व से संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया है कि राजस्व मामलों का प्रकियानुसार एवं विधिवत निष्पादन करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी मामला प्रकाश में आने पर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध ज़िम्मेदारी निर्धारित कर सख़्त अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित के मामलों को पदाधिकारीगण सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

त्योहारों की भीड़ में चेन-पर्स उड़ाने वाला अंतरराज्यीय गिरोह बेनकाब

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले में पर्व त्योहारों के दौरान नगर क्षेत्र में उमड़ने वाली भारी भीड़ के बीच महिलाओं के गले से सोने की चेन, मोबाईल, आभूषण और पर्स झपटने और चुराने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय महिला चोर गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के तहत उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न जिलों से जुड़ी कुल 15 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। ये शातिर महिलाएं भीड़भाड़ वाले बाजारों में महिलाओं के इर्द-गिर्द घुसकर एक सुरक्षात्मक गोल घेरा बना लेती थीं और बड़ी सफाई से वारदातों को अंजाम देती थीं, जिससे आसपास के लोगों को शक तक नहीं होता था। पुलिस ने गिरफ्तार महिलाओं के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया है, जिसमें 16,800 रुपये नकद, सोने के तीन लॉकेट, सोने का एक कान का लटकन और पांच एंड्रॉइड मोबाइल शामिल हैं। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस लगातार अलर्ट मोड पर थी। इसी दौरान 16 अक्टूबर को नगर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बाहरी जिलों से आई महिलाओं का एक गिरोह शहर में सक्रिय है। सूचना के पुख्ता सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन 15 महिलाओं को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार की गई महिलाओं में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, देवरिया और आजमगढ़ जिले की रहने वाली शातिर महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा, बिहार के सीवान जिले के भगवानपुर क्षेत्र की महिलाएं भी इस गिरोह में सक्रिय रूप से जुड़ी पाई गई हैं। पुलिस अब इन सभी महिलाओं के पुराने आपराधिक इतिहास को खंगालने में

यूपी और बिहार की 15 महिलाएं गिरफ्तार





जानकारी देते सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी।

जुट गई है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस पूरे सिंडिकेट का मुख्य सरगना (मास्टरमाइंड) कौन है। इस मामले में नगर थाना में कांड संख्या 569/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। पुलिस गिरफ्तार महिलाओं से गहन पूछताछ कर रही है ताकि उनके अन्य साथियों तक भी पहुंचा जा सके। त्योहारी सीजन के मद्देनजर बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में इस तरह की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए पुलिस ने अपनी गश्त और सतर्कता को और अधिक बढ़ा दिया है।

संक्षिप्त खबरें

योग के प्रति युवाओं में जागरूकता को लेकर एलएस कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को कराया योगाभ्यास

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। लंगट सिंह कॉलेज में योग के प्रति जागरूकता एवं इसके लाभ से एनसीसी कैडेट को परिचित कराने के उद्देश्य से योगाभ्यास कराया गया। उक्त कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान के तहत लंगट सिंह कॉलेज और 32 बिहार बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो कनुप्रिया ने कहा कि योग हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए हीं उपयोगी है। छात्रों के मन को एकाग्र करने तथा बौद्धिक विकास में भी योग की बड़ी भूमिका है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ राजीव कुमार ने एनसीसी कैडेट को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा इसके लाभ से छात्रों को अवगत कराया। उन्होंने ताड़ासन, वृक्षासन, मयूरासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया। इस अवसर पर सूबेदार भक्त बहादुर कारकी, नायब सूबेदार जितेंद्र सिंह, सीनियर अंडर ऑफिसर आशुतोष राज, सार्जेंट शालू, आस्था, आकांक्षा शुभम, अभिषेक, प्रभात एवं अन्य कैडेट तथा शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

स्कूल जाने के लिए घर से निकलीं 10वीं की दो छात्राएं लापता, अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

मुजफ्फरपुर(एनएसबी) । अहियापुर थाना क्षेत्र के बेला पंचगछिया गांव से 10वीं कक्षा की दो नाबालिग छात्राओं के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों छात्राएं बीते 12 अक्टूबर को स्कूल जाने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दोनों छात्राएं उत्क्रमित विद्यालय, झपहा मुसहरी में 10वीं कक्षा में पढ़ती हैं। 12 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे दोनों घर से स्कूल जाने के लिए निकली थीं। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन 13 अक्टूबर को परिजन स्कूल पहुंचे और शिक्षकों से छात्राओं के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान स्कूल प्रशासन ने बताया कि दोनों छात्राएं उस दिन स्कूल पहुंची ही नहीं थीं। यह जानकारी मिलने के बाद परिजनों की चिंता और बढ़ गई। छात्राओं के परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी ने दोनों को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। मामले में परिजनों ने गांव के एक युवक समेत तीन-चार लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि आरोपित युवक अक्सर उनके घर आते-जाते थे और उन्हें इस घटना में उनकी संलिप्तता की आशंका है। पुलिस ने परिजनों के आरोपों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए अहियापुर थाना पुलिस छात्राओं की तलाश में जुटी है। पुलिस तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के आधार पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि छात्राओं का पता लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। दोनों की सकुशल बरामदगी और मामले में आरोपितों की भूमिका का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा।

डीएम-एसएसपी ने किया पूजा पंडालों व ट्रैफिक रूट का निरीक्षण

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम यातायात व्यवस्था एवं प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने शनिवार को नगर के विभिन्न पूजा पंडालों, निर्धारित ट्रैफिक रूट एवं प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्मित कृत्रिम घाटों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय ने पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही, यातायात प्रबंधन तथा प्रतिमा विसर्जन के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों के साथ रामदयालुनगर, सरैयागंज टावर, पंकज मार्केट सहित विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के



नगर में पूजा पंडालों का अधिकारियो की टीम के साथ निरिक्षण करने निकले डीएम और एसएसपी।



प्रतिमा विसर्जन के लिए तैयार किए गए कृत्रिम घाटों का निरिक्षण करते डीएम और एसएसपी।

दौरान जिलाधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से शहर में विभिन्न स्थानों पर कृत्रिम घाटों का निर्माण कराया गया है। रामदयालु सिंह महाविद्यालय के पीछे एक कृत्रिम घाट बनाया गया है, जहां संबंधित क्षेत्र की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

इसी प्रकार चंदवारा स्थित जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज के पास तथा लकड़ी ढाई क्षेत्र में भी कृत्रिम विसर्जन घाटों का निर्माण कराया गया है। इन निर्धारित घाटों पर संबंधित क्षेत्रों की प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जाएगा, ताकि विसर्जन के दौरान अनावश्यक भीड़, यातायात बाधा एवं अन्य संभावित समस्याओं से बचा जा सके। जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही, निर्धारित यातायात मार्गों का भ्रमण कर ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा की गई। इस दौरान पूजा पंडालों तक श्रद्धालुओं की सुगम पहुंच, भीड़ प्रबंधन तथा प्रतिमा विसर्जन के दौरान यातायात संचालन को लेकर आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारीद्वय ने आमलोगों एवं पूजा समितियों के सदस्यों से संवाद कर प्रशासनिक दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही। पूजा समितियों को आयोजन के दौरान प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने और निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए।

जिला प्रशासन द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान शांति, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूजा पंडालों, यातायात मार्गों एवं कृत्रिम विसर्जन घाटों का निरीक्षण इसी दिशा में की जा रही तैयारियों का हिस्सा है। जिला प्रशासन ने पूजा समितियों, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन करें तथा प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित कृत्रिम घाटों का ही उपयोग करें, ताकि दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

25 अक्टूबर को श्रीकृष्ण सिंह की जयंती समारोह में मुजफ्फरपुर से पटना जाएंगे भारी संख्या में लोग



बैठक को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रताप सिंह।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। गोबरसही स्थित होटल मौर्या के शगुन बैंक्विट हॉल में शनिवार को डॉ श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में 25 अक्टूबर को पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले श्री बाबू की जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ हीं इस जयंती समारोह में मुजफ्फरपुर से अधिक से अधिक संख्या में लोगों से शामिल होने की अपील की गई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉ श्रीकृष्ण सिंह का मुजफ्फरपुर से पुराना रिश्ता रहा है। वे कई बार मुजफ्फरपुर के तिलक मैदान में आए थे और बिहार के विकास के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि महेश बाबू के साथ उनके प्रगाढ़ संबंध थे। ललितेश्वर प्रसाद शाही और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की प्रेरणा एवं सहयोग से प्रदेश स्तर पर श्री बाबू की जयंती मनाने की शुरूआत हुई थी, जो पिछले 26 वर्षों से लगातार जारी है। उन्होंने संकल्प जताया कि वे जीवनपर्यंत इस परंपरा को आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि समारोह का उद्देश्य नई पीढ़ी को श्री बाबू के योगदान से परिचित कराना है। उनके कार्यकाल में बिहार ने उद्योग, शिक्षा और विकास के कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की थी। डॉ. सिंह ने कहा कि आज राज्य में चीनी उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास की स्थिति चिंताजनक है। उनके अनुसार, श्री बाबू के समय में बिहार विकास के कई मानकों पर आगे था, लेकिन बाद के वर्षों में स्थिति कमजोर हुई है।

सप्तमी पूजा के साथ ही मां दुर्गा के खुले नेत्रपट, दर्शन को उमड़े लोग



खबड़ा शिव मंदिर परिसर के पूजा पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़।

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के सप्तम दिन शनिवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां काल रात्रि के पूजन के बाद मां दुर्गा के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। नेत्र पट खुलते ही सम्पूर्ण नगर के 80 से अधिक पूजा पंडालो में माता के दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के रमना स्थित मां राज राजेश्वरी देवी मंदिर, कच्ची सराय स्थित शक्ति पीठ मां बगलामुखी मंदिर के साथ साथ नगर के गोला रोड, पंकज मार्केट, कल्याणी चौक, माड़ीपुर, कलमबाग चौक, अघोरिया बाजार आदि पंडालों मे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।



कल्याणी चौक पंडाल में सजा मां का दरबार।

इस दौरान जगह जगह गूंजते माता के गीत और भजन पुरे माहौल को भक्ति पूरा इलाका भक्तिमय माहौल में भक्तिपूर्ण बना दिया। वहीं नगर में जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। पट खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा-पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी, भव्य सजावट और आकर्षक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

पूजा को लेकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। वहीं, पूजा समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नवरात्र को लेकर पुरे जिले के शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में उत्सव और उल्लास का माहौल है।नगर क्षेत्र के रामदयालु नगर ओवरब्रिज के समीप मनोकामना देवी मंदिर का पूजा पंडाल, अघोरिया बाजार, पंकज मार्केट, गोलारोड, नाजिरपुर, भगवानपुर, रामदयालु नगर चौक आदि स्थानों की आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं को बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है।

भारत बौद्धिक परीक्षा के पोस्टर का कुलपति ने किया लोकार्पण

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। भारतीय ज्ञान परंपरा, भारत की समृद्ध सभ्यता, संस्कृति और बौद्धिक विरासत से विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली भारत बौद्धिक परीक्षा 2026 के पोस्टर का लोकार्पण बीआरए बिहार विवि के कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय ने कुलपति आवास में किया। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए भारत की गौरवशाली सभ्यता, सांस्कृतिक विरासत और ज्ञान परंपरा को जानना अत्यंत आवश्यक है।

इस प्रकार की बौद्धिक परीक्षाएं विद्यार्थियों में अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति जागरूकता विकसित करने के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति रुचि और समझ बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कुलपति डॉ. राय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन, समाज, शिक्षा, दर्शन, विज्ञान और



भारत बौद्धिक परीक्षा के पोस्टर का लोकार्पण करते कुलपति डॉ प्रो दिनेशचंद्र राय।

मानवीय मूल्यों से संबंधित व्यापक ज्ञान समाहित है। विद्यार्थियों को इस विरासत से जोड़ना समय की आवश्यकता है। भारत बौद्धिक परीक्षा के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपने देश की सभ्यता और संस्कृति को समझने तथा उसके महत्त्व को आत्मसात करने का अवसर मिलेगा।

इस अवसर पर विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, उत्तर बिहार प्रांत के अध्यक्ष डॉ. रजनीश कुमार गुप्ता ने भारतीय ज्ञान परंपरा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान-संपदा को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ना आवश्यक है। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, उत्तर बिहार प्रांत के सचिव डॉ. अमर बहादुर शुक्ला ने जानकारी दी कि भारत बौद्धिक परीक्षा का आयोजन 21 नवंबर 2026 को देशभर में किया जाएगा। इसमें उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार और झारखंड प्रांत के अंतर्गत आने वाले

21 नवंबर को देशभर में होगी परीक्षा, प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को मिलेगा एक लाख रुपये का राष्ट्रीय पुरस्कार

विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में भाग लेंगे। डॉ शुक्ला ने परीक्षा के राष्ट्रीय पुरस्कारों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपये का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। द्वितीय राष्ट्रीय पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार रुपये की राशि दो प्रतिभागियों को दी जाएगी। तृतीय राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत 25-25 हजार रुपये की राशि चार प्रतिभागियों को प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त 380 प्रतिभागियों को 2,500 रुपये प्रति प्रतिभागी की दर से सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कारों की यह व्यवस्था विद्यार्थियों को परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण पहल है। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, उत्तर बिहार प्रांत के सह-सचिव डॉ. ललित किशोर ने बताया कि उत्तर बिहार, दक्षिण बिहार और झारखंड प्रांत में परीक्षा की तैयारियों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए समन्वयकों की नियुक्ति कर ली गई है। पोस्टर लोकार्पण के अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. विपिन कुमार राय, कॉलेज निरीक्षक डॉ. राजीव कुमार तथा विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, उत्तर बिहार प्रांत के सदस्य एवं प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार पाल उपस्थित रहे। सभी ने भारत बौद्धिक परीक्षा को सफल बनाने तथा विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

नवरात्र की सप्तमी पर खुले पट, मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



दैनिक नवसंदेश ब्यूरो











सीतामढ़ी। शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर शनिवार को मां दुर्गा के पट खुलते ही सीतामढ़ी शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां भगवती के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मोहल्लों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। महिला, पुरुष और बच्चे परिवार के साथ पूजा पंडालों में पहुंचे तथा मां के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि, आरोग्य और खुशहाली की कामना की। पूजा समितियों की ओर से पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की सजावट और भव्य विद्युत सज्जा से पूजा स्थलों की रौनक देखते ही बन रही है। मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। पूजा पंडालों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने और व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। सप्तमी पर पट खुलने के साथ ही शहर में दुर्गा पूजा की रौनक बढ़ गई है। श्रद्धालु अब महाअष्टमी और महानवमी की पूजा की तैयारियों में जुटे हैं।

संक्षिप्त खबरें

भारत स्काउट और गाइड के कैडेट के पूजा सेवा को लेकर शिविर का आयोजन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिला मुख्यालय डुमरा स्थित जानकी स्टेडियम में भारत स्काउट और गाइड के जिला शाखा के तत्वावधान में पूजा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अपर समाहर्ता संजीव कुमार ने किया।



अपने उद्घाटन भाषण में अपर समाहर्ता ने स्काउट गाइड को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए समर्पित भाव से पूजा पंडाल में श्रद्धालुओं को सच्चे मन से सेवा करने की सीख दी। कार्यक्रम में स्काउट गाइड के संगठन आयुक्त कैलाश सिंह ने अतिथिगण का स्वागत करते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य पूजा पंडाल में शांति सद्भावना में सहयोग करना हैं। संगठन के उपाध्यक्ष प्रमोद नील, जिला खेल पदाधिकारी मो. इस्लाम, डीएसपी अनिल कुमार ने स्काउट/गाइड कैडेट्स का समुचित मार्गदर्शन किया संगठन सचिव विपिन प्रसाद खेल संघ के पंकज कुमार, राम नारायण पासवान, सुशील दास कपिलदेव सिंह और इंदु कुमारी ने भी संबोधित किया। मेहजबी सवा, हर्ष कुमार, गौतम कुमार, फहीम रजा रैन, विशाल कुमार आदि विशेष रूप से सेवा शरीर के संचालन में सहयोग कर रहे हैं। लगभग 100 स्काउट /गाइड के कैडेट दुर्गा पूजा सेवा शिविर में भाग ले रहे हैं।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

सीतामढ़ी (एनएसबी)। श्री विष्णु माया नवयुवक संघ पूजा समिति, रिंग बांध कोट बाजार, सीतामढ़ी की ओर से शुक्रवार को नगर में बेल नेवत एवं कुवांरी कन्याओं का कलश शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष, बिट्टू राज, महिला अध्यक्ष किरण गुप्ता, (सदस्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग बिहार सरकार), उपाध्यक्ष झींगन जी, सचिव चंदन हलवाई, कोषाध्यक्ष राजा कुमार, व्यवस्थापक सरोज कुमार, (सरोज होटल), सदस्य रामकिशोर उर्फ गुड्डू, कौशल कुमार, सूरज कापर, दीपक कापर, मनोज हलवाई, चंदन शर्मा, विकास रौनियार, शिवनाथ शर्मा, ललन प्रसाद, रानी, सोनम, पूनम, काजल, टोसटी, तनु, पूजा, रेखा, सुनीता, संगीता, रेनू, आशा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु महिलायें व अन्य उपस्थित रहें।



बैरगनिया : पट खुलते ही पूजा पंडालों में उमड़ी भीड़

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा का पट खुलते ही श्रद्धालुओं का पूजा पंडाल, स्थलों पर दर्शन को भीड़ उमड़ने लगी है।नगर परिषद क्षेत्र के शिवालय मंदिर, दुर्गा पथ, मनोहर बाबा मंदिर, बौधि स्थान, बाबा लालदास मठ, डुमरवाना भास्कर रोड, डुमरवाना माइस्थान, गोट डुमरवाना, नुनिया टोला चौक (बाजार समिति के पास) बेलागंज, नन्दबारा, परसौनी, पताही, जमुआ, पचटकी यदु सहित अन्य पूजा स्थल, पंडालों पर मां दुर्गा सहित अन्य देवी, देवताओं का पट खुलते ही श्रद्धालु दर्शन करने लगे है। पूजा पंडालों के पास खाने,पीने से लेकर, खिलौना, गोलगप्पे, आइसक्रीम, मूढ़ी-कचरी सहित बहुत तरह की दुकान सजी हुई है जो मेला का दृश्य प्रदर्शित कर रहा है।



बैरगनिया के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में निकला फ्लैग मार्च

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस ने शनिवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च करके असमाजिक तत्वों को सावधान रहने के साथ ही श्रद्धालुओं से शांति, सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा-अर्चना के साथ ही माता का दर्शन करने का संदेश दिया है। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी के नेतृत्व में एसआई अनुराग कुमार, बलराम प्रसाद, सुशील कुमार, राजन प्रजापति, मृत्युंजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं सशस्त्र जवान बाइक, पैदल फ्लैग मार्च शहर के मुख्य पथ, बाबा लालदास मठ रोड, बाजार समिति रोड, अशोगी, भकुरहर, डुमरवाना, नन्दबारा, पताही, परसौनी, जमुआ सहित अन्य गांव में फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के पूजा स्थल, पंडालों में मॉ का पट खुल चुका है। श्रद्धालु नर-नारी दर्शन को सपरिवार बेहिचक पूजा स्थल तक जाए प्रशासन, पुलिस चप्पे-चप्पे में तैनात रहने के साथ मोबाइल गश्ती भी की जा रही है।



दुर्गा पूजा को लेकर सीतामढ़ी में प्रशासन अलर्ट, पूजा पंडालों में दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी तैनात

डीएम-एसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

सीतामढ़ी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के दौरान शांति, सुरक्षा एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में शनिवार को डीएम तनय सुल्तानिया और एसपी अमित रंजन के नेतृत्व में सीतामढ़ी शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। फ्लैग मार्च का ड्रोन के माध्यम से हवाई सर्वेक्षण भी किया गया।

फ्लैग मार्च राजोपट्टी से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों, प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए जिला मुख्यालय पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों ने आम नागरिकों से शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ दुर्गा पूजा मनाने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आम लोगों से किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को देने की अपील की गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि शांति व्यवस्था भंग करने और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



सीतामढ़ी शहर में फ्लैग मार्च करते डीएम तनय सुल्तानिया, एसपी अमित रंजन, पुलिस बल एवं अन्य प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारी।

पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिले के सभी पूजा पंडालों में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं, प्रमुख चौक-चौराहों और पूजा पंडालों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है। ड्रोन से हवाई निगरानी और पुलिस बल की सक्रियता के जरिए भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी भ्रामक सूचना को बिना सत्यापन के प्रसारित न करें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अफसरों एवं बलों द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।

इस दौरान संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आम नागरिकों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। वहीं शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु सीतामढ़ी पुलिस प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पूजा पंडालों एवं आसपास के क्षेत्रों में पुलिस टीम द्वारा लगातार गश्ती की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखते हुए विधि-व्यवस्था संधारण एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस पूरी सतर्कता एवं सक्रियता के साथ तत्पर है। पुलिस ने लोगों से अपील है कि नवरात्र पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएँ तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

मदरसा शिक्षकों की बैठक में शामिल हुए तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी भूषण कुमार झा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी भूषण कुमार झा ने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा, उनकी समस्याओं का समाधान और शैक्षणिक संस्थानों का विकास प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाने और उनके हितों के लिए आवाज बुलंद करने की जरूरत है। वे परिहार प्रखंड के मदरसा रिजविया शमसुल उलूम, बाड़ा में आयोजित मदरसा शिक्षकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।



बैठक को लेकर मदरसा शिक्षकों के बीच प्रत्याशी भूषण कुमार झा।

प्राचार्य मौलाना कौशर रब्बानी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सीतामढ़ी जिले के विभिन्न मदरसों के शिक्षक शामिल हुए। बैठक में तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव और शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने निर्दलीय प्रत्याशी भूषण कुमार झा के समर्थन में मतदान करने की अपील की। भूषण कुमार झा ने शिक्षकों के विश्वास और सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए चुनाव में समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव है। शिक्षकों की समस्याओं को समझना और उनके हितों के लिए काम करना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर मो. अरमान अली, प्रो. गौहर सिद्दीकी, मौलाना जियाउर्रहमान कासमी, मो जियाउल हक, मौलाना जाहिद हुसैन, मो. अजमल, मो. मुख्तार अंसारी, शमी अहमद,मौलाना कौशर रब्बानी, इश्तियाक, अब्दुल कादिर, फकरुल हसन, शाहिद अशरफ, नाहिदा समेत जिले के विभिन्न मदरसों के शिक्षक मौजूद थे।

अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति से लगाई गुहार

सीतामढ़ी (एनएसबी)। उत्तराखंड की अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर सीतामढ़ी के कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो. अफाक खान, पूर्व जिलाध्यक्ष रकटू प्रसाद, प्रमोद कुमार नील, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार बिररख, प्रो. राणा तेज प्रताप सिंह, मो. शम्स शाहनवाज और सुप्रिया साहू ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने भाजपा नेता दुष्यंत गौतम को सिक्किम का राज्यपाल बनाए जाने पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कानून के अनुसार कार्रवाई की मांग की। उन्होंने रिजॉर्ट ध्वस्त किए जाने से साक्ष्य नष्ट होने की आशंका जताते हुए राष्ट्रपति से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की।

बैंक गन्ना किसानों को केसीसी ऋणमुक्त करे नहीं तो होगा बैंक का घेराव : संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा, उतर बिहार के संयोजक डा.आनन्द किशोर, जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी, रीगा अध्यक्ष पारसनाथ सिंह, उपाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह ने बैंक आफ इंडिया के क्षेत्रीय पदाधिकारियों को चेतावनी दिया है कि रीगा चीनी मिल से जुड़े किसानों को ऋणमुक्त कर गन्ना सीजन में खेती के लिए नया ऋण प्रदान करे, नहीं तो बैंक आफ इंडिया के घेराव का निर्णय लिया जायगा। संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा लगातार ऋणमुक्ति के लिए धरना-प्रदर्शन, बैंक तथा गन्ना विभाग के वरीय अधिकारियों, सीएम तथा वित मंत्री भारत सरकार तक दस्तक देता रहा है। इसी क्रम में करीब 6 माह पूर्व बैंक आफ इंडिया के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने रीगा किसान भवन में मोर्चा नेताओ तथा केसीसीधारी गन्ना किसानों को आश्वासन दिया था कि किसानों के ऋणमुक्ति हेतू पहल करेंगे। अब अक्टूबर माह से गन्ने की नई खेती के मौके पर उस आश्वासन को अंजाम दिया जाना जरूरी है। ज्ञातव्य हो कि बैक आफ इंडिया में सर्वाधिक 4 हजार किसान दस वर्षों से 40 करोड के ऋणजाल में फंसे हुए हैं और उनका खाता खराब है, कोई ऋण नही मिल रहा है। किसानों का खाता फ्रीज है। उसके दूसरे खाता में भी आये किसान सम्मान तथा अन्य मद के पैसे नहीं मिल रहे है। किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। यूनियन बैंक तथा बैंक औफ इंडिया के आधे दर्जन शाखा में रीगा चीनी मिल के तत्कालीन सीएमडी ओपी धानुका तथा उनके चहेतों द्वारा फर्जी केसीसी कराकर 65 करोड के ऋणजाल में किसानों को फंसाया गया था। इसमें ओपी धानुका पर विभिन्न धाराओ में सरकार ने किसानों के शिकायत पर मामला दर्ज कराया हुआ है।

जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग वितरित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम में दिनांक 17 अक्टूबर 2026 एवं शारदीय नवरात्र के शुभ सप्तमी तिथि को एवं अक्टूबर माह के तीसरे शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 बजे दिन में माताश्री की विशेष पूजा अर्चना कर खिचड़ी भोग लगाया गया तथा उसे लगभग 400 जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। माताश्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ संजीव कुमार सिंहा द्वारा की गई।

प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की ब्रीफिंग

सीतामढ़ी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के मद्देनजर शनिवार 17 अक्टूबर 2026 को पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), सीतामढ़ी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को ब्रीफ किया गया। इस दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, सुचारु यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सीतामढ़ी पुलिस शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित दुर्गा पूजा संपन्न कराने हेतु मुस्तैद एवं प्रतिबद्ध है।

मुजफ्फरपुर टाउन हॉल में पीएम सूर्य घर योजना के शिविर में 165 सरकारी कर्मियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में आज टाउन हॉल, मुजफ्फरपुर में प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत सरकारी कर्मियों एवं पदाधिकारियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकारी कर्मियों एवं पदाधिकारियों द्वारा अपने घरों पर रूफटॉप सोलर लगवाने से आम जनता भी प्रेरित होगी। इससे न केवल बिजली बिल में बचत होगी, बल्कि हरित ऊर्जा एवं स्वच्छ पर्यावरण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरकारी सब्सिडी का लाभ लेकर उपभोक्ता अपने बिजली खर्च को काफी कम कर सकते हैं। कई मामलों में सोलर सिस्टम की मासिक ईएमआई वर्तमान बिजली बिल से भी कम हो सकती है। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों को इस योजना से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। दुर्गा पूजा के बाद जिले के प्रत्येक प्रखंड में शिविर लगाकर अधिक से अधिक सरकारी कर्मियों एवं पदाधिकारियों को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। शिविर में सरकारी कर्मियों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कुल 165 सरकारी कर्मियों ने योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराया। पंजीकृत लाभार्थियों के घरों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधिकृत वेंडरों के माध्यम से रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किया जाएगा।

शिक्षक निर्वाचन में धनबल और प्रलोभन के इस्तेमाल का भाकपा ने लगाया आरोप

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में धनबल के इस्तेमाल और शिक्षकों को प्रलोभन देकर प्रभावित करने का आरोप भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने लगाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग को ईमेल के माध्यम से शिकायत भेजकर मामले में हस्तक्षेप करने तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित कराने की मांग की है।

शहर स्थित भाकपा जिला कार्यालय शहीद चंद्रनाथ भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में भाकपा नेताओं ने कहा कि महागठबंधन समर्थित पार्टी प्रत्याशी प्रो. संजय कुमार सिंह पिछले 12 वर्षों से बिहार विधान परिषद में सभी संवर्गों के शिक्षकों की आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष कर शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है। पार्टी ने उन्हें शिक्षकों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाला प्रतिनिधि बताते हुए उनके पक्ष में समर्थन की अपील की।



भाकपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते पार्टी के पदाधिकारी।

प्रेस वार्ता में आरोप लगाया गया कि कुछ प्रत्याशी धनबल के सहारे मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में सत्तारूढ़ एनडीए के कुछ विधायक माध्यमिक विद्यालयों की प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष होने का लाभ उठाकर शिक्षकों को एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए उपहार देकर प्रलोभन दे रहे हैं तथा दबाव भी बना रहे हैं। प्रेस वार्ता को पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य इरफान अहमद फातमी, जिला सचिव जयप्रकाश राय, सहायक जिला सचिव बैद्यनाथ हाथी, पूर्व जिला सचिव केदार शर्मा तथा ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के राज्य सचिव मो. गयासुद्दीन ने संबोधित किया।

सम्पादकीय

सवालों के घेरे में रक्षक

कानून की रक्षा करने वाले जब स्वयं गंभीर सवालों के घेरे में आ जाएं, तो मामला केवल एक व्यक्ति की मौत तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता और जवाबदेही की परीक्षा बन जाता है। पटना उत्पाद विभाग में तैनात सिपाही अजीत कुमार की मौत का मामला इसी गंभीर चिंता को सामने लाता है। शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के दौरान हुई इस मौत को लेकर शुरुआती कहानी और पुलिस जांच में सामने आए तथ्यों के बीच अंतर ने कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में उत्पाद विभाग की महिला दारोगा पुष्पा कुमारी, होमगार्ड जवानों और अन्य लोगों समेत सात व्यक्तियों की गिरफ्तारी ने प्रकरण को और गंभीर बना दिया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार, 15 अक्टूबर को नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर बिहारशरीफ-नवादा मार्ग के पास शराब लदे एक पिकअप वाहन का पीछा करने के दौरान गोली चली थी, जिसमें उत्पाद सिपाही अजीत कुमार की मौत हो गई। प्रारंभ में इस घटना को शराब तस्करों से जुड़ी वारदात के रूप में प्रस्तुत किए जाने की बात सामने आई, लेकिन पुलिस की शुरुआती जांच में घटनाक्रम को लेकर अलग तथ्य सामने आए। नालंदा के पुलिस अधीक्षक हृदयकांत के अनुसार, छापेमारी दल में शामिल होमगार्ड जवान रिशु कुमार की राइफल से चली गोली अजीत कुमार को लगी थी। यदि जांच में यह तथ्य अंतिम रूप से प्रमाणित होता है, तो यह घटना सरकारी कार्रवाई के दौरान सुरक्षा संबंधी गंभीर चूक और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर महत्वपूर्ण सवाल खड़े करेगी। हालांकि, किसी व्यक्ति की आपराधिक जिम्मेदारी तय करना पुलिस जांच, उपलब्ध साक्ष्यों और न्यायिक प्रक्रिया का विषय है। इसलिए इस मामले में आरोपों और प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर बनाए रखना आवश्यक है।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार, पटना से आई उत्पाद विभाग की टीम शराब लदे पिकअप वाहन का पीछा कर रही थी। छापेमारी दल में शामिल अधिकारियों और जवानों के बीच वाहन की स्थिति को लेकर बातचीत हुई। इसके बाद पिकअप वाहन का पीछा करने के क्रम में फायरिंग की गई। पुलिस के मुताबिक, राइफल से तीन बार गोली चलाने का प्रयास हुआ, जिनमें दो गोलियां मिसफायर हुईं और एक गोली चली। अजीत कुमार के सिर के पिछले हिस्से में गोली लगी थी। जांच में यह भी सामने आया कि घटना के बाद घायल सिपाही को पावापुरी मेडिकल कलेज ले जाया गया। वहां से रेफर किए जाने के बाद उन्हें पटना ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, नालंदा की सीमा पार करने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई। जिस वाहन में घटना हुई थी, उसे भी पटना ले जाया गया, जिसे बाद में पुलिस ने जब्त कर लिया।

इन परिस्थितियों ने जांच की दिशा को महत्वपूर्ण बना दिया है। यदि घटना के तत्काल बाद अधिकारियों को सूचना देने में देरी हुई, वाहन को घटनास्थल से हटाया गया और घटनाक्रम को लेकर भ्रामक जानकारी दी गई, तो इन सभी बिंदुओं की स्वतंत्र रूप से जांच होनी चाहिए। यह स्पष्ट होना चाहिए कि सूचना देने में देरी किन परिस्थितियों में हुई, वाहन को वहां से ले जाने का निर्णय किसने लिया और क्या इससे महत्वपूर्ण साक्ष्यों को नुकसान पहुंचा। पुलिस अधीक्षक ने साक्ष्य मिटाने के प्रयास का भी आरोप लगाया है। ऐसे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल, जब्त वाहन, राइफल, खोखे, चिकित्सकीय अभिलेख और संबंधित व्यक्तियों के बयानों की वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

इस मामले में उत्पाद विभाग की दारोगा पुष्पा कुमारी, होमगार्ड जवान रिशु कुमार, दीनानाथ और सन्नी कुमार, उत्पाद सिपाही अनूप कुमार तथा निजी वाहन से जुड़े गौरव उर्फ निशांत और शंकर कुमार को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी दी गई है। पुलिस का आरोप है कि अधिकारियों को गुमराह करने और घटना से जुड़े तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया गया। गिरफ्तारी अपने आप में दोष सिद्ध होने का प्रमाण नहीं है। प्रत्येक आरोपी की भूमिका, उसकी जानकारी, निर्णय लेने में उसकी भागीदारी और घटना के बाद किए गए कार्यों की जांच साक्ष्यों के आधार पर होनी चाहिए। यह भी आवश्यक है कि जिन लोगों पर आरोप लगाए गए हैं, उन्हें कानून के तहत अपना पक्ष रखने का अवसर मिले और जांच बिना किसी पूर्वाग्रह के आगे बढ़े। राजगीर के डीएसपी के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल इस मामले की जांच कर रहा है। पुलिस ने राइफल जब्त कर ली है और फायर हुए खोखे की बरामी का प्रयास किए जाने की जानकारी दी है। शराब लदे पिकअप वाहन तथा उसके पीछे सक्रिय संभावित तस्करी नेटवर्क का पता लगाने के लिए भी जांच की जा रही है। यह प्रकरण केवल गोली चलने की परिस्थितियों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जांच में यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि छापेमारी की योजना किसने बनाई, संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी किस स्तर पर दी गई, निजी वाहन के इस्तेमाल की परिस्थितियां क्या थीं और कार्रवाई के दौरान निर्धारित नियमों का पालन हुआ या नहीं।

सर सैयद डे डिनर : जश्न से आगे बढ़ें



रेयाज आलम

वरिष्ठ कॉरपोरेट प्रोफेशनल, सामाजिक उद्यमी और शिक्षा एवं सामाजिक विकास के समर्थक

शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और वंचित समुदायों की तरक्की के लिए ठोस कदम उठाने की जरुरत है। शिक्षण संस्थानों, पूर्व विद्यार्थियों के संगठनों, सामाजिक संस्थाओं और दानदाताओं से आग्रह है कि वे सर सैयद अहमद खान और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापकों की याद में होने वाले कार्यक्रमों को केवल औपचारिक समारोह तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें शिक्षा और आर्थिक विकास के लिए वास्तविक काम करने का माध्यम बनाएं।

आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों, विशेषकर अपने परिवार में पहली बार उच्च शिक्षा प्राप्त करने की कोशिश कर रहे युवाओं और छात्राओं के सामने आने वाली कठिनाइयों पर चिंता जायज है। सर सैयद डे और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के स्थापना दिवस जैसे अवसर केवल भाषणों, समारोहों और डिनर तक सीमित नहीं रहने चाहिए। इन कार्यक्रमों से ऐसे ठोस फैसले निकलने चाहिए, जिनका लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे और जिनके परिणामों को मापा जा सके।

किसी महान व्यक्ति की विरासत का जश्न मनाने और उसके मिशन को पूरा करने में बहुत बड़ा अंतर है। अगर हम हर साल सर सैयद अहमद खान को श्रद्धांजलि देने के लिए इकट्ठा होते हैं, लेकिन जरूरतमंद बच्चों को अच्छी शिक्षा, छात्रवृत्ति, करियर मार्गदर्शन और रोजगार के अवसर नहीं दिला पाते, तो हमें गंभीरता से सोचना चाहिए कि क्या हम वास्तव में उनके विचारों और सपनों के साथ न्याय कर रहे हैं।

सर सैयद अहमद खान का शैक्षिक आंदोलन केवल एक संस्थान स्थापित करने का प्रयास नहीं था। इसका उद्देश्य लोगों की सोच बदलना, आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देना और ऐसी पीढ़ी तैयार करना था, जो देश के बौद्धिक, आर्थिक और सामाजिक विकास में आत्मविश्वास के साथ योगदान दे सके। इसी तरह, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापकों ने शिक्षा को राष्ट्रीय जागरूकता, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा का माध्यम बनाने का सपना देखा था।

इन महान शैक्षिक विरासतों का असली महत्व केवल संस्थानों की प्रतिष्ठा में नहीं, बल्कि इस बात में है कि वे आज भी वंचित वर्गों के लिए शिक्षा के नए अवसर पैदा करने की प्रेरणा दें।

औपचारिक समारोहों से सामाजिक बदलाव तक : सर सैयद डे डिनर और अन्य समारोहों का उपयोग जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति जुटाने, शिक्षा सहायता कोष बनाने, मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू करने और युवाओं के लिए रोजगार के वास्तविक अवसर पैदा करने में किया जाना चाहिए। पूर्व विद्यार्थी, पेशेवर लोग, कारोबारी संस्थान और दानदाता मिलकर ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान करें, जो आर्थिक परेशानियों के कारण अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पा रहे हैं। उन्हें छात्रवृत्ति, करियर सलाह, अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन, इंटर्नशिप और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाए।

सर सैयद डे के हर कार्यक्रम से समाज को कोई ठोस लाभ मिलना चाहिए। कोई कार्यक्रम जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति दे, कोई स्थानीय स्कूल में पुस्तकालय स्थापित करे, कहीं शिक्षा की सुविधाएं बेहतर बनाई जाएं और कहीं करियर मार्गदर्शन केंद्र शुरू किया जाए। असली सवाल यह नहीं है कि हम कितने भव्य तरीके से जश्न मनाते हैं, बल्कि यह है कि हम समाज के लिए कितना सार्थक काम करते हैं।

शैक्षिक योजनाओं के प्रभाव को मापने के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाने की जरुरत है। इसके तहत यह जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए कि कितने विद्यार्थियों को सहायता मिली, कितनी छात्रवृत्तियां दी गईं, कितनी लड़कियों की पढ़ाई जारी रखने में मदद हुई, कितने युवाओं को रोजगार मिला और कितने विद्यार्थी अपने परिवार में पहली बार उच्च शिक्षा तक पहुंचे।

सार्थक बदलाव के लिए चार प्रमुख प्राथमिकताएं : शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने और जवाबदेही तय करने की जरूरत पर चार प्रमुख प्राथमिकताएं सामने है-

1. छात्रवृत्ति की आसान और पारदर्शी व्यवस्था - प्रत्येक जिले में ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जो जरूरतमंद विद्यार्थियों की पहचान करे, छात्रवृत्ति के आवेदन भरने में उनकी मदद करे और फीस, किताबों, रहने, आने-जाने, परीक्षा तथा अन्य शैक्षिक खर्चों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए।

2. करियर मार्गदर्शन और मेंटरशिप - पूर्व विद्यार्थियों, पेशेवर लोगों, शिक्षकों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को जोड़ा जाए, ताकि वे ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे शहरों और वंचित समुदायों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, पेशेवर पाठ्यक्रमों और रोजगार के नए अवसरों की जानकारी दे सकें।



सर सैयद को सच्ची श्रद्धांजलि हमारे शानदार रात्रिभोज में नहीं, बल्कि उन वंचित विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में है, जिनकी जिंदगी हम बदल सकते हैं।

3. लड़कियों की शिक्षा में अधिक निवेश : आर्थिक परेशानियों, सामाजिक बंदिशों, सुरक्षित आवागमन और अन्य बाधाओं को दूर किया जाए, ताकि लड़कियां अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और अपने पेशेवर सपनों को साकार कर सकें।

4. शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ना : शिक्षण संस्थानों, कारोबारियों, कौशल विकास केंद्रों और पूर्व विद्यार्थियों के नेटवर्क के बीच साझेदारी बनाई जाए, ताकि युवाओं को इंटर्नशिप, व्यावहारिक प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप, रोजगार संबंधी कौशल और अपना व्यवसाय शुरू करने में सहायता मिल सके।

इन प्राथमिकताओं के साथ स्पष्ट जिम्मेदारियां, समय-सीमा, पारदर्शी रिपोर्टिंग और मापने योग्य परिणाम भी तय किए जाने चाहिए। केवल अच्छी नीयत काफी नहीं है, उसका असर लोगों की जिंदगी में दिखाई देना चाहिए।

पूर्व विद्यार्थियों और सामाजिक नेताओं की जिम्मेदारी : विशेष रूप से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों के पूर्व विद्यार्थियों से अपील है कि वे अपनी पेशेवर उपलब्धियों, संपर्कों और संसाधनों का उपयोग उन विद्यार्थियों की मदद के लिए करें, जिन्हें समान अवसर और मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। सफल पेशेवर और कारोबारी लोग विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने, इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने, छात्रवृत्ति के आवेदन में मदद करने और योग्य युवाओं को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

हमारी उपलब्धियां तब अधिक सार्थक बनती हैं, जब वे दूसरों को उन बाधाओं को पार करने में मदद करती हैं, जिन्हें हम स्वयं पार कर चुके हैं। हर पेशेवर किसी विद्यार्थी का मार्गदर्शन कर सकता है, हर कारोबारी एक अवसर पैदा कर सकता है और हर पूर्व विद्यार्थी किसी जरूरतमंद युवा को उसके सपने के करीब पहुंचाने में मदद कर सकता है।

शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाना केवल सामाजिक संगठनों की जिम्मेदारी नहीं है। सरकार को सरकारी शिक्षा और छात्रवृत्ति व्यवस्था बेहतर बनानी होगी, विश्वविद्यालयों को अपनी पहुंच बढ़ानी होगी, कारोबारी संस्थानों को कौशल और रोजगार के अवसर पैदा करने होंगे तथा सामाजिक संगठनों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सहायता सही लोगों तक पहुंचे।

जवाबदेही ही नेतृत्व की असली कसौटी होनी चाहिए : सामाजिक नेतृत्व और जनकल्याण के कार्यों पर सवाल उठता है। शिक्षा से वंचित लोगों की समस्याओं का समाधान कभी-कभार चिंता जताने से नहीं, बल्कि लगातार और व्यवस्थित प्रयासों से होगा।

संस्थानों और संगठनों से हर साल अपनी कार्यप्रणाली और उपलब्धियों की रिपोर्ट जारी करने की अपील है। इस रिपोर्ट में जुटाए गए संसाधनों, सहायता पाने वाले विद्यार्थियों, शैक्षिक परिणामों और रोजगार के अवसरों का स्पष्ट विवरण होना चाहिए।

अगर हम यादगार समारोहों के लिए बड़े आयोजन कर सकते हैं और पर्याप्त संसाधन जुटा सकते हैं, तो हमें उन बच्चों की शिक्षा के लिए भी उतनी ही प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए, जो पढ़ाई का खर्च नहीं उठा सकते। हमें उन लड़कियों की मदद करनी चाहिए, जो अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं, और उन स्नातकों की भी, जो सम्मानजनक रोजगार की तलाश में हैं। हमारे समुदाय को केवल वादों की नहीं, बल्कि ठोस परिणामों और जवाबदेही की जरूरत है।

इस दृष्टिकोण का उद्देश्य ऐतिहासिक व्यक्तित्वों और संस्थानों के सम्मान को कम करना नहीं है। बल्कि, इन आयोजनों को शिक्षा और सामाजिक विकास के अधूरे मिशन से जोड़कर उनका वास्तविक उद्देश्य पूरा करना है।

विरासत को अवसरों में बदलने की अपील : शिक्षण संस्थानों, पूर्व विद्यार्थियों के संगठनों, दानदाताओं, सामाजिक नेताओं और नागरिक संगठनों से अपील है कि वे शिक्षा के विकास को अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों की प्रमुख प्राथमिकता बनाएं।

सर सैयद अहमद खान और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्थापकों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी दी जा सकती है, जब किसी बच्चे को गरीबी के कारण पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर न होना पड़े, सामाजिक बंदिशें लड़कियों के सपनों को सीमित न करें और जानकारी या पेशेवर संपर्कों की कमी किसी प्रतिभाशाली युवा को अवसरों से वंचित न करे।

सर सैयद और जामिया की असली विरासत केवल उन संस्थानों में नहीं है, जिन्हें उन्होंने बनाया, या उन विद्यार्थियों में नहीं है, जिन्होंने सफलता हासिल की। इसका वास्तविक पैमाना उन जिंदगियों में है, जिन्हें हम आज बेहतर बना सकते हैं। हमारे समारोह संकल्प बनें, हमारे संकल्प ठोस कदम बनें और हमारे प्रयास ऐसे परिणाम दें, जिन्हें मापा जा सके। शिक्षा के दरवाजे खोलने वालों को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यही होगी कि कोई भी जरूरतमंद बच्चा उन दरवाजों के बाहर अवसर की प्रतीक्षा करने के लिए मजबूर न रहे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ 'रास गरबा सह डांडिया' कार्यक्रम, पारंपरिक रंगों में सजा विद्यालय परिसर



कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ 'रास गरबा सह डांडिया' कार्यक्रम।

पटना (दैनिक नवसंदेश) । कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में भारतीय संस्कृति, परंपरा और लोककला को समर्पित "रास गरबा सह डांडिया' कार्यक्रम" का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। रंग-बिरंगी सजावट, पारंपरिक संगीत, आकर्षक वेशभूषा और डांडिया की थाप से विद्यालय परिसर उत्सवमय हो उठा। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय सांस्तिक विरासत की मनमोहक झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, लोकनृत्य, पारंपरिक रीति-रिवाजों तथा सामूहिक उत्सवों के महत्व से परिचित कराना था। गरबा और डांडिया गुजरात की समृद्ध लोकसंस्कृति के प्रतीक हैं, जो नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की आराधना, भक्ति, उल्लास और सामूहिक एकता का संदेश देते हैं। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को अपनी सांस्तिक जड़ों से जुड़ने तथा भारत की विविधतापूर्ण परंपराओं को समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर गरबा और डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक आभूषणों से सजे बच्चों ने अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और आत्मविश्वास से सभी का मन मोह लिया। संगीत की मधुर धुनों और डांडिया की लयबद्ध थाप पर विद्यार्थियों ने शानदार सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और उत्सव के प्रति उमंग स्पष्ट दिखाई दी।

इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक "सुश्री उषा कुमारी" ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान और हमारी अमूल्य धरोहर है। गरबा और डांडिया जैसे पारंपरिक लोकनृत्य हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं तथा आपसी प्रेम, सहयोग, एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ भारतीय परंपराओं, सांस्तिक मूल्यों और नैतिक संस्कारों से परिचित कराना भी अत्यंत आवश्यक है।

विद्यालय की निदेशक "सुश्री उषा कुमारी" ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान और हमारी अमूल्य धरोहर है। गरबा और डांडिया जैसे पारंपरिक लोकनृत्य हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं तथा आपसी प्रेम, सहयोग, एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं।

सुश्री उषा कुमारी ने कहा, विद्यालय में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को केवल मनोरंजन का अवसर देना नहीं, बल्कि उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना और उन्हें अपनी समृद्ध सांस्तिक विरासत पर गर्व करना सिखाना है। जब बच्चे अपनी परंपराओं को समझते हैं और उनमें सक्रिय रूप से भाग लेते हैं, तो उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।

उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यालय में सकारात्मक वातावरण बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन, रचनात्मकता और सामाजिक समरसता को भी मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास, उत्साह और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहा।

"कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर", जो 'कुमुदिनी एजुकेशनल कम चैरिटेबल ट्रस्ट' द्वारा संचालित है, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति के साथ-साथ उनके सांस्कृतिक, सामाजिक एवं नैतिक विकास को भी समान महत्व देता है। विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कारों, मानवीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना है।

रास गरबा सह डांडिया कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए आनंद, उमंग और सांस्कृतिक शिक्षा का सुंदर संगम साबित हुआ। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि हमारी सांस्कृतिक विविधता ही हमारी शक्ति है और अपनी परंपराओं को सहेजकर रखना प्रत्येक पीढ़ी की जिम्मेदारी है।

डा. कल्याणी कुसुम सिंह स्मृति सम्मान से विभूषित होंगी महिला साहित्यकार, श्रद्धांजलि-सभा में साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ने की घोषणा

पटना (दैनिक नवसंदेश) । अगले वर्ष से बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, अपनी दिवंगता उपाध्यक्ष डा कल्याणी कुसुम सिंह की स्मृति में, प्रतिवर्ष महिला लेखन के लिए किसी प्रतिभाशाली लेखिका को स्मृति-सम्मान दिया करेगा। यह घोषणा शनिवार को, एआरएल सभागार, पटेल नगर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने की।

अपने श्रद्धांजलि उद्गार में डा सुलभ ने कहा कि कल्याणी जी एक ऐसी गंभीर लेखिका थीं, जिनके गंभीर साहित्य से आनेवाली पीढ़ियाँ लाभान्वित होती रहेंगी। उनकी रचनाओं में स्त्री-विमर्श ही नहीं, लोक-चेतना और समाज के प्रति अत्यंत कोमल संवेदनाएँ भी लक्षित होती हैं। वे सम्मेलन में एक कुशल मार्ग-दर्शिका के रूप में सम्मान पाती रही हैं। उनके निधन से साहित्य सम्मेलन और रचना-संसार को बड़ी क्षति पहुँची है।

श्रद्धा-सुमन अर्पित करने वालों में कुमार अनुपम, ईं अशोक कुमार, डा अर्चना त्रिपाठी, डा मनोज गोवर्धनपुरी, स्वर्गीया कल्याणी जी के पुत्र शशि रंजन कुमार, शिवेन्द्र कुमार, चिंटू मनीष, पुत्री निरुपमा सोलंकी, पुत्र वधूएँ रंजना सिंह, अनुराधा सिंह, भारती सिंह, जमाता संजय सोलंकी, पौत्र आदर्श , उत्कर्ष, अपूर्व, वागीश, पौत्रियाँ हर्ष, प्रज्ञा, दोहित्र तेजस , कवि इन्दु भूषण सहाय आदि साहित्यकार और प्रबुद्ध जन सम्मिलित थे ।



शनिवार को एआरएल सभागार, पटेल नगर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ व अन्य।

ग्राहकों के सुझावों से बेहतर हो रहे स्मार्टफोन और सर्विस

पटना (दैनिक नवसंदेश) । नया स्मार्टफोन खरीदने के बाद कैमरे, नेटवर्क या परफार्मेस में परेशानी आए, तो ग्राहक चाहते हैं कि उनकी शिकायत सुनी जाए और जल्द समाधान मिले। इसी को ध्यान में रखते हुए, एआई स्मार्टफोन ग्राहकों के सुझावों के आधार पर फोन के सॉफ्टवेयर, टेस्टिंग और आफ्टर-सेल्स सर्विस में लगातार सुधार कर रहा है।

कंपनी के नोवा और पल्स सीरीज के स्मार्टफोन को बैटरी, कैमरा, डिजाइन, डिस्प्ले और कीमत के लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। वहीं, ग्राहकों से मिले सुझावों के आधार पर कैमरे की स्थिरता, कनेक्टिविटी और परफार्मेस से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट भी दिए जा रहे हैं। नोवा 2 अल्ट्रा 5जी में कैमरे की स्थिरता बेहतर करने के लिए ऐसे अपडेट दिए गए हैं।



एआई स्मार्टफोन के ब्रांड, मार्केटिंग और ग्रोथ हेड आर्ची गोगोई ने कहा, बेहतर टेकनोलॉजी बनाने के लिए उन लोगों की बात सुनना जरूरी है, जो इसका इस्तेमाल करते हैं। ग्राहकों के सुझाव हमें बताते हैं कि कहाँ सुधार की जरूरत है।

कंपनी ने प्रोजेक्ट ओपन रिव्यू भी शुरू किया है, जिसके तहत लॉन्च से पहले लोग फोन की जाँच कर अपने सुझाव दे सकते हैं। इसके लिए अब तक 1,000 से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें पत्रकार, कंटेंट क्रिएटर्स, रिव्यूअर्स और टेकनोलॉजी में रुचि रखने वाले लोग शामिल हैं।

कंपनी शिकायतों पर कार्रवाई तेज करने और सर्विस टीमों के बीच तालमेल बेहतर बनाने पर भी काम कर रही है। स्पेयर पार्ट्स की कमी से मरम्मत में देरी होने पर, जहाँ संभव हो, ग्राहक को दूसरा हैंडसेट दिया जाता है। कंपनी का लक्ष्य है कि ज्यादातर सर्विस शिकायतों का समाधान तीन से चार दिनों में किया जाए।

इस दिवाली सैमसंग का बिग, बिगर, बिगेस्ट धमाका, बड़ी स्क्रीन वाले टीवी पर शानदार त्योहारी ऑफर्स

पटना (दैनिक नवसंदेश) । सैमसंग इंडिया ने ग्राहकों के लिए अपने बिग, बिगर, बिगेस्ट कैंपेन की घोषणा की। इसके तहत त्योहारों के इस मौसम में विजन एआई से लैस बड़ी स्क्रीन वाले टीवी की रेंज पर शानदार डील्स मिल रही हैं। त्योहार की रौनक, परिवार की महफिलों और अपनों के साथ बिताई शामों से प्रेरित यह कैंपेन ग्राहकों के लिए सैमसंग के नए एआई टीवी घर लाना आसान बनाता है, ताकि टीवी देखने का मजा और बढ़ जाए।

त्योहारी ऑफर्स के तहत चुनिंदा सैमसंग टीवी खरीदने वाले ग्राहक 110990 रुपये तक का सैमसंग साउंडबार या 159990 रुपये तक का सैमसंग विजन एआई टीवी मुफ्त पा सकते हैं। इसके साथ 20 प्रतिशत तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट के विकल्प और 3 साल की कम्प्रिहेंसिव वारंटी भी मिल रही है। इन ऑफर्स के साथ इस त्योहारी सीजन में घर का एंटरटेनमेंट सेटअप बदलना और भी आसान हो गया है।

नगर निगम सीमा में चुनिंदा सैमसंग विजन एआई टीवी खरीदने वाले ग्राहकों के लिए रिस्ट दर्ज करने के चार घंटे के भीतर इंस्टलेशन की सुविधा भी है। यह सुविधा लागू नियमों और शर्तों के अधीन है।

सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट विप्लेश डांग ने कहा, दिवाली परिवार और दोस्तों के साथ खुशियां बांटने, जश्न मनाने और यार पल बनाने का समय है। इस त्योहार पर सैमसंग अपने विजन एआई से लैस बड़ी स्क्रीन वाले टीवी के जरिए घरों में स्मार्ट, इमर्सिव और बेहतरीन मनोरंजन का अनुभव ला रहा है। आकर्षक त्योहारी अफर्स, आसान भुगतान विकल्प, कैशबैक और अतिरिक्त सेवाओं के साथ सैमसंग का उद्देश्य है कि हर परिवार इस दिवाली बड़ी स्क्रीन घर लाकर मनोरंजन का पूरा आनंद ले सके।

सैमसंग के विजन एआई टीवी बड़ी स्क्रीन पर स्मार्ट फीचर्स लेकर आते हैं, जो तस्वीर और आवाज को बेहतर करते हैं।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

पट खुलते ही पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना के साथ भक्तिमय हुआ जिले का माहौल







मां दुर्गा की प्रतिमाएं।

मोतिहारी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के अवसर पर शनिवार को पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों में मां दुर्गा के पट खुलते ही पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही पूजा-अर्चना को लेकर लोगों में उत्साह रहा। शाम होते-होते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बनाए गए पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई। मां दुर्गा के जयकारों से पूजा स्थल और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।मोतिहारी शहर के बलुआ, छतौनी, राजा बाजार, बरियारपुर, बड़ा बरियारपुर दुर्गा चौक, रूपडीह सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर आकर्षक पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। पट खुलने के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रकाश, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।केसरिया के पुरानी बाजार स्थित दुर्गा भवानी पूजा समिति के पंडाल में भी मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना धूमधाम से की गई। पट खुलते ही यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। पूजा पंडालों के आसपास मेले जैसा श्य रहा। बच्चों और युवाओं में भी पूजा को लेकर खासा उत्साह दिखा। जिले के विभिन्न प्रखंडों में पूजा समितियों की ओर से आकर्षक सजावट और रोशनी की व्यवस्था की गई है। शाम होते ही रंग-बिरंगी रोशनी से पूजा पंडाल और आसपास के इलाके जगमगा उठे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कई स्थानों पर स्थानीय स्तर पर व्यवस्था संभाली गई। इधर, दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रमुख पूजा स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती की गई। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी स्थिति पर नजर बनाए रहे। जिले में पूरे दिन उत्सवी और भक्तिमय माहौल बना रहा।

दुर्गा पूजा को लेकर ढाका में शांति समिति की बैठक

डीजे पर पूरी तरह रोक, अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर

मोतिहारी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को सिकरहना अनुमंडलीय सभागार, ढाका में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।बैठक में जिलाधिकारी ने पूजा एवं प्रतिमा विसर्जन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। सदस्यों ने जिला प्रशासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने का भरोसा दिलाते हुए दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का आश्वासन दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में प्रशासन की पैनी नजर है। सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने पूजा समितियों को पंडालों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समिति के वलंटियर्स असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना प्रशासन को देंगे। पंडालों में पीए सिस्टम रखने का भी निर्देश दिया गया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित है। सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अपुष्ट सूचना को सोशल मीडिया पर साझा नहीं करें। साइबर सेल भी लगातार सोशल मीडिया गतिविधियों पर नजर रख रहा है। विसर्जन के दौरान निर्धारित तिथि, समय एवं रूट का पालन करने का निर्देश पूजा समितियों को दिया गया।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 अक्टूबर को

15 से 29 वर्ष के युवा कलाकार ले सकेंगे भाग, पांच विधाओं में होगी प्रतियोगिता

मोतिहारी(एनएसबी)। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन 31 अक्टूबर को किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी ने दी। उन्होंने बताया कि उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी भाग ले सकेंगेस जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि 31 अक्टूबर को शहर स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में पूर्वा 10 बजे से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कविता लेखनध्कविता वाचन, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक शामिल हैं। प्रतियोगिता में पारंपरिक कला एवं संस्कृति को प्राथमिकता दी जाएगी। समूह लोक नृत्य और लोक गीत में केवल पारंपरिक वाद्ययंत्रों का ही उपयोग किया जा सकेगा। रिकर्डिंग अथवा इलेक्ट्रानिक वाद्ययंत्रों के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी।उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर मुख्य प्रतियोगिता से पहले 28 अक्टूबर को प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग भी कराई जा सकती है। उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी मोतिहारी समाहरणालय स्थित जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन भरकर इसी कार्यालय में जमा करना होगा।जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने योग्य युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि युवा उत्सव का उद्देश्य पारंपरिक कला-संस्कृति को संरक्षित करने, युवा पीढ़ी को लोक संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराने तथा ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना है।जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के युवा उत्सव में भाग लेंगे।

संक्षिप्त खबरें

राष्ट्रीय नात प्रतियोगिता में चकिया के कैफ आलम ने लहराया परचम

चेन्नई में एएमयू की टीम को मिला दूसरा स्थान, क्षेत्र में खुशी

मेहसी(एनएसबी)। चकिया के छात्र मोहम्मद कैफ आलम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय साहित्य उत्सव-2026 की नात प्रतियोगिता में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम में कैफ आलम के अलावा मुन्तजिर अहमद और फैजान खान शामिल थे।इससे पूर्व 18 से 20 सितंबर तक एएमयू में सुन्नी स्टूडेंट फेडरेशन की ओर से आयोजित साहित्य उत्सव में कैफ आलम, मुन्तजिर अहमद और फैजान खान की टीम ने समूह नात प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया था। इसके बाद टीम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। चेन्नई के एग्मोर स्थित मलाबार मुस्लिम एसोसिएशन परिसर में 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें एएमयू की टीम ने प्रभावी प्रस्तुति देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम को ट्रफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। एएमयू में राजनीति विज्ञान के चतुर्थ वर्ष के छात्र मोहम्मद कैफ आलम की इस उपलब्धि से चकिया क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर पिता खुर्शीद आलम, भाई मोहम्मद सोहेल आलम व मोहम्मद तुफैल आलम सहित एडवोकेट इश्तियाक आलम, शकील शागिल, शाहिद रजा, हामिद रजा, रिजवान अहमद, जफर इकबाल, खुर्शीद अहमद और नेहाल अहमद ने बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पट खुलते ही माता के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

संग्रामपुर(एनएसबी)। प्रखण्ड क्षेत्र में माता रानी का पट खुलते ही पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मां दुर्गा के भव्य एवं मनमोहक स्वरूप के दर्शन के लिए भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता रानी को सिन्दूर अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं कुशलता की कामना की।माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। उत्तरी बरियरिया पंचायत के पूरब टोला पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में बनाए गए माता की प्रतिमा देखने के लिए दूर दूर से लोगों का आना जारी है। वहीं शिव मंदिर पोखरा पर राधे ष्णा को झूले पर बैठाया गया है जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। संग्रामपुर मठिया दुर्गा मंदिर पर कई दर्जन कलश स्थापना कर पूजा की जा रही है। आचार्य मुकुल मनोहर पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को माता को सिन्दूर चढ़ाया गया और रविवार को महानिशा पूजा किया जाएगा। माता को दीपदान कर छप्पन भोग लगाया जायेगा।पंडाल में गूंजते माता रानी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा है। महिला, पुरुष और अन्य श्रद्धालु श्रद्धाभाव से मां के दरबार में पहुंचकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।भव्य सजावट और आकर्षक प्रतिमाओं से सुसज्जित पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रसाद दरोगा जी, उपाध्यक्ष कुणाल केशव,कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार मिश्रा एवं अमरेंद्र कुमार वर्मा, सचिव ओम प्रकाश पाण्डेय, सांस्तिक कार्यक्रम के चूमन पटेल, संदीप तिवारी, शत्रुघ प्रसाद, संजय कुमार पाण्डेय, अजित साह, प्रेमशंकर पाण्डेय, रामदेव साह, चुनूं तिवारी, सहित समस्त ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

डीएम-एसपी ने ढाका व गोढ़ीया में पूजा पंडालों का लिया जायजा

मोतिहारी(एनएसबी)। दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने शनिवार को सिकरहना अनुमंडल क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नगर परिषद ढाका स्थित दुर्गा पूजा पंडाल, मस्जिद रोड, बाजार एवं मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके बाद चिरैया प्रखंड के गोढ़ीया हराज स्थित जय मनोकामना माता मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।ढाका में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पूजा स्थल एवं पंडाल में प्रवेश-निकास द्वार, महिलाओं की सुरक्षा, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे, अगिशमन व्यवस्था तथा वलंटियर्स की तैनाती की जानकारी ली। पूजा समिति को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके बाद अधिकारियों ने गोढ़ीया हराज स्थित जय मनोकामना माता मंदिर का निरीक्षण किया। मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले मेले एवं वहां जुटने वाली भीड़ को देखते हुए विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ समन्वय बनाकर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को कहास निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना, बीडीओ एवं सीओ ढाका व चिरैया, नगर परिषद ढाका के कार्यपालक पदाधिकारी तथा संबंधित थाना अध्यक्ष मौजूद रहे।

चंद्रा लाइफलाइन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन का शुभारंभ, महिला सशक्तीकरण का लिया संकल्प

मोतिहारी(एनएसबी)। बेलबनवा स्थित चंद्रा लाइफलाइन हस्पिटल परिसर में शनिवार को चंद्रा लाइफलाइन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन का विधिवत शुभारंभ हुआ। समारोह में महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ड़ स्वस्ति सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि ड़ विनीता वर्मा रहीं। अध्यक्षता फाउंडेशन की निदेशिका ड़ श्रीमती हेना चंद्रा ने की।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ड़ स्वस्ति सिन्हा ने फाउंडेशन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सेवा की भावना को मजबूत करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि ड़ विनीता वर्मा ने फाउंडेशन के उद्देश्यों की सराहना करते हुए सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं। वही ड़ हेना चंद्रा ने कहा कि फाउंडेशन की स्थापना के पीछे महिलाओं के जीवन से जुड़ी चुनौतियों को करीब से समझने का अनुभव और उनके समाधान के लिए कुछ ठोस करने की इच्छा है। एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने महसूस किया कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान केवल चिकित्सा सुविधाओं तक सीमित नहीं है। स्वास्थ्य के साथ शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक सम्मान और उचित अवसर भी जरूरी हैं।उन्होंने कहा कि अक्सर महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाती हैं और परिवार के प्रत्येक सदस्य की जरूरतों का ध्यान रखती हैं, लेकिन स्वयं की समस्याओं और जरूरतों को पीछे कर देती हैं। आर्थिक अभाव के कारण कई महिलाओं और बेटियों की प्रतिभा को भी उचित अवसर नहीं मिल पाता। इन्हीं परिस्थितियों ने फाउंडेशन के माध्यम से समाज के लिए संगठित रूप से कार्य करने की प्रेरणा दी।ड़ चंद्रा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं और परिवारों तक स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, कौशल विकास तथा आत्मनिर्भरता से जुड़े अवसर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संस्था किसी व्यक्ति विशेष की उपलब्धि नहीं, बल्कि सेवा और सामाजिक दायित्व की भावना से शुरू की गई पहल है। छोटे-छोटे सकारात्मक बदलावों के माध्यम से समाज में स्थायी परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन सेवा, समर्पण और सामाजिक कल्याण को केंद्र में रखकर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समारोह का समापन 'जय हिंद, जय बिहार' के उद्घोष के साथ हुआस मां दुर्गा की आरती भी की गईसअवकाश प्राप्त शिक्षिका नलिनी श्रीवास्तव, निशा जी, अंशु ठाकुर, सबिता सिंह, अधिवक्ता रूपम राज, प्रियंका सिंह सहित अनेक महिलाओं ने अपना अपना वक्तव्य दियास वही मौके पर हजारों की संख्य में महिलाएं मौजूद थी सवही अंत में झिझिया गीत भी हुई।



उद्घाटन करती मुख्यतिथि व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत कुछ सप्ताह बाद होनी थी शादी

मुजफ्फरपुर से लौटने के दौरान एनएच-28 पर हादसा, साथी गम्भीर

चकिया(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बैशाहां गांव के समीप एनएच-28 पर शनिवार की भोर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पचपकड़ी थाना क्षेत्र के पंचपकड़ी निवासी कुंदन कुमार (29) के रूप में हुई है। घायल युवक आकाश कुमार (35) बताया गया है।स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह टहलने निकले लोगों ने सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक और दो युवकों को घायल अवस्था में देखा। सूचना मिलने पर एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल आकाश कुमार को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में लेकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। परिजनों के अनुसार कुंदन कुमार का पंचपकड़ी चौक पर होटल था। वह शुक्रवार की शाम होटल के स्टाफ आकाश कुमार के साथ अपाचे बाइक से मुजफ्फरपुर स्थित एक रिश्तेदार के यहां गया था। वहां से लौटने के दौरान बैशाहां के समीप हादसा हो गया।कुंदन तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। भाई और बहन की शादी हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि कुंदन की भी शादी तय हो चुकी थी और कुछ सप्ताह बाद विवाह होने वाला था। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है।

दामोदरपुर में 20 अक्टूबर को होगा तहफ्फुज-ए-ईमान कॉन्फ्रेंस

देशभर से उलमा व शोअरा होंगे शामिल, तकरीर और नातिया मुशायरा बनेगा आकर्षण

मेहसी(एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के दामोदरपुर गांव में आगामी 20 अक्टूबर को तहफ्फुज-ए-ईमान कन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। मदरसा फातिमा-तू-जोहरा लिलबनात, दामोदरपुर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से उलमा-ए-कराम, मुफ्ती, पीर-ए-तरीकत और शोअरा शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही हैं।आयोजकों के अनुसार कन्फ्रेंस मुफ्ती कुतुबुद्दीन रजवी व मुफ्ती गुलाम गौस रिजवी की निगरानी, पीर-ए-तरीकत जाहिर हुसैन तेगी की सरपरस्ती, मौलाना अमजद अली मंजरी की अध्यक्षता तथा पीर-ए-तरीकत मोहम्मद जियाउल मुज्तबा कामिल एवं मौलाना कौसर अली रिजवी की सरपरस्ती में आयोजित होगा। मौलाना मुशाहिद रजा अलीमी की मौजूं में कार्यक्रम होगा। संचालन मौलाना रुस्तम अली कादरी और कारी महबूब रजा शबनम रजवी करेंगे।कन्फ्रेंस में उलमा तकरीर के माध्यम से दीन, ईमान और सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर विचार रखेंगे। इनमें डक्टर मुफ्ती शहरयार रजा खान पूर्णिया, मौलाना सिद्दीक हसन झारखंडी, मुफ्ती रजाउल्लाह नक्शबंदी और मुफ्ती रफी अंजुम माननी प्रमुख रूप से शामिल हैं।कार्यक्रम में नातिया मुशायरा भी आयोजित होगा। इसमें मोहम्मद अली फैजी, तौकीर इलाहाबादी, फिरोज अरकम चम्पारणी, रुस्तम अली कादरी, पैकर रजा, मकसूद फैजी, इम्तियाज कमर हलीमी, जमशेद साहिल बरेलवी, नूर आलम पैकर चम्पारणी, सैयद नूरानी रजा, रजा हुसैन कलकत्ता, नासिर रजा, महफूज आमिल, याकूब रजा और इरशाद आलम रोशन चम्पारणी समेत कई शोअरा नातिया कलाम पेश करेंगे।मदरसा के फाउंडर मोहम्मद अमीरुद्दीन अंसारी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रुपों का धारण कर अपनी कला प्रदर्शन किया

कल्याणपुर(एनएसबी)। उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शीतलपुर में दशहरा पर्व के अवसर पर छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रुपों का धारण कर अपनी कला प्रदर्शन किया। वहीं लुप्तप्राय लोक कला झिझिया का गीत श्तोहरे भरोसे ब्रह्म बाबा झिझिया बनैलिऐ होश पर भाव नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। छात्राओं की इस प्रस्तुती की खूब सराहना मिली। कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं में मिनाक्षी कुमारी, नव्या, निशू, गिन्नी, सोनी, मानवी, अमृता , जिया नेहा, संजना, रौशनी, अंजना ,पलक, अंजली कुमारी ने मां दुर्गा के नौ रुपों, झिझीया व अन्य कार्यक्रम की प्रस्तुती दिया। प्रधानाध्यापिका रचना कुमारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दशहरा पर्व के अवसर पर शिक्षा रुपी हथियार से अशिक्षा, पाखंड, रुढिवादिता, अंधविश्वास को दूर करने का संकल्प लें। शिक्षक सुधांशु शेखर ने मां दुर्गा के नौ रुपों का अर्थ एवं महत्व को समझाया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक कुमार ने किया। छात्राओं के इस कार्यक्रम में शिक्षिका ज्योति कुमारी, कविता कुमारी, जाविया खुर्शीद, का सहयोग रहा। मौके पर शिक्षक कुंदन द्विवेदी, सुधीर राम, नेयाज अहमद, पप्पू कुमार, संजय बैठा, राजकुमार आदि उपस्थित थे।

कोसी नदी के कटाव से स्थायी समाधान को लेकर सांसद को ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन

बेलदौर(एनएसबी)। कोसी नदी के भीषण कटाव से स्थायी निदान दिलाने को लेकर सांसद राजेश वर्मा को ग्रामीणों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। मालुम हो कि बेलदौर प्रखंड क्षेत्र बलैठा पंचायत अन्तर्गत पचाठ गोलाघाट से लेकर डुमरी दुर्गा स्थान मुसहरी टोला तक करीब 15 सौ मीटर के दायरे में हो रहे कटाव को रोकने के लिए यह आवेदन दिया गया है।आवेदन पत्र पर क्षेत्र के दर्जनों से अधिक गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, पचाठ गांव के हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने मौखिक रूप से भी सांसद से आग्रह किया कि इस विकट समस्या का कोई ठोस और स्थायी समाधान निकाला जाए। ग्रामीणों की गुहार सुनने के बाद सांसद राजेश वर्मा ने उन्हें इस समस्या के स्थायी निदान हेतु हरसंभव प्रयास करने और जल्द उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।ग्रामीणों ने बताया कि कोसी कटाव की इस गंभीर समस्या से निजात पाने के लिए वर्तमान सांसद के साथ-साथ पूर्व सांसदों और खगड़िया के जिलाधिकारियों को भी पूर्व में कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं। प्रशासन द्वारा कुछ मौकों पर कार्य कराए भी गए, लेकिन वे नाकाफी साबित हुए और आज तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं मिल पाया है।ग्रामीणों ने कहा कि हर साल कोसी नदी के कटाव के कारण उपजी इस स्थिति से सहमे ग्रामीणों ने एक बार फिर नए सिरे से आवेदन देकर गांव और इलाकों को कटाव से पूरी तरह मुक्त करने की पुरजोर मांग की है।

महिला में थाना में आवेदन देकर लगायी न्याय की गुहार

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के रोहियामा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। इसको लेकर रोहियामा गांव निवासी दिनेश पासवान की पत्नी पूनम देवी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पूनम देवी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि शुक्रवार देर रात गांव के ही स्वर्गीय नागो पासवान के पुत्र पप्पू पासवान ने उनके घर के पास पहुंचकर गाली-गलौज की। पीड़िता के अनुसार, पूर्व में भी पप्पू पासवान के पुत्र द्वारा उनके पति को जान से मारने की नीयत से गोली चलाई गई थी, जिसके बाद पप्पू पासवान न्यायिक हिरासत भी गया था। अब जमानत पर छूटकर बाहर आने के बाद वह लगातार उनके परिवार को गाली-गलौज दे रहा है और जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे पूरा परिवार भय के साये में जी रहा है। इसी बात से परेशान होकर पीड़ित महिला ने थाने में न्याय की गुहार लगाई है।वहीं, दूसरे पक्ष के पप्पू पासवान ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद और झूठा बताया है। उनका कहना है कि उन्हें झूठे गाली-गलौज के मामले में फंसाकर दोबारा मुकदमा दर्ज कराने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने रात में किसी भी प्रकार की गाली-गलौज नहीं की है और उन्हें इस विवाद में जानबूझकर घसीटा जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआई अभिषेक कुमार ने दोनों पक्षों को थाने पर तलब किया। पुलिस अधिकारी ने मामले की छानबीन करते हुए आरोपी पप्पू पासवान को कड़ी फटकार लगाई और सख्त चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को दोबारा परेशान किया गया या गाली-गलौज दी गई, तो उनके खिलाफ कानूनन कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

दुर्गा पूजा को लेकर बनमा ईटहरी में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील, अफवाहों से दूर रहने की दी सलाह



फ्लैग मार्च पुलिस अधिकारी व कर्मी।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बनमा ईटहरी थाना पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने विभिन्न गांवों व प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर लोगों से शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने बताया कि फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर तेलियाहाट, खुरेशान, मुरली, रसलपुर, सुगमा और प्रियनगर होते हुए परसबन्नी तक जाएगा। इस दौरान पूजा स्थलों और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा आस्था और श्रद्धा का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दें। कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय स्थिति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। थानाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस का प्रयास है कि लोग निर्भीक होकर पूजा-अर्चना करें और क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाया जाए।

सिमरी बख्तियारपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन संपन्न, बाल स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग



पथ संचलन करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ।

सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)। सिमरी बख्तियारपुर में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवकों एवं अनेक बाल स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अनुशासित कदमताल के माध्यम से स्वयंसेवकों ने समाज में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता, एकता एवं अनुशासन का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश यादव, अमित कुमार, अरविंद भगत, प्रदीप गुप्ता, आजाद कुमार, बाला कुमार, नितीश, आयुष एवं श्रेष्ठ कुमार सहित अनेक बाल स्वयंसेवक उपस्थित रहे। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का उत्साह, अनुशासन एवं संगठन के प्रति समर्पण देखने को मिला। बाल स्वयंसेवकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रेरणादायक बनाया। इस आयोजन के माध्यम से समाज में राष्ट्रीय चेतना, सेवा भाव, संस्कार एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में संगठन, सेवा, संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करता है। पथ संचलन इसी उद्देश्य को जन-जन तक पहुँचाने का एक माध्यम है।

बाल श्रमिक विद्यालय शिक्षकों ने बैठक आयोजित कर सेवा समायोजन की मांग



बैठक में बाल श्रमिक विशेष विद्यालय के शिक्षक।

सहरसा शहर (एनएसबी)। राष्ट्रीय बाल श्रमिक परियोजना के अंतर्गत बिहार के विभिन्न जिलों में संचालित बाल श्रमिक विशेष विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के समायोजन एवं नियमितीकरण के संबंध में शनिवार को विशेष बैठक का आयोजन किया गया।बाल श्रमिक विद्यालय के शिक्षक जवाहर झा ने बताया कि कि हम लोग बाल श्रमिक परियोजना के तहत विभिन्न विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे थे। लगभग 12 वर्ष सेवा देने के पश्चात हम लोगों को मौखिक आदेश से हटा दिया गया। वहीं 2018 में सर्व शिक्षा अभियान के तहत शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित समग्र शिक्षा अभियान में समाहित करने के आदेश निर्गत जारी किए गए लेकिन इस संबंध में समग्र शिक्षा अभियान द्वारा रिक्त पद नहीं होने की बात कह कर अब तक उन लोगों का सेवा समायोजन नहीं किया गया है। जबकि उन लोगों का अब उम्र भी समाप्ति की ओर है। उन लोगों ने यथाशीघ्र सभी कर्मियों की बहाली की मांग की है। इस मौके पर नरेश कुमार राय, अजीत मुखिया, रमेश मुखिया, उमेश सदा, सीताराम सदा, रामप्रवेश सदा, रमेश केवट, कैलाश पासवान, सिकंदर राम, संतोष कुमार, नारायण राम, रामचंद्र शर्मा, मुक्तेश्वर राम, अनिल पासवान, आशा कुमारी, उर्मिला देवी, अनिता कुमारी, हेमंत कुमार, भूमि राम, बटेश्वर राम, जवाहर राय सहित अन्य मौजूद थे।

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 28 अक्टूबर से तीन नवम्बर तक होगा आयोजन दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा हवाई अड्डा मैदान में भूमि पूजन आयोजित



भूमि पूजन करते दिव्य ज्योति जागृति संस्थान।

सहरसा शहर (एनएसबी)। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक मधुबनी हवाई मैदान में श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।इस आयोजन के सम्बन्ध में सर्वश्री आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी कुन्दनानंद जी महाराज ने बताया कि मधुबनी हवाई अड्डा मैदान में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के निमित्त शनिवार को भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मधुबनी नगरनिगम के मेयर अरूण राय सहित सुप्रसिद्ध कथावाचिका सुश्री पदमहस्ता भारती जी सहित अन्य मौजूद रहें।मेयर अरूण राय नें कहा कि दिव्य ज्याति जागृति संस्थान के द्वारा श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन मधुबनी जिलेवासियों के लिए गौरवपूर्ण एवं सौभाग्य की बात है।इस कथा में बिहार के सभी जिलों सहित पं बंगाल,झारखंड,उत्तर प्रदेश एवं पड़ोसी देश नेपाल भुटान सें बड़ी संख्या में भक्त व श्रद्धालू भाग लेगें।वही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन व आवासन की बेहतर व्यवस्था किया गया है।स्वामी कुन्दनानंद जी महाराज ने कहा कि भागवत ज्ञान कथा के अंतर्गत 27 अक्टूबर को भव्य वाहन शोभा यात्रा एवं 28 की सुबह कुमारी कन्याओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत शास्त्र कलयुग में साक्षात श्री कृष्ण की प्राप्ति करने वाला और नित्य प्रेमानंद स्वरूप फल प्रदान करने वाला है। भागवत ज्ञान कथा के द्वारा जहां व्यक्ति को सामाजिक समस्याओं का समाधान मिलता है। वहीं परमानंद दायक किशोर दर्शन की अभिलाषा भी तीव्र होती है।

सराही में भव्य मैया जागरण का उद्घाटन, भक्ति में डूबा पूरा क्षेत्र, दीप प्रज्वलन व फीता काट जन प्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ, माँ भगवती के जयकारों से गूंजा सराही



उद्घाटन करते प्रतिनिधि व अतिथि।

सहरसा शहर (एनएसबी)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ कात्यायनी पूजन दिवस के मौके पर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 40, सराही स्थित माँ भगवती स्थान में भव्य मैया जागरण का आयोजन किया गया। माँ भगवती के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने माता रानी की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, वैश्य समाज जिलाध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह, जदयू नेता देवेंद्र कुमार देव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, पूर्व पार्षद दिनेश पासवान, वैश्य कोषाध्यक्ष संतोष कुमार लड्डू, सुनील गुप्ता एवं पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि माँ भगवती की आराधना सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा का अभिन्न अंग है। ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व है। माँ भगवती की कृपा से समाज में प्रेम, भाईचारा और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होनी चाहिए।

सिमरी बख्तियारपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई 34.641 किलो गांजा के साथ दंपती गिरफ्तार

कार्यालय (सहरसा) (दैनिक नवसंदेश)। जिले के बख्तियारपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के एक मामले में 34.641 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक दंपती को गिरफ्तार किया है।

बरामद मादक पदार्थ की बाजार में कीमत कितनी है, इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति में नहीं दी गई है। एसडीपीओ निशिकांत भारती ने सिमरी बख्तियारपुर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि पुलिस को 16 सितंबर 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या-12 में ब्रह्मदेव यादव और उनकी पत्नी चंद्रिका देवी अपने घर से गांजा का कारोबार करते हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने छापेमारी की योजना बनाई। पुलिस टीम जब बताए गए स्थान पर पहुंची तो दो व्यक्ति घर से निकलकर भागने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक व्यक्ति की पहचान ब्रह्मदेव यादव, पिता स्वर्गीय बैदु यादव, निवासी सिमरी बख्तियारपुर, वार्ड संख्या-12 के रूप में हुई। दूसरे व्यक्ति की पहचान चंद्रिका देवी के रूप में की गई। पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान ब्रह्मदेव यादव के घर में एक सेड के नीचे प्लास्टिक के बोरे में छिपाकर रखा गया गांजा जैसा पदार्थ बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी चंद्रिका देवी और बेटे ब्रजेश यादव के साथ मिलकर गांजा का कारोबार करता है। इसके बाद पुलिस ने घर के आसपास और लगभग 50 मीटर दूर स्थित खेत में भी तलाशी अभियान चलाया। खेत में धान के पौधों के बीच छिपाकर रखे गए दो बोरों से भी गांजा जैसा पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, एक बोरे से 23.400 किलोग्राम और दूसरे से 9.170 किलोग्राम गांजा जैसा पदार्थ मिला। घर से बरामदगी को मिलाकर कुल मात्रा 34.641 किलोग्राम बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में ब्रह्मदेव यादव और चंद्रिका देवी को गिरफ्तार किया है। सिमरी बख्तियारपुर थाना कांड संख्या 358/26, दिनांक 16 अक्टूबर 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ निशिकांत भारती ने बताया कि मामले के अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मादक पदार्थ की आपूर्ति कहां से की जाती थी और इस कारोबार में अन्य लोगों की संलिप्तता है या नहीं।



प्रेस वार्ता में एसडीपीओ निशिकांत भारती व अन्य।

राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय कुश्ती खेल प्रतियोगिता में जीते 12 मेडल



कुश्ती प्रतियोगिता खिलाड़ी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय कुश्ती खेल प्रतियोगिता कैमूर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के संयुक्त तत्वावधान में 13 से 16 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता के दुसरे दिन कोशी प्रमंडल के सहरसा जिला के ग्रीकोरोमन प्रणव कुमार अंडर 19 वजन 83 किलो गोल्ड मेडल। फ्रीस्टाइल अंडर 17 अभिनव कुमार वजन 65 किलो, सिल्वर मेडल, प्रत्युष कुमार अडंर 17 किलो 57 कांस्य पदक। फ्री स्टाइल सोनू कुमार अंडर 19 वजन 55 किलो कांस्य मेडल।

फ्रीस्टाइल विभीषण कुमार अंडर 19 वजन 53 किलो कांस्य। फ्रीस्टाइल पियूष सौरभ अंडर 19 वजन 54 किलो कांस्य पदक। ग्रीकोरोमन शिवम् राज वजन 67 किलो अंडर 19 सिल्वर मेडल। ग्रीकोरोमन देवाशीष सिंह अंडर 19 वजन 61 किलो सिल्वर मेडल। फ्रीस्टाइल अमित कुमार वजन 85 किलो सिल्वर मेडल। फ्रीस्टाइल-बमबम कुमार, अंडर 19 बजन 61 किलो कास्यं मेडल। फ्री स्टाइल गणित कुमार अंडर 14 वजन 35 किलो कांस्य मेडल। फ्री स्टाइल शिवम कुमार अंडर 14 बजन 40 किलो सिल्वर मेडल कुल कुल 12 पदक कोशी प्रमंडल को प्राप्त किये। जिसमें सभी सहरसा जिला के युवा होनहार जांबाज पहलवानों ने कैमूर जिला की माता मुण्डेश्वरी मैया की धरती पर सहरसा जिला का परचम लहराते हुए अपने ही विगत वर्षों का रिकार्ड को ध्वस्त करते हुए नया रिकार्ड बनाया। विगत वर्ष मे सहरसा कुश्ती खेल में 10 मेडल प्राप्त किया था। सहरसा कुश्ती खेल में लगातार सुनामी लहर की तरह आगे बढ़ते हुए इतिहास लिखने का काम आरंभ है। सहरसा कुश्ती संघ के जिला सचिव 13 बार नेशनल कोच 35 बार बिहार राज्य खेल प्राधिकरण बिहार सरकार पटना से तकनीकी पदाधिकारी रेफरी हरेंद्र सिंह मेजर ने कहा देहात में प्रतिभावान युवा पहलवानों की दिनों दिन संख्या बढ़ रही है। उसका फायदा मेडल में परिवर्तन दिखाई देता है। इस ऐतिहासिक उपलब्धियों पर जिला खेल पदाधिकारी कुमारी तोसी एवं जिले के तमाम खेल संघ ने युवा शक्ति होनहार जावांज पदक प्राप्त पहलवानों को साथ ही सचिव नेशनल कोच तकनीकी पदाधिकारी रेफरी हरेंद्र सिंह मेजर को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी।

डेढ़ सौ वर्ष पूर्व खुदाई में मिली थी शाहपुर में मां दुर्गा की प्रतिमा

■ मनोकामना दुर्गा मंदिर में दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु, मन्नत पूरी होने पर चढ़ाते हैं प्रसाद और देते हैं छागर की बलि



मूर्ति का फोटो।



पुजारी का फोटो।

सहरसा सदर (एनएसबी)। जिले के सोनवर्षा प्रखंड अंतर्गत शाहपुर पंचायत के शाहपुर बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां जिले के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई मुराद यहां पूरी होती है। मनोकामना पूर्ण होने के बाद श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाने के साथ छागर की बलि भी देते हैं। मंदिर में छागर बलि की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। दुर्गापूजा के दौरान मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना होती है। प्रतिदिन रामायण का प्रसारण भी किया जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहता है।

मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार, करीब 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों की कोठी के समीप खेत में खुदाई के दौरान मां दुर्गा की पत्थर की प्रतिमा मिली थी। बताया जाता है कि तत्कालीन जमींदार ठाकुर परमहंस बाबू को स्वप्न में मां दुर्गा ने दर्शन देकर बताया कि अंग्रेजों की कोठी के पास खेत में उनकी प्रतिमा जमीन के अंदर दबी हुई है। इसके बाद बताए गए स्थान पर खुदाई कराई गई, जहां मिट्टी के नीचे से पत्थर की प्रतिमा बरामद हुई। प्रतिमा मिलने के बाद उसे वहीं स्थापित कर पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई। मान्यता है कि प्रतिमा को दूसरी जगह स्थापित करने का प्रयास किया गया, लेकिन लोगों को दोबारा स्वप्न में मां की प्रतिमा को उसी स्थान पर रखने का संकेत मिला। इसके बाद प्रतिमा को वहीं स्थापित कर दिया गया। बताया जाता है कि जिस खेत से प्रतिमा मिली थी, उसका नाम भी दुर्गा चैड़ी पड़ गया। ऐसे पहुंच सकते हैं मंदिर शाहपुर दुर्गा मंदिर सहरसा से करीब 27 किलोमीटर और सोनवर्षा से करीब 5 किलोमीटर उत्तर शाहपुर बाजार में स्थित है। यहां बस, टेंपो सहित अन्य वाहनों से सड़क मार्ग के जरिए आसानी से पहुंचा जा सकता है। क्या कहते हैं पूजा समिति के अध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष, पूजा समिति ने बताया कि शाहपुर की मां दुर्गा को मनोकामना दुर्गा मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। सच्चे मन से मन्नत मांगने वाले श्रद्धालुओं की मां मुराद पूरी करती हैं। यही वजह है कि दूर-दूर से लोग यहां दर्शन और पूजा के लिए पहुंचते हैं। क्या कहते हैं मंदिर के पुजारी पंडित अजय झा, पुजारी ने बताया कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मनोकामना लेकर मां के दरबार में आते हैं, उनकी मनोकामना जरूर पूर्ण होती है। मां के दरबार से कोई श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता, ऐसी लोगों की आस्था है। मेला को सफल बनाने के लिए मेला कमिटी में राजकुमार गुप्ता, रवि आनंद, आशु गुप्ता, इंदु मोदी, आशिष गुप्ता, सुनील गुप्ता सहित कई युवा सक्रिय है।

17 घंटे बाद मिला 22 वर्षीय युवक का शव, गांव मातम



एसडीआरएफ की टीम निकाला शव।

सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के हंसारी गांव के समीप बोहबा घाट तीनमुहानी स्थित पुल से नदी में डूबे 22 वर्षीय युवक का शव शनिवार को घटना के करीब 17 घंटे बाद बरामद किया गया। मृतक की पहचान हंसारी गांव के वार्ड संख्या पांच निवासी विश्वनाथ सिंह के पुत्र लक्ष्मण कुमार के रूप में हुई है। शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार लक्ष्मण शुक्रवार शाम कुछ किशोरों के साथ बोहबा घाट सोच के लिए गया था। वहीं सभी पुल पर बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नदी में गिर गया। साथ मौजूद किशोरों के शोर मचाने पर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर थाना पुलिस और अंचल प्रशासन सक्रिय हुआ। शनिवार को सीओ रवि कुमार व पुलिस की मौजूदगी में एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद शव बरामद हुआ। सीओ रवि कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए सहरसा सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सरकारी नियमानुसार मुआवजे के लिए अनुशंसा की जाएगी।

माँ भगवती की महिमा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

सहरसा शहर (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर कचहरी स्टेशन स्थित माँ दुर्गा प्रांगण, सहरसा में आयोजित देवी भागवत कथा के छठे दिन माँ भगवती की महिमा एवं महिषासुर वध के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज के श्रीमुख से देवी की अद्भुत शक्ति, साहस और धर्म की स्थापना से जुड़ी कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और माँ भगवती के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।कथा के दौरान आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने बताया कि जब महिषासुर के अत्याचारों से देवता, ऋषि-मुनि और समस्त संसार त्रस्त हो गए, तब देवताओं की शक्तियों से माँ दुर्गा का दिव्य प्राकट्य हुआ। माँ भगवती ने महिषासुर के साथ भीषण युद्ध किया और अंततः उसका वध कर संसार को उसके आतंक से मुक्त कराया। यह प्रसंग अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें।

सोनवर्षा राज की मां भगवती दुर्गा की महिमा अपरम्पार है यहां होती है हर मुरादें पूरी

वैदिक एवं तांत्रिक विधि से भव्य पूजा अर्चना के साथ 56 भोग चढ़ाए जाते हैं

रोशन कुमार सिंह



दुर्गा की भव्य मंदिर व प्रतिमा।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। नगर पंचायत के मुख्य बाजार के बीचोबीच मां भगवती दुर्गा की भव्य मंदिर स्थापित है। मां दुर्गा के पूजा की शुरूआत सोनवर्षा महाराज हरिवल्लभ नारायण सिंह के द्वारा अपने गोतिया बेहट गांव के जमींदार जालिम सिंह के यहां से प्रेक्षित बलि देकर लाए थे। शुरूआत में में सोनबरसा के महाराजा हरिवल्लभ नारायण सिंह ने अपने आवास विजय विलास के ठीक सामने उत्तर तरफ सैकड़ों वर्ष पूर्व मां दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए भीत (मिट्टी) का और खपरैल मंदिर बनाए थे। दुर्गा पूजा मेला समिति के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं कमिटी के सदस्यों के प्रयास और मेहनत से आज वो मंदिर अब भाव्य रुप धारण कर लिया है। अब इसकी सुंदरता और भी देखते ही बनती है मां के प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर पंचायत के अध्यक्ष मनीष कुमार के द्वारा पूरे प्रांगण में टाइल्स लगा दिया गया जो और भव्य लगता है। उक्त मंदिर में दशहरा में मां दुर्गा की पूजा अर्चना वैदिक व तांत्रिक दोनों विधि से भव्य रूप से की जाती है। पूजा के विधि विधान को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए इलाके के प्रकांड विद्वान पंडित सुमन झा जी बताते है कि सोनवर्षा में की जाने वाली विधि विधान दरभंगा व गढ़ बनैली स्टेट के सिवाय अन्य जगह नहीं अपनाई जाती है। पूजा का संपूर्ण विधान पंडित ताराचरण झा द्वारा वर्ष 1890 में प्रकाशित पुस्तक के अनुसार की जाती है। पूजा का विधान पूर्णतः वैदिक एवं तांत्रिक विधि से होता है। वैदिक विधान में देवी को सात्विक भोग जबकि तांत्रिक विधि के अनुसार निज्ञा पूजा की रात 56 भोग में मछली भी चढ़ायी जाती है। निशा पूजा की रात में छागड़ की वलि प्रदान से प्रारंभ होता है जबकि नवमी के दिन हजारों लोग अपनी मनोकामना पूर्ण होने के बाद माता के दरवार में छागर की बलि चढ़ाने आते है जो हजारों की संख्या में होती है। मां भगवती सोनवर्षाराज में बलिदान का भी एक अजूबा दृश्य होता है। पुरान जहां से माता को लाया गया वो दुर्गा स्थान के नाम स तथा माता की पिण्डीनुमा स्थान आज भी वहां मौजूद है। माता भगवती की महिमा अपरम्पार है। माता के यहां सच्चे मन से जो भी मनोकामना मांगी जाती है यह। अवश्य पूर्ण होती है। यहां की सबसे बड़ी खासियत है बलि प्रदान एक ही परिवार से सोनवर्षा के स्व कृपाली सिंह के परिवार द्वारा ही अब तक किया जाता रहा है। साथ ही बलि प्रदान कार्य बायें हाथ से ही किया जाता है। नवमी के दिन। माता के दरबार में दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं कभी-कभी भक्तों के मुरादें पूरी होने पर दूर दराज से भैसा भी चढ़ाने आते है।बलिदान के समय ढोल नगाड़े एवं पिपहू बाजा बजते ही माता दुर्गा का रुप देखते ही बनता है गजब विकराल रुप मां भगवती दुष्टों का संहार कर भक्तों को शुभ आशीष प्रदान कर मानो कष्टों को हर लेती है। सोनबरसा की दुर्गा का विसर्जन भी भव्य तरीके से एवं एक विशेष वर्ग मल्लाह जाति। द्वारा ही विसर्जन के नियत समय से कंधे पर। लेकर मंदिर का परिक्रमा के बाद बिना किसी रुकावट के मां भगवती दुर्गा को सीधे महाराज सोनवर्षा के कन्ही पोखर में विधि विधान के साथ विसर्जित किया जाता है।

संक्षिप्त खबरें

एनडीए समर्थित उम्मीदवार का करें सहयोग : सांसद

खगड़िया। जिला मुख्यालय स्थित होटल यशराज में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने खगड़िया में चल रहे विकास के कार्य को सराहा। उन्होने मथार में गंगा नदी से हो रहे कटाव की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी दी। सांसद ने दिल्ली में सीजेपी के प्रोटेस्ट के संबंध में भी प्रतिक्रिया दी। वही कोसी ातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित विधान परिषद प्रत्याशी को जीताने के लिये एनडीए नेताओं को कार्य करने को कहा। वहीं, खगड़िया सदर विधायक बबलू मंडल और परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य ने एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ चुनाव अभियान को मजबूती देने का आह्वान किया। इस अवसर पर खगड़िया लोकसभा के मुख्य सांसद प्रतिनिधि पवन जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत, जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी, लोजपा (रा) जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, जदयू नेता पंकज पटेल, मंटू चौधरी, जिला प्रवक्ता इंजीनियर धर्मेंद्र यादव, इंजीनियर गौरव राज, भाजपा नेता ष्ण कुमार उर्फ मुन्ना यादव सहित एनडीए के अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुर्गा पूजा समिति द्वारा भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन

महेषखूंट। थाना क्षेत्र जय भारत दुर्गा पूजा समिति, गौछारी रेलवे स्टेशन के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा व उत्साह के साथ किया जा रहा है। प्रथम पूजा से ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है और प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पूजा के अवसर पर भावपूर्ण नृत्य और सती बिहुला नाटक का पांच दिवसीय विशेष मंचन चल रहा है, जो दर्शकों के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस अवसर पर बच्चों के बौद्धिक व सांस्तिक विकास के लिए जि प्रतियोगिता, भाषण, संगीत और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को समिति द्वारा पुरस्त कर सम्मानित किया जाएगा। वही महाअष्टमी के पावन अवसर पर बनारस से पधारे विद्वान आचार्यो द्वारा भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया जाएगा। वही महानवमी और विजयादशमी को विधि-विधान से महाहवन तथा भव्य देवी जागरण का आयोजन होगा। मेला समिति के अध्यक्ष विनय कुमार वरुण, सचिव हरिश्चंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष ललित चौरसिया, निरंजन चौरसिया, लव कुमार, लवली साह, मुकेश सिंह, राज कुमार साह, मिथिलेश सिंह, बाल्मीकि यादव, अभय कुमार, नवीन कुमार, धीरेंद्र चौरसिया, हंनेश कुमार, संजीव कुमार, संजय कुमार, श्रीकांत चौरसिया, आलोक कुमार, संजीव कुमार रंजन, संगीता कुमारी, विवेक कुमार, सौरव कुमार, कैलाश चौरसिया एवं विद्यानंद सिंह सहित पूरी कमेटी पूरी निष्ठा से जुटी हुई है। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय जनता का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

भारोत्तोलन संघ ने खिलाडियों को किया उत्साहित

खगड़िया। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन दिवस पर वरीय उप समाहर्त्ता सह जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार को भारोत्तोलन संघ के पदाधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता प्रवीण कुमार ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व सन् 2024 ई को भारोत्तोलन संघ की स्थापना की गई थी। भारोत्तोलन संघ के सचिव संतोष कुमार, अध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत, कोषाध्यक्ष अंबुज कुमार पोद्दार बधाई के पात्र हैं। मौके पर सक्रिय सदस्य संजीत कुमार, श्रवण आर्य,खेल विभाग के अजय कुमार साह, विश्वजीत कुमार सहित अन्य मौजूद थें।

शेष खबरें पेज नं. 9 पर

अफवाह फैलाने और माहौल बिगाड़ने वालों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

चौथम (एनएसबी)। दुर्गा पूजा एवं मेला के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चौथम प्रखंड में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा मेले को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन तक ने सुरक्षा की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत विभिन्न पूजा स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए थाने में बिहार पुलिस बल की कई अतिरिक्त कंपनियां भी मंगाई गई हैं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य पूजा एवं मेला के दौरान श्रद्धालुओं और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा पूरे क्षेत्र में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहे। मेला के दौरान अलग-अलग स्थानों पर अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और किसी भी स्थिति में



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

तत्काल कार्रवाई की जा सके। चौथम प्रखंड एवं थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार तथा चौथम पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार को संपूर्ण प्रखंड एवं थाना क्षेत्र में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा विभिन्न पूजा स्थलों और मेला क्षेत्रों में अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।चौथम दुर्गा स्थान एवं आसपास के क्षेत्रों में अंचलाधिकारी रवि राज तथा षि पदाधिकारी महेश कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं, सरैया दुर्गा स्थान में तकनीकी सहायक अरविंद कुमार सिंह एवं पुलिस अवर निरीक्षक पूजा कुमारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार धुतौली-मालपा पूजा स्थल पर स्वच्छता समन्वयक राजीव कुमार झा एवं पुलिस अवर निरीक्षक सोनू कुमार की तैनाती की गई है। सोनबरसा घाट उत्तर क्षेत्र में कनीय अभियंता राजीव रंजन तथा पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। जबकि सोनबरसा घाट दक्षिण क्षेत्र में ग्रामीण पर्यवेक्षक अभिषेक कुमार एवं पुलिस अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अतिरिक्त ठुठ्ठी हटिया के आसपास राजस्व अधिकारी प्रमोद कुमार एवं पुलिस अवर निरीक्षक सिंटू कुमार की तैनाती की गई है। करवा मोड़ के आसपास कनीय अभियंता साद अंजुम एवं पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं, पिपरा बाजार में षि समन्वयक रविशंकर कुमार एवं पुलिस अवर निरीक्षक प्रताप सिंह को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि दुर्गा पूजा एवं मेला के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय स्थिति की जानकारी मिलने पर खुद से कोई कदम उठाने के बजाय तत्काल संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों या थाना को सूचित करें। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखते हुए पूजा में सहयोग करने की अपील की है।वहीं, चौथम पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार ने स्पष्ट किया कि मेला के दौरान मनचलों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। शांति व्यवस्था भंग करने, हुड़दंग मचाने या किसी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की टीम मेला स्थलों पर लगातार निगरानी रखेगी, ताकि श्रद्धालु बिना किसी भय के पूजा-अर्चना कर सकें और मेले का आनंद उठा सकें।

शस्त्र पूजन भारतीय सनातन परंपरा और शक्ति आराधना का प्रतीक है : नितिन कुमार

बेलदौर (एनएसबी)। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय महिला परिषद के तत्वावधान में शनिवार को बेलदौर में शस्त्र पूजन एवं भव्य शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्तिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत थाना चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा के पाठ और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने चंदन लगाकर और जयघोष के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हनुमान मंदिर से आरंभ हुई यह शक्ति पदयात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए दुर्गा मंदिर पहुँची। वहाँ विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन संपन्न हुआ और प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान सनातन संस्ति, धार्मिक आस्था, सामाजिक एकजुटता और मातृशक्ति के सम्मान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नितिन कुमार उर्फ चुन्नू ने कहा कि शस्त्र पूजन भारतीय सनातन परंपरा और शक्ति आराधना का प्रतीक है। शस्त्र का उद्देश्य अन्याय करना नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, धर्म की मर्यादा और निर्बलों की सुरक्षा का संकल्प लेना है। शक्ति के साथ संयम, साहस के साथ अनुशासन और धर्म के साथ कर्तव्यबोध आवश्यक है। समाज में जागरूकता, संस्कार और एकजुटता को मजबूत करना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। अनीता देवी (प्रांत अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला परिषद) ने कहा कि मां दुर्गा का शक्ति स्वरूप नारी के सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देता है। बेटियों को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना और महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए समाज में सकारात्मक वातावरण बनाना समय की मांग है। राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी महिलाओं को सामाजिक कार्यो से जोड़ने तथा उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नगर सभापति ममता कुमारी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों को भारतीय संस्ति, सामाजिक सद्भाव और सामूहिक सहभागिता का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने, कन्याओं के सम्मान और समाज में सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन अवसर मिलता है। आयोजकों ने बताया कि शस्त्र पूजन एवं शक्ति पदयात्रा का उद्देश्य केवल पारंपरिक अनुष्ठानों का निर्वहन करना नहीं, बल्कि समाज में साहस, अनुशासन, नारी सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। संगठन अन्याय के विरुद्ध संवैधानिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाने तथा समाज सेवा के कार्यो में सदैव तत्पर रहने के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा।कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रांत महामंत्री रंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष नीरज सिंह, सहमंत्री सन्नी गुप्ता, लालमोहन सिंह, नगर सभापति प्रतिनिधि रंजन राज, पूर्व जिला पार्षद किरण देवी, केशव कुमार मोदी, प्रकाश जी, जय हिंद कुमार, भवेश कुमार, अभिषेक कुमार, वकील कुमार, पवन कुमार, नीतीश कुमार, सौरभ कुमार, दिवाकर ठाकुर, विक्की साहू, दौलत कुमार सहित संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे।

टीबी मुक्त खगड़िया अभियान के तहत डिजिटल नवाचार की नीति आयोग द्वारा की गयी सराहना

खगड़िया (एनएसबसी)। टीबी मुक्त खगड़िया अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी विक्रम विरकर की विशेष पहल पर तैयार किए गए डिजिटल प्लेटफर्म की नीति आयोग द्वारा सराहना की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह डिजिटल पहल टीबी उन्मूलन के प्रयासों में जनभागीदारी को बढ़ावा देने, सामाजिक सहयोग को सशक्त बनाने तथा तकनीक के प्रभावी उपयोग के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को जनसहयोग से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नीति आयोग द्वारा इस पहल की सराहना खगड़िया जिले में टीबी उन्मूलन हेतु किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों की महत्ता को रेखांकित करती है। बताते चले कि जिलाधिकारी विक्रम विरकर के नेतृत्व एवं सिविल सर्जन ड़ रामेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य टीबी की समय पर पहचान, जाँच की सुविधा तक आसान पहुँच और उपचार के दौरान मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराना है। डिजिटल तकनीक के साथ जनसहयोग को जोड़कर जिले में टीबी उन्मूलन के प्रयासों को व्यापक स्वरूप दिया जा रहा है। बताते चले कि 'टीबी केयर खगड़िया' पोर्टलएक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से नागरिक टीबी संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, अनलाइन जाँच का अनुरोध कर सकते हैं और अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी हासिल कर सकते हैं। वेबसाइट में उपलब्ध विकल्प के जरिए टीबी की आशंका होने पर व्यक्ति अपना नाम, मोबाइल नंबर और पता दर्ज कर जाँच का अनुरोध कर सकता है। अनुरोध दर्ज होने के बाद संदर्भ संख्या सहित पावती प्राप्त होती है। संबंधित स्वास्थ्य संस्थानों के समन्वय से आवश्यक नमूना संग्रह और जाँच की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती है। पोर्टल से नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अतिरिक्तप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। केंद्र का पता और दिशा-निर्देश लोगों को स्वास्थ्य सुविधा तक पहुँचने में सहायता करते हैं। इसके अतिरिक्त टीबी संबंधी सामान्य जानकारी, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और संपर्क विवरण भी उपलब्ध हैं। जानकारी हो कि 2 जुलाई से 8 अक्टूबर 2026 तक जिले में कुल 4,96,467 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। निर्धारित लक्ष्य 4,21,127 के मुकाबले यह उपलब्धि लगभग 118 प्रतिशत रही। इसी अवधि में कुल 38,169 एक्स-रे किए गए, जिनमें स्थायी एक्स-रे मशीनों से 24,619 तथा हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों से 13,550 जाँच शामिल हैं। उच्च जोखिम वाले 75 गाँवों पर विशेष ध्यान देते हुए चिति 22,500 संवेदनशील आबादी में से 9,254 लोगों का हैंडहेल्ड एक्स-रे किया गया। इस दौरान जिले में कुल 696 टीबी मरीज अधिसूचित किए गए, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र से 331 और निजी क्षेत्र से 365 मरीज शामिल हैं। सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों के समन्वय से मरीजों की पहचान और अधिसूचना की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। सिविल सर्जन डा0 रमेन्द्र कुमार ने कहा कि जिले के सभी सात प्रखंडों में टीबी स्क्रीनिंग, एक्स-रे जाँच और पोषण सहायता संबंधी गतिविधियाँ संचालित की गईं। निर्धारित प्रखंडवार स्क्रीनिंग लक्ष्य के मुकाबले परबत्ता में लगभग 130 प्रतिशत, गोगरी में 127 प्रतिशत, खगड़िया में 123 प्रतिशत, चौथम में 115 प्रतिशत, अलौली में 110 प्रतिशत, मानसी में 101 प्रतिशत तथा बेलदौर में लगभग 100 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई।अभियान में जिला एवं प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों, चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, पैरामेडिकल कर्मियों और प्रबंधकीय टीमों की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। टीबी मरीजों को उपचार के दौरान पोषण संबंधी सहयोग उपलब्ध कराने के लिए निक्षय मित्रों एवं अन्य सहयोगियों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रशासनिक पदाधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों और आम नागरिकों के स्वैच्छिक योगदान से मरीजों को निःशुल्क फूड बास्केट उपलब्ध कराई जाती है। प्रत्येक फूड बास्केट की अनुमानित लागत लगभग 500 रूपये है। इसमें चावल, मसूर दाल, सरसों तेल, नमक, प्रोटीन पाउडर, बादाम, घी, चना और सोयाबीन सहित नौ प्रकार की सामग्री शामिल रहती है। सीएस ने कहा कि 2 जुलाई से 8 अक्टूबर 2026 तक जिले में कुल 1,991 फूड बास्केट वितरित की गईं। वेबसाइट पर उपलब्ध दान विवरण के अनुसार, इस पहल के लिए ध्6,29,150 का योगदान दर्ज है। इस व्यवस्था के माध्यम से टीबी मरीजों को पोषण सहयोग उपलब्ध कराने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गो को टीबी उन्मूलन के सामूहिक प्रयास से जोड़ा जा रहा है। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने में जिला प्रशासन, जिला स्वास्थ्य समिति और प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य टीमों के समन्वय के साथ जिला लेखा प्रबंधक श्री रंजीत कुमार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शैलेश चंद्र का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। बिहार सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों के अनुरूप जिले में टीबी की पहचान, जाँच, मरीजों की अधिसूचना, जागरूकता और पोषण सहायता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से जाँच सेवाओं तक पहुँच आसान बनाने और जनसहयोग के माध्यम से मरीजों को सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास जारी है। टीबी की समय पर पहचान, नियमित उपचार और मरीजों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण है। 'टीबी केयर खगड़िया' पोर्टल के माध्यम से डिजिटल सुविधा और जनभागीदारी को जोड़ने की यह पहल जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने तथा टीबी मुक्त खगड़िया के लक्ष्य को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

खगड़िया (एनएसबी)। समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में ह समिति कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग, समेकित बाल विकास सेवाएँ, जीविका तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में ह समिति कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के शैक्षणिक विकास, पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा समुदाय और अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के तहत समुदाय, आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालय स्तर पर नामांकित बच्चों की 5 से 8 माताओं को शामिल करते हुए ह समिति के अंतर्गत माता समूहों का गठन किया जाएगा। इन समूहों के माध्यम से माताओं को बच्चों की पढ़ाई, पोषण एवं स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला एवं



बैठक में अधिकारीगण।

प्रखंड स्तर से प्रत्येक सप्ताह माता समूहों में बच्चों की पढ़ाई, पोषण एवं स्वास्थ्य से संबंधित उपयोगी विचार, गतिविधियाँ तथा वीडियो सामग्री साझा की जाएगी। माता समूह की सदस्य माताएँ इन सामग्रियों के आधार पर घर पर बच्चों के साथ गतिविधियाँ करेंगी और उनके सीखने की प्रक्रिया, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं पर ध्यान देंगी ह समिति कार्यक्रम को प्रारंभिक चरण में जीविका, आईसीडीएस एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से पायलट कार्यक्रम के रूप में संचालित किया जाएगा। पायलट चरण के अनुभवों एवं परिणामों के आधार पर कार्यक्रम का विस्तार सभी प्रखंडों के विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा जीविका के स्वयं सहायता समूहों तक किया जाएगा। बैठक में शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षकगण, आईसीडीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाएँ, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की राज्य, प्रमंडल, प्रखंड एवं जिला स्तरीय टीम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

लोडेड कट्टा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

बेलदौर (एनएसबी)। बेलदौर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक लोडेड कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पीरनगरा गांव निवासी शिव नारायण ठाकुर के पुत्र सुनील ठाकुर उर्फ सूरमा भोपाली के रूप में हुई है। शनिवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान गोगरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन ठाकुर ने इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा



पत्रकारों को जानकारी देते एसडीपीओ।

और दशहरा पर्व को लेकर किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए खगड़िया पुलिस पूरी तरह तत्पर है। इसी क्रम में शुक्रवार देर शाम बेलदौर पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति देसी कट्टा लेकर घूम रहा है। सूचना के सत्यापन हेतु बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार के निर्देश पर एसआई मोहम्मद आलमगीर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही आरोपी द्वारा देसी कट्टा तानने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एकनियां बजरंगबली मंदिर के पास उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरानएक लोडेड कट्टा बरामद किया गया।प्रेस कन्फ्रेंस के दौरान गोगरी सर्किल इंस्पेक्टर सुरेंद्र प्रसाद, बेलदौर थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, एसआई सरिता कुमारी, एसआई अभिषेक कुमार, एसआई विकास कुमार, राहुल कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

सांसद ने मां दुर्गा का किया दर्शन सुख शांति की किया कामना

बेलदौर (एनएसबी)। सांसद राजेश वर्मा ने बेलदौर नगर पंचायत स्थित मां दुर्गा मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। दर्शन के उपरांत सांसद ने बेलदौर विधानसभा क्षेत्र के गोगरी प्रखंड के पोरा और बेलदौर नगर पंचायत के आम नागरिकों से मुलाकात की और उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना।



पूजा -अर्चना करते सांसद।

इसके बाद वे बेलदौर नगर पंचायत की चेयरमैन ममता कुमारी के आवास पर पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं और विकास कार्यो को लेकर विस्तृत चर्चा की।इस अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष मनीष सिंह नाटा, सांसद प्रतिनिधि ड़ पवन जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, प्रखंड अध्यक्ष अंजू सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता यामिनी मिश्रा, जिलाध्यक्ष नेता गौतम कुमार और चेयरमैन प्रतिनिधि रंजन कुमार राज सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने सांसद के समक्ष सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिस पर सांसद ने जल्द से जल्द उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन की तैयारियों का प्रेक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद् के कोसी ातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के मद्देनजर आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर-सह-प्रेक्षक, कोसी ातक निर्वाचन क्षेत्र द्वारा खगड़िया जिले में मतदान की तैयारियों एवं संबंधित व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रेक्षक महोदय ने मतदान केंद्र संख्या-02, प्रखंड विकास पदाधिकारी, खगड़िया का कार्यालय कक्षय मतदान केंद्र संख्या-02क, अंचल अधिकारी,



निरीक्षण करते प्रेक्षक।

खगड़िया का कार्यालय कक्ष तथा मतदान केंद्र संख्या-03, अनुमंडल पदाधिकारी, खगड़िया का न्यायालय कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, मतदान कार्यो की तैयारी तथा निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में प्रेक्षक ने मतदान कार्यो एवं मतदान केंद्रों की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया।

आधे दर्जन से अधिक पशुपालक घायल, तीन गंभीर

पसराहा (एनएसबी)। पसराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-31 पर पितोंझिया ढ़ाला के समीप एक अनियंत्रित वाहन के पलट जाने से 9 महिला-पुरुष पशुपालक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी पीड़ित भागलपुर जिले के भवानीपुर (नारायणपुर) थाना क्षेत्र के निवासी हैं। घटना के संबंध में घायल मिराज अली ने बताया कि वे सभी लोग गोछारी से मवेशियों के लिए चारा (घास) लादकर वाहन के जरिए अपने घर नारायणपुर लौट रहे थे। इसी दौरान अमरजीत मुखिया बासा के पास अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क



अस्पताल में भर्ती घायल।

किनारे पलट गया। इस भीषण सड़क हादसे में मिन्हाज अली और शहनाज खातून समेत कुल 9 लोग चोटिल हो गए। घायलों में तीन महिलाओं की स्थिति नाजुक बनी हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार, यातायात निरीक्षक नीरज कुमार सिंह तथा अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार पुलिस बल और आपातकालीन सेवा टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास के तीन थानों की डायल-112 पुलिस गाड़ियां भी घटनास्थल पर पहुंच गईं। पुलिस अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत रेस्क्यू किया और बेहतर प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है तथा मामले की आगे की आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

संक्षिप्त खबरें

हत्या-लूट व आर्म्स एक्ट का आरोपी कुख्यात नीतीश गिरफ्तार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बख्तियारपुर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट के मामलों में आरोपी कुख्यात नीतीश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल और सात कारतूस बरामद किए हैं। एसडीपीओ रामष्ण ने गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अपराध नियंत्रण और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, बाढ़ में लगातार जारी फ्लैग मार्च

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गा पूजा के दौरान शांति, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बाढ़ अनुमंडल पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पूजा के मद्देनजर पुलिस की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इसके जरिए आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करने और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।

सोनपुर में हो रहे भव्य श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन 20 अक्टूबर तक

सोनपुर (एनएसबी) रेलवे सांस्तिक भवन सोनपुर स्टेशन के समीप में हो रहे श्रीरामलीला मंचन के क्रम में 20 अक्टूबर 2026 को रेलवे स्टेडियम में रावण दहन एवं राम राज्याभिषेक का आयोजन होगा। पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में सांस्तिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 14 से 20 अक्टूबर, 2026 तक भव्य श्रीरामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के अंतर्गत मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के जीवन, आदर्शों एवं मर्यादा पर आधारित रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान 17 अक्टूबर को अयोध्या कांड के अंतर्गत कैकेयी वरदान, राम वनवास, राम-केवट संवाद एवं राम-भरत मिलाप जैसे प्रसंगों का मंचन होगा, 18 अक्टूबर को अरण्य कांड के अंतर्गत सीता हरण, राम-शबरी मिलन एवं बाली वध का मंचन किया जाएगा। वहीं, 19 अक्टूबर को सुंदरकांड एवं लंका कांड के अंतर्गत लंका दहन, राम सेतु, लक्ष्मण शक्तिबाण तथा रावण-अंगद संवाद जैसे महत्वपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 20 अक्टूबर को उत्तर कांड के अंतर्गत रावण दहन एवं भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 17, 18 एवं 19 अक्टूबर को श्रीरामलीला का मंचन सोनपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे सांस्तिक भवन में होगा, जबकि 20 अक्टूबर को रावण दहन एवं राम राज्याभिषेक का कार्यक्रम रेलवे स्टेडियम, सोनपुर में आयोजित किया जाएगा। श्रद्धालुओं एवं जनमानस इस भव्य श्रीरामलीला महोत्सव में सहभागी होकर मंडल कला के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रामजी के प्रसंग को देख सुन सकते हैं। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

गुलेरिया घाट नहर की जमीन पर दबंगों ने बना दी घर

सोनपुर (एनएसबी) प्रखंड अन्तर्गत कल्याण पंचायत के गुलेरिया घाट चौक के समीप सड़क किनारे गंडक नदी से जूडी नहर बनी है। बाढ़ और बरसात के दिनों में पानी से भरा रहता है। बरसात खत्म होते यह नहर का पानी समाप्त होने लगती है और गर्मी के मौसम में लगभग सूख जाती है तथा नाम मात्र के शेष पानी जहां-तहां रह जाती है। नहर और सड़क की जमीन शरारतियों की नजर पर चढ़ गई और धीरे-धीरे कब्जा करने लगे। पहले बांस-बल्ला का सहारा लिया और किसी विरोध के आलीशान घर बना लिया। इन दिनों स्थिति यह हो है कि नहर से पानी गंडक नदी आने में अवरुद्ध हो चली है। जब दूसरी बार सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र में बाढ़ आई तो हरदिया चौड़ में आकर जम गई है। सोनपुर प्रखंड में दो नहर बनी है 01 गोला बाजार, 02 आनंदपुर गांव से दरियापुर तक जूडी है। सिंचाई विभाग, सोनपुर के निगरानी में फाटक बनी है। पहली बार सोनपुर शहर में बाढ़ का कहर बरपा तो शहर के निचली हिस्सा में बाढ़ से लोग त्राहीमाम मंच गई और राज्य के मुखिया सम्राट चौधरी को हस्तक्षेप करना पड़ा और स्वयं आकर बाढ़ राहत की समीक्षा और सख्त दिशा-निर्देश दी। दूसरी बार बाढ़ ने हरदिया चौड़ से सटे गांव को अपने चपेट में ली और ईस्माईलचक गांव में निर्माणाधीन 06 लेन और 04 लेन सड़क तक पहुंच गया। सड़क किनारे निजी जमीन पर बनी होटल, किराना दूकान, जेनरल स्टोर्स की दूकान में बाढ़ का पानी आने हजारों का नुकसान हो गया है।

पट खुलते ही दौलतपुर और मुंगेर लाइन कॉलोनी के दुर्गा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



दौलतपुर घूमती की दुर्गा माता की प्रतिमा।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को लेकर जमालपुर की दौलतपुर कलोनी एवं मुंगेर लाइन कलोनी में श्रद्धा और भक्ति का माहौल चरम पर है। मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पट खुलते ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही पूजा पंडालों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। माता के दरबार में हाजिरी लगाने और आरती में शामिल होने के लिए महिलाओं की विशेष भीड़ देखी जा रही है।दोनों पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं। आरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठता है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पूजा समिति के सदस्य व्यवस्था संभालने में जुटे हैं। वहीं, मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी सतर्क नजर आ रहा है। दौलतपुर कलोनी पूजा समिति के अध्यक्ष लटोरी मंडल, सचिव राजेश रमण उर्फ राजू एवं कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि माता के दरबार में श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ पहुंच रही है। आरती के दौरान मंदिर परिसर में विशेष रूप से भक्तिमय वातावरण बना रहता है। समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और पूजा आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है।पूजा एवं मेले के सफल आयोजन में पूजा मंत्री उत्तम लाल कामत, पुरोहित आशीष गांगुली, विनय विश्वकर्मा, राजकुमार उर्फ सन्नी पासवान, आयुष कुमार, रोहित कुमार, पंकज मंडल और प्रतीक कुमार सहित अन्य सदस्य एवं श्रद्धालु सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

इरिमी में एलएचबी कोचों के अनुरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान इरिमी जमालपुर में एलएचबी लिंक हफमैन बुश कोचों के सुरक्षित एवं विश्वसनीय परिचालन और बेहतर अनुरक्षण को लेकर आयोजित एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें तीन अधिकारी विजय रंजन कुमार, प्रकाश पासवान एवं अभिषेक सोनल शामिल थे।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एलएचबी कोचों की तकनीकी संरचना, अनुरक्षण प्रणाली और विभिन्न तकनीकी घटकों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एयर ब्रेक प्रणाली, बोगी एवं सस्पेंशन, कोचों के नियमित अनुरक्षण और तकनीकी खराबियों की पहचान एवं उनके निवारण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने के साथ ही सुरक्षित रेल परिचालन के लिए निर्धारित मानकों और अनुरक्षण प्रक्रियाओं के पालन के प्रति जागरूक किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का वैलिडेशन 16 अक्टूबर को संकायाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रशिक्षण के उद्देश्यों की प्राप्ति और प्रतिभागियों द्वारा अर्जित तकनीकी ज्ञान की समीक्षा की गई। मौके पर पाठ्यक्रम निदेशक मोहम्मद अयूब खान, अरविंद कुमार एवं सुनील कुमार सिंह



समापन समारोह में अधिकारी के साथ प्रतिभागी।

सहित संस्थान के अन्य अधिकारी और संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि भारतीय रेल की कार्यकुशलता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए तकनीकी ज्ञान, निर्धारित अनुरक्षण प्रक्रियाओं का पालन और सुरक्षा मानकों के प्रति सजगता बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में करने और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि एलएचबी कोचों की बेहतर अनुरक्षण व्यवस्था यात्रियों की सुरक्षा, आरामदायक यात्रा और रेल परिचालन की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

बड़ी आशिकपुर में दुर्गा महारानी के दर्शन को उमड़ते हैं श्रद्धालु

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। आस्था, भक्ति और सांस्तिक उल्लास के संगम के रूप में बड़ी आशिकपुर की दुर्गा पूजा इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए खास आकर्षण बनने जा रही है। करीब 69 वर्षों से स्थापित दुर्गा महारानी के प्रति लोगों की अटूट आस्था के बीच इस बार भी डांडिया और हजारों दीपों से सजी महाआरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। पूजा, मेला और प्रतिमा विसर्जन को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पूजा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार ताती ने की। महामंत्री विकास कुमार सहित अन्य सदस्यों ने धार्मिक एवं सांस्तिक



बैठक करते पूजा समिति।

कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। अध्यक्ष सुमन कुमार ताती और महामंत्री विकास कुमार ने बताया कि बड़ी आशिकपुर में दुर्गा महारानी की स्थापना के लगभग 69 वर्ष पूरे हो चुके हैं। समय के साथ यहां माता के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह लगातार बढ़ा है। प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में भक्त दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से आयोजित डांडिया कार्यक्रम और माता-बहनों द्वारा हजारों दीप जलाकर की जाने वाली महाआरती पूजा की विशेष पहचान बन चुकी है। इस वर्ष भी इन आयोजनों को आकर्षक बनाने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।पूजा समिति ने स्थानीय पुलिस-प्रशासन, धर्मप्रेमियों और आम नागरिकों से सहयोग की अपील की, ताकि पूजा से लेकर प्रतिमा विसर्जन तक सभी कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। बैठक में उपाध्यक्ष सुनील राम, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, किरण कुमार, आचार्य मुकेश कुमार ताती सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

डा. नीतिश चंद्र दुबे के प्रयास से कल्याणपुर स्टेशन पर पांच ट्रेनों का ठहराव

दुर्गा महारानी मेले में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर डीआरएम ने लिया निर्णय, 17 से 23 अक्टूबर तक श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। कल्याणपुर की दुर्गा महारानी के मेले में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने यात्री सुविधा और सुरक्षा को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। डा़ नीतिश चंद्र दुबे उर्फ टीपू के प्रयास से मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने कल्याणपुर रोड रेलवे स्टेशन पर पांच प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था की है। यह सुविधा 17 से 23 अक्टूबर तक उपलब्ध कराने की बात कही गई है। इसके साथ ही स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों की गति 30 किलोमीटर प्रति घंटे निर्धारित की गई है, ताकि मेले के दौरान यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

पिछले दिनों डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने कल्याणपुर रोड स्टेशन का निरीक्षण किया था। इस दौरान वे कल्याणपुर की दुर्गा महारानी के दरबार में पहुंचे और माथा टेककर आशीर्वाद लिया। उन्होंने मेला आयोजन से जुड़े लोगों से बातचीत कर मेले में उमड़ने वाली भीड़, रेल यात्रियों की आवाजाही और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके





कल्याणपुर स्टेशन पर यात्री सुविधा बहाल के दौरान डा़नीतिश दुबे से बात करते डीआरएम।

बाद श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव सहित कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर निर्णय लिया गया।मेले के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ नियंत्रित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राज्य पुलिस और स्वयंसेवकों की मदद ली जाएगी। स्टेशन परिसर में पर्याप्त रोशनी, बैरिकेडिंग, वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था की जा रही है। जरूरत पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा दल और एंबुलेंस भी तैयार रहेंगे।श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम बनाने के लिए स्टेशन के दोनों छोर पर पैदल आवागमन के मार्ग बनाए गए हैं। वहीं, मालदा मंडल के कंट्रोल रूम में विशेष वार रूम स्थापित कर स्टेशन पर भीड़ की स्थिति और ट्रेनों के परिचालन पर लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।डीआरएम के इस निर्णय से कल्याणपुर में दुर्गा महारानी के दर्शन के लिए रेल मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं और दैनिक यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं और यात्रियों ने रेल प्रशासन की पहल का स्वागत किया है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेल पटरी पर न चलें, न बैठें और प्लेटफर्म बदलने के लिए ट्रैक पार न करें। सभी यात्री रेलवे के सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और रेलकर्मियों का सहयोग करें।

संक्षिप्त खबरें

उत्पाद विभाग की टीम पर पथराव मामले में दो ग्रामीणों पर प्राथमिकी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बस्ती में शराब कारोबारी की गिरफ्तारी के दौरान उत्पाद विभाग की पुलिस टीम पर पथराव और हमले के मामले में कार्रवाई तेज हो गई है। घटना के दूसरे दिन उत्पाद विभाग की ओर से दो लोगों को चिति कर जमालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी के आधार पर जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने मामले में कार्रवाई करने की बात कही है।बताया जाता है कि शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर ले जाने के दौरान ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते पुलिस वाहन पर पथराव किया जाने लगा। स्थिति बिगड़ने पर उत्पाद विभाग की टीम को वहां से लौटना पड़ा। हालांकि, लौटने के दौरान पुलिस ने उपद्रव में शामिल लोगों को चिति कर कार्रवाई की चेतावनी दी थी।इधर ग्रामीणों का कहना है कि दुर्गा पूजा के दौरान गांव में पूजा-पाठ का माहौल रहता है। ऐसे समय में उत्पाद विभाग की पुलिस कुछ लोगों को निशाना बनाकर परेशान कर रही है।

बेटे बादल को बहाने से बुलाकर गाड़ी में बैठाने का प्रयास

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। रामपुर चौराहे के समीप एक युवक को बहाने से बुलाकर अगवा करने की कोशिश और उसका मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। इस संबंध में युवक की मां सीमा देवी, पति अजीत कुमार सिंह ने आदर्श थाना जमालपुर में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। घटना के बाद इलाके के ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल है।सीमा देवी द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, 16 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे एक व्यक्ति अटो रिक्शा से उनके घर पहुंचा। वह आम आदमी की तरह दिखाई दे रहा था। आरोप है कि उक्त व्यक्ति उनके पुत्र बादल को घर से बुलाकर रामपुर चौराहे पर हनुमान मंदिर के समीप ले गया। वहां बादल से बातचीत करने के दौरान उसने फोन पर किसी से संपर्क किया। इसी बीच एक चारपहिया वाहन वहां आकर रुका। आरोप है कि वाहन में सवार एक अन्य व्यक्ति बादल को खींचकर गाड़ी में बैठाने लगा। इस दौरान बादल का मोबाइल फोन भी छीन लिया गया।बादल के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों का ध्यान घटना की ओर गया। आवेदन में बताया गया है कि वाहन में सवार लोग सामान्य लोगों की तरह दिख रहे थे। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश और भय का माहौल बन गया।सीमा देवी ने अपने आवेदन में कहा है कि नवरात्र के दौरान इस तरह की घटना से ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

देसी-विदेशी शराब के साथ पांच गिरफ्तार

फतुहा। गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर नदी थाने की पुलिस ने पांच शराब धंधेबाजों को करीब सात लीटर विदेशी एवं एक सौ दस लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि धंधेबाजों की पहचान मिर्जापुर नोहटा निवासी अविनाश कुमार, विजय कुमार एवं आलमपुर निवासी धीरज कुमार, बाहरी बेगमपुर निवासी विनय कुमार एवं जेठुली निवासी धीरज कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में डांडिया महोत्सव, बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

फतुहा। कल्याणपुर स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में शनिवार को डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि फतुहा डीएसपी-1 अवधेश कुमार ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में छोटी बच्चियों ने मां दुर्गा के नौ रूपों की प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों ने गरबा और डांडिया की थाप पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने डांडिया के साथ-साथ लोकगीतों पर भी शानदार नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखकर उपस्थित अभिभावक तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। मौके पर मौजूद डीएसपी-1 अवधेश कुमार ने कहा कि इस तरह के सांस्तिक कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और हमारी संस्ति को जीवित रखते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार, शिक्षक गौरव कुमार, पिंटू कुमार, सौरव कुमार, सतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मां का पट खुला, दर्शन को उमड़ी भीड़

फतुहा। शनिवार को फतुहा के विभिन्न दुर्गा पंडालों में मां का पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। गंज पर स्थित बड़ी देवी जी, कल्याणपुर, स्टेशनरोड, गोविंदपुर, सम्मसपुर सोनरू, मौजमपुर सहित सभी पंडालों में श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। यहां के पंडालों को आकर्षक फूलों और लाइटों से सजाया गया है। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने मंदिरों के पास बैरिकेडिंग कर जवानों की तैनाती की गई है। शाम होते ही मंदिरों में आरती के दौरान भीड़ दोगुनी हो गई। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। दोपहर से ही बाजार में काफी चहल-पहल बनी रही।

जन सुराज प्रत्याशी अनुज सिंह ने फतुहा में किया संवाद

फतुहा। पटना ातक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार अनुज सिंह ने शनिवार को फतुहा में मतदाताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान स्टेशन रोड स्थित एक सभागार में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जनसंवाद के दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर किशोर कुमार मुन्ना, यशवंत सिंह, रमेश कुमार, पृथ्वीराज सिंह आदि मौजूद थे।

पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

फतुहा। दशहरा पर्व के मद्देनजर शनिवार की शाम फतुहा और नदी थाने की पुलिस द्वारा शहर में फ्लैगमार्च निकाला गया। फ्लैगमार्च का उद्देश्य शरारती तवों पर नजर रखना और शांति व्यवस्था बहाल रखनी थी। थानाध्यक्षों ने बताया कि इस दौरान शरारती तव ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं। वैसे असामाजिक तवों से सख्ती से निबटा जाएगा एवं किसी भी सूरत में उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन्होंने लोगों से शांति से पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर फतुहा और नदी थाने के पुलिस अधिकारी एवं तमाम पुलिस बल मौजूद थे।

एनआईएसएम -एसईबीआई राष्ट्रीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी के ग्रैंड फिनाले में पहुंचे रामदयालु सिंह महाविद्यालय के दो छात्र

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। रामदयालु सिंह महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय की टीम ने एनआईएसएम -एसईबीआई राष्ट्रीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी 2026 के पूर्वी क्षेत्रीय चरण में सफलता प्राप्त कर राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले में भाग लेने की अर्हता हासिल की है। प्रतियोगिता के क्षेत्रीय चरण में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए सत्यम कुमार और हिमांशु कुमार का चयन किया गया है। राष्ट्रीय ग्रैंड फिनाले का आयोजन 28 और 29 नवंबर 2026 को दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दोनों चयनित विद्यार्थियों को यात्रा व्यय के मद में छह-छह हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य ड़ शशि भूषण कुमार ने दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सत्यम कुमार एवं हिमांशु कुमार का इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित होना महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता को उनकी मेहनत, प्रतिभा और शैक्षणिक जागरूकता का परिणाम बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेज के वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष ड़ प्रियंका दीक्षित एवं विभाग के वरिष्ठ शिक्षक ड़ नेयाज अहमद ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता, आर्थिक समझ और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं।

संक्षिप्त खबरें

विद्यापतिधाम रेलवे परिसर से शराब मामले में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

विद्यापतिनगर एनएसबी । पुलिस ने शराब से जुड़े मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के चमथा माझिल खूंट गांव निवासी शिबू सिंह के पुत्र विवेक कुमार के रूप में हुई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई विद्यापतिधाम रेलवे परिसर में की गई। मामले में विद्यापतिनगर थाना कांड संख्या 156/25, दिनांक 11 अक्टूबर 2005 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 की धारा के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्रवाई में पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) अमृता राज की भूमिका रही।

सुधीर हत्याकांडः पीड़ित परिजनों से मिले पर्यटन मंत्री,

एसपी से बात कर त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

विद्यापतिनगर एनएसबी। थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव में दस वर्षीय छात्र सुधीर कुमार की हत्या के मामले में शनिवार को पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने मृतक के पिता मंटुन साह से घटना की जानकारी ली और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। मंत्री ने इस मामले में एसपी से फोन पर बात कर त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। गौरतलब है कि करीब 14 दिन पूर्व शनिवार को बालक सुधीर कुमार का शव गांव की गाछी में मिला था। बालक की हत्या कर शव फेंके जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध जताया था। ग्रामीण एसपी को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए शव उठाने से इनकार कर रहे थे। बाद में डीएसपी के आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। घटना के करीब दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। पीड़ित परिवार को अब तक न्याय नहीं मिलने को लेकर लोगों में आक्रोश है। ऐसे में पर्यटन मंत्री के परिजनों से मुलाकात और त्वरित कार्रवाई के आश्वासन से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं सैकड़ों लोग जिले भर से उपस्थित रहे।

कल्याणपुर एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में 12 लोग घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। घायलों में चार की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। घायलों में श्रीनाथपारण गांव की संजू देवी, नेहा कुमारी, बेबी कुमारी, राकेश कुमार और दीपक कुमार, बिरसिंहपुर गांव के राजनारायण साह और अनुराधा कुमारी, रामभद्रपुर गांव के मो. शाहिद, तिरा गांव की सोनी कुमारी और राजेश दास तथा पूर्वा गांव के शिवशंकर दास शामिल हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि मारपीट की विभिन्न घटनाओं में घायल 12 लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया। इनमें चार की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया।

कल्याणपुर में मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में 12 लोग जख्मी, चार सदर अस्पताल रेफर

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में 12 लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। इनमें चार घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में श्रीनाथपारण गांव की संजू देवी, नेहा कुमारी, बेबी कुमारी, राकेश कुमार और दीपक कुमार, बिरसिंहपुर गांव के राजनारायण साह और अनुराधा कुमारी, रामभद्रपुर गांव के मो. शाहिद, तिरा गांव की सोनी कुमारी और राजेश दास तथा पूर्वा गांव के शिव शंकर दास शामिल हैं।

हैंडबॉल में भोजपुर के खिलाड़ियों ने बढ़ाया मान, डीएम ने किया सम्मानित

आठ खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में हैंडबॉल स्पर्धा में उपविजेता रहे भोजपुर के खिलाड़ियों को शुक्रवार को जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बनने के लिए प्रेरित किया। खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में 11 से 14 अक्टूबर तक दरभंगा के लहेरियासराय में राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। इसमें भोजपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेलों में सफलता मेहनत, अनुशासन, नियमित अभ्यास और टीम भावना का परिणाम होती है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता अमित मीणा, जिला खेल पदाधिकारी मीनू कुमारी, सचिव-सह-कोच अभिषेक कुमार ओझा तथा एनआईएस कोच सुग्रीव कुमार उपस्थित रहे।भोजपुर जिले के आठ खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता दिसंबर में पंजाब के लुधियाना में आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ियों में सागर सिंह, विशाल कुमार, आशुतोष राज, प्रत्यूष कुमार, सिंटू कुमार, नागेंद्र कुमार, आदित्य कुमार और धीरज कुमार शामिल हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है।

नंदलाल भगत के निधन पर पासवान ने जताया शोक

आरा (दैनिक नवसंदेश)। रामनवमी शोभायात्रा संयोजी ट्रस्ट के सदस्य एवं शोभायात्रा समिति के सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान ने ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य और भलुही निवासी नंदलाल भगत के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नंदलाल भगत का निधन रामनवमी शोभायात्रा समिति परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उम्रदराज होने के बावजूद वे समिति के कार्यों के प्रति समर्पित रहते थे।

विद्यापतिधाम में दुर्गा पूजा की भव्य तैयारी

पंचवटी चौक पर खुला माता का पट, कई पूजा स्थलों पर कल होंगे माता के दर्शन ● 18 और 19 अक्टूबर को सजेगी भक्ति संगीत की महफिल,





विद्यापतिनगर/एनएसबी। शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर विद्यापतिनगर प्रखंड क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल है। विभिन्न पूजा समितियों की ओर से आकर्षक सजावट, पूजा-पंडालों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। विद्यापतिधाम स्थित पूजा मंदिर के समीप 18 और 19 अक्टूबर को भक्ति संगीत की महफिल सजेगी, जबकि गढ़सिसई के पंचवटी चौक पर शुक्रवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए माता का पट खोल दिया गया।

विद्यापतिधाम में आयोजित होने वाले भक्ति संगीत कार्यक्रम में 18 अक्टूबर को अमित झा और निधि झा अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं, 19 अक्टूबर को करण यादव और शबनम सावरियां भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूजा समिति के अध्यक्ष पंचानंद गिरि, सचिव सतीश कुमार गिरि, कोषाध्यक्ष नवल गिरि सहित विपिन गिरि, पुकार बाबा, नन्हे कुमार गिरि, अमीर लाल गिरि और प्रवीन कुमार गिरि समेत स्थानीय लोग जुटे हुए हैं। इधर, गढ़सिसई के पंचवटी चौक पर माता का पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई है। पूजा-अर्चना और खोइंछा भरने के लिए महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। पूजा स्थल पर धार्मिक अनुष्ठानों को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वहीं, बाजिदपुर, मऊ बाजार, शेरपुर, प्यारे चौक, भजनगामा, मनियारपुर, कांचा, हरपुर बोचहा, बढ़ौना, खेसराहा और खेदरपुर समेत विभिन्न पूजा स्थलों पर दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। कई स्थानों पर शुक्रवार को माता का पट खुलने के बाद शेष पूजा स्थलों पर शनिवार को श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन कर सकेंगे। भक्ति गीतों और धार्मिक आयोजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है। पूजा समितियां श्रद्धालुओं की सुविधा और आयोजन को आकर्षक बनाने में जुटी हैं।

रहीमपुर प्यारे में दुर्गा जी के बेल टुट्टी को ले निकला शोभा यात्रा

प्रखंड के मनियारपुर पंचायत के रहीमपुर प्यारे गांव में दुर्गा जी के बेल टुट्टी को लेकर शनिवार को शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे हजारो की संख्या में नए वस्त्र धारण करा श्रद्धालु बैंड बजो के साथ नर और नारियों ने गांव का भ्रमण करते हुए बेल लेकर मंदिर पहुचा और पूजा अर्चना किया गया। पूजा कमेटी के दिलीप वर्मा, राज कुमार दास, महेश सहनी,दीपक कुमार ने बताया कि आज बेल पूजा के साथ रात में निशा पूजा होगा और श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया जाएगा। जिसके कारण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन करें सुनिश्चित : डीएम

जिलाधिकारी ने जन संवाद में सुनी आम नागरिकों की समस्याए



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की गंभीरता से जाँच करते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी संबंधित पदाधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवेदकों को की गई कार्रवाई से अवगत कराएँ।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। जिन मामलों में स्थलीय जाँच की आवश्यकता है, उनमें संबंधित पदाधिकारी स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जाँच करें तथा स्पष्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराएँ। साथ ही, जिन मामलों का समाधान विभागीय स्तर पर संभव है, उनका निष्पादन निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन संवाद का उद्देश्य आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, समस्याओं को समझना तथा उनके समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। सभी पदाधिकारी जनहित से जुड़े मामलों के प्रति संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान हेतु निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि संबंधित विभागों के माध्यम से उनकी समस्याओं का नियमानुसार निष्पादन किया जा सके।

सड़क हादसों में जिंदगी की उम्मीद बना मुसरीघरारी का हाईवे हॉस्पिटल

17 वर्षों से अधिक समय से डॉ. एके झा कर रहे घायलों का उपचार, सैकड़ों लोगों को समय पर इलाज देकर बचाने का दावा

समस्तीपुर एनएसबी। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए शुरूआती कुछ मिनट जिंदगी और मौत के बीच का अंतर तय कर सकते हैं। ऐसे समय में त्वरित चिकित्सा सुविधा किसी संजीवनी से कम नहीं होती। मुसरीघरारी स्थित हाईवे हॉस्पिटल वर्षों से सड़क हादसों में घायल लोगों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। अस्पताल के संचालक डॉ. एके झा 17 वर्षों से अधिक समय से दुर्घटना पीड़ितों के इलाज में जुटे हैं। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों घायलों को समय पर उपचार देकर उनकी जान बचाने में मदद की है।



राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाना और तत्काल इलाज शुरू करना बड़ी चुनौती होती है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने में देरी होने पर उसकी स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसे में हाईवे के समीप स्थित अस्पताल दुर्घटना पीड़ितों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होते हैं। डॉ. एके झा लंबे समय से दुर्घटना में घायल मरीजों के उपचार से जुड़े हैं। उनका प्रयास रहता है कि अस्पताल पहुंचने वाले घायलों को यथासंभव जल्द चिकित्सा सुविधा मिले, ताकि उनकी स्थिति को संभाला जा सके। गंभीर मामलों में प्राथमिक उपचार के बाद मरीजों को बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र भेजने की जरूरत भी पड़ती है।

सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की मदद के लिए समय पर एंबुलेंस बुलाना, घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाना और चिकित्सकीय सहायता मिलने तक जरूरी सावधानी बरतना बेहद अहम है। ऐसे में हाईवे के आसपास बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता दुर्घटना पीड़ितों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है।

17 वर्षों से अधिक समय से जारी डॉ. एके झा की यह सेवा सड़क सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा की अहमियत को रेखांकित करती है। सड़क हादसों में घायल लोगों को समय पर इलाज मिल सके, इसके लिए आम लोगों में जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता दोनों जरूरी हैं।

दुगार्पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट

थाना चौक से गुदरी, सरदारगंज और मेन बाजार से गुजरा मार्च एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक निकला फ्लैग मार्च

दलसिंहसराय नगर एनएसबी। दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसी क्रम में शनिवार को दलसिंहसराय में पुलिस-प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना चौक से शुरू होकर गुदरी, सरदारगंज और मेन बाजार होते हुए ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचा। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को शांति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया।



फ्लैग मार्च में डीएसपी विवेक कुमार शर्मा, डीसीएलआर पंकज झा, निर्वाचन पदाधिकारी रविरंजन, सीओ मो. जमशेद और थानाध्यक्ष इरशाद आलम सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल रहे। प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से गुजरे फ्लैग मार्च के जरिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी तत्परता दिखाई। दुगार्पूजा के दौरान पूजा पंडालों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। फ्लैग मार्च के माध्यम से असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, आम लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

शराबबंदी कानून के मामले में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

विद्यापतिनगर/एनएसबी। थाना पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज कांड संख्या 186/26 के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के मेयरी गांव निवासी स्व. गणेश साह के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में 26 सितंबर 2026 को विद्यापतिनगर थाना में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा 30(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

नामापुर में 751 कुंवारी कन्याओं ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा, भक्तिमय हुआ माहौल

14 वर्षों से सप्तमी तिथि पर निभाई जा रही परंपरा, बागमती नदी से जल भरकर पूजा पंडाल पहुंचीं कन्याएं

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के नामापुर गांव में शनिवार को शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर श्री श्री 108 दुर्गा पूजा समिति की ओर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। पिछले 14 वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में इस वर्ष 751 कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच निकली शोभायात्रा से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही और लोगों ने कन्याओं का स्वागत किया। शोभायात्रा की शुरूआत मंदिर परिसर से हुई। कलश धारण कर कतारबद्ध हुईं कुंवारी कन्याएं गांव की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए बागमती नदी के तट पर पहुंचीं। वहां विधि-विधान से जल भरने के बाद सभी कन्याएं पैदल पूजा पंडाल की ओर रवाना हुईं। इस दौरान जयकारों और धार्मिक उत्साह से वातावरण गूंजता रहा। ग्रामीणों ने पूरे रास्ते शोभायात्रा में शामिल कन्याओं की सहायता की और आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। **14 वर्षों से चली आ रही है परंपरा :** नामापुर गांव में प्रत्येक वर्ष नवरात्र की सप्तमी तिथि पर कलश शोभायात्रा निकालने की परंपरा पिछले 14 वर्षों से जारी है। इस वर्ष 751 कुंवारी कन्याओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष भव्यता प्रदान की। पूजा समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से शोभायात्रा व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।



एसडीओ राकेश कुमार के नेतृत्व में समस्तीपुर में निकला फ्लैग मार्च

दुर्गा पूजा पर सुरक्षा का भरोसा

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। माता दुर्गा के पट खुलने के साथ ही पूजा पंडालों एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में शनिवार को व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका मुख्य उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं सौहार्द बनाए रखना तथा आमजन के बीच सुरक्षा का विश्वास कायम करना था। फ्लैग मार्च समस्तीपुर शहर के मथुरापुर घाट से प्रारंभ होकर नगरबस्ती, इलमासनगर, छतनेश्वर मंदिर, वारिसनगर होते हुए सतमतलपुर एवं इलमासनगर तक विभिन्न क्षेत्रों से गुजरा। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी के साथ संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा बल के जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च के दौरान पदाधिकारियों ने पूजा के दौरान संभावित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, संकरी गलियों तथा संवेदनशील स्थलों का जायजा लिया। साथ ही, पुलिस एवं सुरक्षा बलों को संबंधित क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति और संवेदनशील बिंदुओं से अवगत कराया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने पर्व के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन तथा शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

समस्तीपुर प्रखंड के बिसनपुर चौक स्थित मनोकामना दुर्गा मंदिर में माता का पट खुलते ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर मां दुर्गा के जयकारों और भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। लोजपा (रामविलास) के जिला प्रवक्ता एवं दुर्गा पूजा के सहयोगी नीरज भारद्वाज ने बताया कि मंदिर में वैष्णवी रीति-रिवाज एवं धार्मिक विधान के अनुसार पूजा-अर्चना की जाती है। यहां पशु बलि की परंपरा नहीं है। श्रद्धालुओं के बीच मान्यता है कि मां के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मुराद अवश्य पूरी होती है। इसी अटूट आस्था के कारण इसे मनोकामना दुर्गा मंदिर भी कहते है।

उन्होंने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन से प्रतिमा विसर्जन तक मंदिर परिसर में भक्तिमय उत्सव का माहौल रहता है। दुर्गा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हैं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र हैं।

नवरात्र के पावन एवं भक्तिमय वेला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शिव शक्ति भवन, ताजपुर रोड में राजयोगिनी रानी दीदी के अभिनन्दन एवं आशीर्वचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ किया गया। कृष्ण भाई जी द्वारा राजयोगिनी रानी दीदी एवं उपस्थित सभी ब्रह्माकुमारी बहनों के भावपूर्ण स्वागत से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। उन्होंने अत्यंत आदर एवं आत्मीयता के साथ दीदी का अभिनन्दन करते हुए उनके आध्यात्मिक मार्गदर्शन सभी के लिए सौभाग्य का विषय बताया। इस अवसर पर बिहार एवं झारखंड ब्रह्माकुमारीज निदेशिका राजयोगिनी रानी दीदी के साथ-साथ गया समस्तीपुर की सविता बहन, मुजफ़्फरपुर की सीता बहन एवं भारती बहन, शाहपुर पटोरी की रंजना बहन, रोसड़ा की कुंदन बहन, दलसिंहसराय की सोनिका बहन, पूसा की पूजा बहन एवं मोहिउद्दीन नगर की आशा बहन को चैतन्य देवी के स्वरूप में तिलक, चुनरी ओढ़ाकर, पुष्पमाला एवं मुकुट पहनाकर तथा आरती उतारकर श्रद्धापूर्वक अभिनन्दन किया गया। साथ ही देवियों के सम्मान में उपस्थित भाई-बहनों ने श्वेत वस्त्र अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने आशीर्वचन में दीदी ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक जीवन की महत्ता समझाते हुए श्रेष्ठ विचारों, पवित्र भावनाओं एवं दैवी गुणों को जीवन में धारण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने नारीशक्ति के सम्मान, आत्मिक जागृति तथा जीवन को श्रेष्ठ संस्कारों से सुसज्जित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दीदी ने सभी को अपना स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम को मुजफ़्फरपुर से आए अरविंद भाई ने भी संबोधित किया। देवियों के सम्मान में ओम प्रकाश भाई ने भी गीत प्रस्तुत किया।

तीन दिन की रेकी के बाद पूर्व अधिकारी को मारी गयी गोली

आरा/एनएसबी। क्षत्रिय कल्याण संघ के अध्यक्ष पूर्व अधिकारी रामकुमार सिंह की रेकी के बाद हत्या की गयी है। पुलिस की अब तक की जांच के अनुसार तीन दिन रेकी के बाद गुरुवार की सुबह उन्हें गोली मार दी गयी। कहा जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज में तीन दिन पूर्व अधिकारी के टहलने जाने के दौरान संदिग्ध को उनके आने जाने के रास्ते में देखा जा रहा है। बता दें कि पूर्व अधिकारी राम कुमार सिंह रोज सुबह अपने बड़े बेटे के साथ टहलने के लिए रमना मैदान में जाते थे। रोज की तरह गुरुवार की सुबह करीब छह बजे वे बेटे के साथ टहलने जाने के लिए घर से निकले। कार निकालने के बाद वे गैराज में ताला लगा रहे थे। तभी घर के बाहर घात लगाकर बैठे बदमाशों ने उन पर गोलियां बरसा दी।

संक्षिप्त खबरें

शहर में डांडिया का रहा धूम, डांडिया में थिड़कते नजर आये बच्चे से लेकर बूढ़े तक

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। शहर में डांडिया का धूम मचा हुआ है। पिछले दिनों से ही शहर में जहांतहां डांडिया का आयोजन हो रहा है जहां



युवक-युवतियां यहां तक की बूढे लोग भी डांडिया में बजते गीतों के धून पर थिड़कते नजर आये। डांडिया में काफी भीड़ हो रहा है। डांडिया में पहला बार भाग लेकर लौटने वाले जितेन्द्र प्रसाद साईं ने बताया कि उन्हें काफी अच्छा लगा। मंजू देवी, दिव्या कुमारी, चन्दन कुमार, मानसी राज, रीना, सन्तोष, आंशु अगरवाल, प्रियंका बर्णवाल, अनिता देवी, पूजा, आयियू मास्टर दर्शराज, मास्टर विशु इत्यादि ने कहा कि डांडिया में नृत्य कर वे बहुत ही आनन्द मह्सूस कर रहे हैं।

करमौनी बाजार में दो बाइकों की टक्कर, इलाज के दौरान एक की मौत

डोभी (एनएसबी)। डोभी थाना क्षेत्र के करमौनी बाजार स्थित कट के पास शुक्रवार की देर शाम करीब नौ बजे दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में गढ़ करमौनी निवासी 54 वर्षीय शकील खान की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, दूसरे घायल की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, शकील खान स्प्लेंडर बाइक से अपने घर गढ़ करमौनी जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बुलेट बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), डोभी में भर्ती कराया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शकील खान ने दम तोड़ दिया।
शनिवार की सुबह करीब दस बजे घटना की जानकारी मिलने के बाद डोभी पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। वहीं, वारी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य देवानंद दास सहित स्थानीय ग्रामीणों ने शकील खान की मौत पर दुख व्यक्त किया।

भलुआ आहर में डूबने से 66 वर्षीय वृद्ध की मौत, स्वजनों में मचा चीत्कार

डोभी। डोभी थाना क्षेत्र के करमौनी बाजार के समीप भलुआ आहर में शनिवार की सुबह शौच करने के दौरान पैर फिसलने से पानी में डूबकर एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान भलुआ गांव निवासी 66 वर्षीय राजू मांझी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने शनिवार की दोपहर तीन बजे बताया राजू मांझी शनिवार की सुबह शौच करने के लिए भलुआ आहर की ओर गए थे। इसी क्रम में पानी छुने के दौरान पैर फिसलने से वह आहर में गिर गए और गहरे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर डोभी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, वारी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य देवानंद दास ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से मृतक के परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया।

बिना लाइसेंस के एक भी मूर्ति बैठने की अनुमति नही

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। बिना लाइसेंस के एक भी मूर्ति बैठने की अनुमति नही है। सभी मूर्ति पंडाल के आयोजकों को निर्देश दिया गया है कि अपने पूजा पंडालों में पर्याप्त वालंटियर की प्रतिनियुक्ति, पर्यपत एंट्री एव एग्जिट पॉइंट, फेयर सेफ्टी की व्यवस्था, मजबूती से पंडाल निर्माण एव बैरिकेटिंग, बिजली तारो का ऑडिट, सीसीटीव की व्यवस्था, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्था हर हाल में सभी पूजा पंडाल आयोजक रखे।

अफवाह फैलाने वाले के मंसूबे पूरे नहीं होंगेः एसएसपी

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। अफवाह फैलाने वाले के मंसूबे पूरे नहीं होंगे, की जाएगी सख्त करवाई। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सख्त निर्देश दिया कि हुड़दंग बाजी करने वालों पर पूरी पैनी नजर रखी जाएगी किसी भी सूरत में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैला कर सामाजिक ताने-बाने को डिस्टर्ब करने का प्रयास करता है तो ऐसे लोगों ध्तत्वों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए एवं 505 के अंतर्गत अविलंब कार्रवाई की जाएगी। जिले का साइबर सेल, आईटी सेल एवं सोशल मीडिया विंग के द्वारा फेसबुक, सभी व्हाट्सएप ग्रुप, पोर्टल, वेब न्यूज यूट्यूब चैनल पर विशेष नजर रखी जा रही है। गृह विभाग द्वारा भी निर्देश प्राप्त है कि विभिन्न सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा अफवाह फैलाने वाले पोस्ट करना या किसी पोस्ट को शेयर करना जिस किसी व्यक्ति या किसी समुदाय को ठेस न पहुचे, इसपर पूरी निगरानी रखी जाएगी। ग्रुप एडमिन की भी पूरी जिम्मेवारी रहेगी कि किसी भी तरह का भ्रामक कॉन्टेंट को अपने ग्रुप में न रखे। भ्रामक कंटेंट सकुर्लेट होने पर ग्रुप एडमिन के पर भी कार्रवाई होगी।

परसावां में दो साल से सड़क पर बह रहा नाली का पानी, दुर्गा पूजा में मंदिर जाना हुआ दूभर



टिकारी। कोंच प्रखंड के परसावां गांव में नाली जाम होने से पिछले दो साल से सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। ग्रामीणों को इसी पानी से होकर आना-जाना पड़ रहा है। दुर्गा पूजा के दौरान मंदिर जाने में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। फोटो में साफ दिख रहा है कि पूरी गली में घुटने तक नाली का पानी भरा है। बाइक और स्कूटी से निकलना भी मुश्किल है। पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को गंदे पानी से होकर पूजा-पाठ के लिए जाना पड़ रहा है। ग्रामीण पवन कुमार ने बताया कि इस समस्या के बारे में बिडीओ कोंच, अंचल कार्यालय कोंच, एसडीएम टिकारी प्रवीण कुंदन, डीएम गया और सरकार तक कई बार आवेदन दिया गया है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द नाली की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

रामेश्वर सिंह इंटरनेशनल स्कूल पाण्डे परसावां में सांस्कृतिक कार्यक्रम

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। बुद्धा वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन द्वारा संचालित रामेश्वर सिंह इंटरनेशनल स्कूल पाण्डे परसावां गयाजी में दिनांक 17 अक्टूबर 2026 को दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार एवं सचिव डॉक्टर सरिता कुमारी द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य की जीत को प्रदर्शित करता है। इसीलिए सभी बच्चों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों ना हो, अंत में जीत हमेशा सच्चाई की होती है। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा माता रानी के विभिन्न रूपों को दर्शाते हुए बेहद शानदार नृत्य, नाटक और संगीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापिका, शिक्षकगण एवं समस्त कर्मचारी गण अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए बच्चों को दशहरा की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

मां का पट खुलते ही दर्शन को उमड़ी भीड़

कुर्था (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर शनिवार को कुर्था प्रखंड क्षेत्र में दुर्गोत्सव की रौनक चरम पर पहुंच गई। मां दुर्गा के पट खुलते ही पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



दर्शन को उमड़ी भीड़।

रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाए पूजा पंडाल

सुबह से ही दर्शन- पूजन के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। मां दुर्गा के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल बना रहा। कुर्था बाजार स्थित श्री बड़ी देवी मां दुर्गा मंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। पट खुलने के साथ ही पूजा स्थलों पर भक्तों की चहल-पहल बढ़ गई। कुर्था बाजार, विद्रोही चौक, हॉस्पिटल मोड़, शकूराबाद मोड़, महावीर स्थान मोड़ और थाना परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर स्थापित पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। वैदिक मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि और आरती से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सप्तमी पर मां दुर्गा के दर्शन शुरू होते ही पूजा पंडालों की रौनक देखते ही बनी। आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से सजे पंडाल श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। शाम ढलते ही बाजारों और पूजा स्थलों पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग परिवार के साथ मां के दर्शन करने पहुंचे। ग्रामीण इलाकों में भी दुगार्पूजा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ शुरू हुई मां दुर्गा की आराधना सप्तमी पर विशेष उत्साह के साथ आगे बढ़ रही है। पूजा समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। पट खुलने के साथ ही कुर्था प्रखंड के विभिन्न पूजा स्थलों पर भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। आने वाले दिनों में दुर्गोत्सव की रौनक और बढ़ने की उम्मीद है।

दुर्गा पूजा को लेकर डीएम ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण

मेहंदिया (एनएसबी) दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने जिले के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड के मेहंदिया एवं पहलेजा स्थित पूजा पंडालों में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, प्रवेश एवं निकास मार्ग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा तथा अग्निशमन की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों और पूजा समितियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला पदाधिकारी ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा। साथ ही यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।



दुर्गा पूजा 2026 के शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण आयोजन एवं विधि व्यस्था संधारण के मद्देनजर डीएम व एसएसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। दुर्गा पूजा 2026 शांतिपूर्ण एवं सद्भावना आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर पुलिस लाइन गया के परिसर में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग जिला पदाधिकारी गया श्री शशांक शुभंकर तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में की गई।



प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा अलर्ट मोड में कार्य करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त सभी अधिकारी को निर्देश दिया कि ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कर्तव्यों के निर्वहन गंभीरतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण हो इस बाबत चुस्त दुरुस्त प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ पूजा में व्यवधान करने वाले, सामाजिक माहौल को दूषित करने वाले एवं अफवाह फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए कठोर कार्रवाई करे।
दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए जिला के नियंत्रण कक्ष को अलर्ट मोड में रखा गया है, कहीं से भी कोई सूचना आने पर तुरंत अपने वरीय पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया गया है नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0631 2222253ध्59 है। 24 घंटा चलने वाला नियंत्रण कक्ष तीन पालीयों में चलेगा। नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति रखी गयी है। इसके साथ ही सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने ड्यूटी अस्थान पर हेलमेट तथा बॉडी प्रोटेक्टर के साथ ड्यूटी करें इसके अलावा सभी पदाधिकारी अपने मोबाइल फोन को वाइब्रेशन के साथ-साथ रिंगिंग मोड में रखें तथा आने वाले कॉल को तुरंत रिस्पांड करें।

दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट पूजा पंडालों की सुरक्षा पर रहेगी विशेष नजर



कुर्था(एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस जवानों ने कुर्था एवं मानिकपुर बाजार में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अरवल एसडीओ सुशील कुमार और डीएसपी कुमार संजय के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में कुर्था बीडीओ संजीव कुमार, अंचलाधिकारी नीलेश वर्मा, कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा तथा मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय समेत अन्य अधिकारी एवं पुलिस जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने दोनों बाजारों के विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर पूजा समितियों के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पंडालों में पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अग्निशमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने आम लोगों से दुर्गा पूजा का त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर नजर रखी जाएगी।

अधिकारियों ने पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा और अग्निशमन व्यवस्था दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

मां दुर्गा के पट खुलते ही उमड़े श्रद्धालु, भजन-कीर्तन और आरती से भक्तिमय हुआ माहौल

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को मां दुर्गा के पट खुलते ही पूजा-पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मां दुर्गा के दर्शन के लिए भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। पट खुलने के बाद विभिन्न पूजा-पंडालों में भजन-कीर्तन, आरती, मंगलगान सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। मां दुर्गा के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। प्रखंड क्षेत्र के कलेर, बेलसार, मेहंदिया, जयपुर, पहलेजा, बलिदाद सहित दर्जनों गांवों में मां दुर्गा की पूजा पूरे उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई जा रही है। विभिन्न गांवों में स्थापित पूजा-पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पूजा समितियों की ओर से पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पट खुलने के साथ ही पूजा-पंडालों में धार्मिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

बिहार में बीस वर्षों के विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का नीतीश कुमार ने किया शुभारंभ

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बिहार में पिछले बीस वर्षों के दौरान किए गए कार्यों एवं विकास की उपलब्धियों पर आधारित एक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने शहर के केदारनाथ मार्केट में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में बिहार में बीते दो दशकों के दौरान हुए बदलावों और विकास यात्रा को विभिन्न चित्रों, तथ्यों एवं विवरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को राज्य में हुए विकास कार्यों और विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों से अवगत कराना है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से बिहार की विकास यात्रा, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली तथा सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में हुए कार्यों को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है। प्रदर्शनी बिहार में पिछले बीस वर्षों के दौरान हुए बदलावों और विकास कार्यों को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। इस जरिए आम लोगों को राज्य की विकास यात्रा और विभिन्न योजनाओं के प्रभावों की जानकारी प्राप्त होगी। इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष ई अजय कुशवाहा ने पूर्व मुख्यमंत्री नितीश कुमार का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया व उनके द्वारा किए गये कार्यों का विस्तार पूर्वक बताया



इस अवसर पर ललन सराफ कोषाध्यक्ष, विधान पार्षद संजय गांधी, चंदन कुमार सिंह, पूर्व सांसद विजय मांझी, कुमुद वर्मा, विनोद यादव, अनुज सिंह कृष्णनंदन यादव, इकबाल हुसैन, मधुसूदन राय, लालजी प्रसाद, अरविंद सिंह, दिनेश प्रसाद सिन्हा विनोद कुमार, कैलाश पासवान, हुजैफा कादरी, बलराम चैधरी, अल्फजेंडर खान, सियाराम मिश्रा, बलदेव प्रसाद, सुरेश रावत, अजित शर्मा, अवध बिहारी पटेल कुंडल वर्मा जितेन्द्र कुशवाहा, शोभा चैधरी, पुनम कुशवाहा, अल्का सिंह, अरुण राव, गौतम पटेल, प्रभात राउत, करण वर्मा, भरत कुशवाहा ,डा रंजीत यादव, पुष्पेन्दु पुष्प, अरविंद आदि मौजूद थे।

बाइक के आमने-सामने की टक्कर में पत्नी की मौत, पति घायल

कुर्था(एनएसबी)। मानिकपुर थाना क्षेत्र के मछियामा मोड़ के समीप शनिवार को दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति घायल हो गए। मृतका की पहचान कुमार्मा गांव निवासी दशरथ दास की पत्नी शीशाकली देवी के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दशरथ दास अपनी पत्नी शीशाकली देवी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर कुमार्मा गांव से मानिकपुर बाजार जा रहे थे। इसी दौरान मछियामा मोड़ के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ



रोते बिलखते परिजन।

रही एक मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दशरथ दास की मोटरसाइकिल सड़क पर गिर गई, जिससे उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद दूसरी मोटरसाइकिल का चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल शीशाकली देवी को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय मौके पर पहुंच कर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अरवल सदर अस्पताल भेज दिया। महिला की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

आयुष चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन, प्रत्येक गुरुवार को मरीजों का होगा इलाज

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के बेलसार गांव में शनिवार, 17 अक्टूबर 2026 को आयुष शुभम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में आयुष चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन किया गया। मनोज कुमार वत्स के दालान पर आयोजित कार्यक्रम में हरिद्वार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, सेक्शन-08 के तहत इस केंद्र पर प्रत्येक गुरुवार को आयुष चिकित्सक विवेक कुमार मरीजों की चिकित्सा के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनके उपस्थित रहने का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। केंद्र का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को नियमित रूप से चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए आवश्यक परामर्श मिल सके। आयोजकों के अनुसार, केंद्र में लिवर, हृदय, किडनी, आंत, फैटी लिवर, त्वचा संबंधी समस्याओं, खांसी, सर्दी, एलर्जी, बुखार, पथरी, जोड़ों एवं कमर के दर्द, गठिया, साइटिका, माइग्रेन, कान संबंधी समस्याओं, गर्भाशय एवं मासिक धर्म से जुड़ी परेशानियों, कब्ज, गैस, मधुमेह, थायराइड और ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं के लिए चिकित्सा परामर्श देने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान मरीज भी केंद्र पर पहुंचकर चिकित्सकीय सलाह ले सकेंगे। उद्घाटन के अवसर पर दर्जनों मरीजों ने चिकित्सा परामर्श लिया। कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी मिथिलेश कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मनोज कुमार वत्स ने बताया कि केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।



उद्घाटन करते अतिथि।

बिहार में ड्रग्स तस्करी पर कठोर कार्रवाई करे सरकार : आनंद

अरवल(एनएसबी) । बिहार में बच्चों एवं युवाओं के बीच नशीले ड्रग्स के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा बिहार प्रदेश पंचायतीराज प्रकोष्ठ के सह-संयोजक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य आनंद कुमार चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से प्रभावी ड्रग्स नियंत्रण नीति लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की उपलब्धता और कम उम्र के बच्चों के इसकी चपेट में आने की शिकायतें गंभीर चिंता का विषय हैं। समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो युवाओं के भविष्य और सामाजिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। श्री चंद्रवंशी ने प्रत्येक जिले में विशेष एंटी-ड्रग्स टास्क फोर्स गठित कर मजबूत करने, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास निगरानी बढ़ाने तथा ड्रग्स तस्करों के नेटवर्क और अवैध संपत्ति पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने नशे की गिरफ्त में आए युवाओं के लिए नशामुक्ति, काउंसलिंग एवं पुनर्वास की व्यवस्था मजबूत करने और जन-जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। उन्होंने बिहार में शराबबंदी के बाद नशीले ड्रग्स के प्रचलन में संभावित बदलाव का स्वतंत्र एवं तथ्यात्मक अध्ययन कराने की मांग करते हुए कहा कि बच्चों और युवाओं को नशे से बचाना सरकार, प्रशासन और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार इस गंभीर समस्या पर तत्काल प्रभावी कदम उठाए, ताकि बिहार की आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रह सके।

संक्षिप्त खबरें

घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

बिदुपुर/एनएसबी। बिदुपुर थाना के बिदुपुर बाजार वार्ड 03 मनमोहन वस्त्रालय से उत्तर जाने वाली संपर्क पथ स्थित घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दस लाख रुपये से अधिक की जेवरात,नकद चालीस हजार सहित जमीन के कागजात ,शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित अन्य सामानों की चोरी कर लिया।इस संबंध में गृह स्वामी राहुल कुमार पिता स्वर्गीय देवानन्द सिंह हाजीपुर से शनिवार को जब पैतृक आवास पर आया तो पाया कि मुख्य गेट का ताला टूटा पाया तो वे आश्चर्य चकित हो गए।जब वे घर के अंदर उपर गए तो देखा कि दो कमरे का ताला टूटा हुआ है और पूजा घर का भी सामान बिखरा हुआ है। घरो में स्थित गोदरेज आलमीरा को भी तोड़कर समान निकालकर कमरे में बिखर कर निकाल लिया,वही पेटी,पलंग आदि से भी सामान निकाल कर रूम में बिखरा हुआ था।वही चोरो ने जगह जगह गुटखा खा कर थूके हुए था।गृह स्वामी ने 112 पुलिस को सूचना दी,सूचना मिलते ही 112 की टीम पहुंच कर जांच की।गृह स्वामी राहुल ने बिदुपुर थाना में लिखित सूचना दी ,उसने आरोप लगाया है कि वे लोग हाजीपुर में रहते है।सोमवार को वे आये थे,घर बन्द कर गये थे,जब शनिवार को आये तो मुख्य द्वार सहित कमरे ताला टूटा पाया।उसने आरोप लगाया कि सोना के जेवरात सहित चांदी के बर्तन ,कागजात ,सहित अन्य सामानों की चोरी चोरो ने कर लिया है।पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।चोरी की बढ़ती घटना से आम लोग काफी परेशान है।

खानकाह में तीन दिनों का उर्स आज से

पटना सिटी/एनएसबी। सूफी संत हजरत ख्वाजा रकुनुद्दीन इश्क का 245 वां उर्स मीतन घाट स्थित खानकाह वारगाहे इश्क तकियाशरीफ में रविवार को मिलाद शरीफ व महफिल ए समा से आरंभ होगा. खानकाह के गद्दीनशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद ने बताया कि तीन दिनों के उर्स में शामिल होने के लिए अनेक जगहों से हजारों की संख्या में जायरीन आये है.सोमवार को महफिल ए समा व चादरपोंशी होगी.जबकि मंगलवार को जियारत व महफिल ए समा के साथ उर्स का समापन होगा.

पंजाब के मुख्य सचिव ने तख्त साहिब में टेका मत्था

पटना सिटी/एनएसबी। पंजाब के मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा ने शनिवार को श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्मस्थली तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेका. दरबार साहिब में हाजिरी लगाने के बाद गुरु महाराज व माता साहिब के पवित्र जोड़ा का दर्शन कर शबद कीर्तन सुना. ग्रंथी की ओर से गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया गया. मुख्य सचिव का स्वागत प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने करते हुए प्रतीक चिह्न व गुरु महाराज के जीवन दर्शन से जुड़ी पुस्तकें भेंट की. कमेटी के अध्यक्ष ने जनवरी माह में आयोजित होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 360 वां प्रकाश पर्व में निमंत्रण भी दिया.

अगमकुआं में हथियार के साथ पकड़ाया

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना की पुलिस ने महात्मा गांधी नगर टीवी टावर के पास किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए घूम युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी करते हुए जहानाबाद जिला के घोसी थाना निवासी चिंटू कुमार को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल,तीन मैग्जीन व सात गोली बरामद किया है. पुलिस पकड़े गये युवक से पूछताछ कर रही है.

स्मैक के साथ महिला व दो युवक गिरफ्तार

पटना सिटी/एनएसबी। आलमगंज व सुल्तानगंज थाना पुलिस के हत्थे स्मैक के तीन धंधेबाज पकड़े गये है. गिरफ्तार में एक महिला है. नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि सुल्तानगंज थानाध्यक्ष कमलेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने लॉ कॉलेज के पास से महिला को 468 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है. इसी प्रकार से आलमगंज थाना के बजरंगपुरी स्थित नवजीवन कॉलोनी में थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए पप्पू कुमार और तन्नु कुमार को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है. सिटी एसपी ने बताया कि . पुलिस टीम ने 515 पूड़िया स्मैक जो वजन में 278.1 ग्राम था. उसे बरामद किया गया. इसके साथ ही दो मोबाइल फोन जब्त किया गया है. पुलिस पकड़े गये तीनों से पूछताछ कर रही है.

मुर्गी फार्म पर छापेमारी में 300 पेटी बीयर बरामद

वैशाली/एनएसबी। वैशाली थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव में पुलिस ने एक मुर्गी फार्म पर छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड की 300 पेटी बीयर बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने तीन कथित शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी सदर-2 गोपाल मंडल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकेश राय के मुर्गी फार्म पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान फार्म से विभिन्न ब्रांड की 300 पेटी बीयर बरामद की गई। मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया.गिरफ्तार आरोपितों की पहचान केशोपुर निवासी राजकिशोर राय, बनारस राय और चंदन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। छापेमारी टीम में थाना अध्यक्ष राजकुमार, अभिषेक कुमार सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे। डी एस पी गोपाल मंडल ने बताया कि लाखों रुपए मूल्य का शराब बरामद किया गया है। दशहरा पर्व के मौके पर कारोबारी ईसे क्षेत्र मे खपाने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी से पुछ ताछ की गई है जल्द हीं बडे सिंडिकेट का उद्भेदन किया जाएगा।

कौमूदी महोत्सव को ले अधिकारियों का निरीक्षण

पटना सिटी/एनएसबी। शरद पूर्णिमा पर कला संस्कृति विभाग,पटना जिला प्रशासन और पाटलिपुत्र परिषद के सहयोग से आयोजित होने वाले कौमुदी महोत्सव को लेकर शुक्रवार को प्रशासन की टीम ने निरीक्षण किया. निरीक्षण में उप विकास आयुक्त शुभम कुमार,एसडीओ कशिश बक्शी,डीसीएलआर अभिलाषा सिन्हा,एनडीसी दिव्य ज्योति और निगम पटना सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार और परिषद के अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा और महासचिव संजीव कुमार यादव शामिल थे. आयोजन को लेकर निरीक्षण के दौरान गांधी सरोवर परिसरव राजकीय उच्चय विद्यालय पटना सिटी के मैदान को देखा. महासचिव ने बताया कि अधिकारियों की ओर से निरीक्षण के उपरांत कौमुदी महोत्सव के लिए जगह चिह्नित किया जायेगा.

नेपाल से चला राष्ट्रीय साइकिल यात्र तख्त साहिब पहुंचा

पटना सिटी/एनएसबी। मां जानकी की जन्मस्थली जनकपुर धाम नेपाल से दो अक्तूबर को आरंभ हुई राष्ट्रीय साइकिल यात्र शुक्रवार को पहुंचा. प्रकृति एवं जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान के तहत आयोजित साइकिल यात्र का नेतृत्व पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी कर रहे है. यात्र में संयोजक पंकज मालवीय के साथ यात्र में विजयेश्वर प्रसाद अनिल, देवेश कोठारी,विनोद खाती, रंजना, तनुजा,ज्योति,मेघा, प्रमोद जोशी,केसराज यादव,चंदन सिंह बोरा,गीतांशु जोशी,ललित सिंह,अमर सिंह, फरमान व जितेश कुमार शामिल थे. यात्र के तख्त साहिब पहुंचने पर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही,वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह लखखा,कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने यात्र में शामिल लोगों का स्वागत किया.इस दौरान तख्त साहिब के इतिहास से अवगत कराया.इसके साथ ही अधिवक्ता सत्येंद्र मिश्र,अधीक्षक दलजीत सिंह,प्रबंधक हरजीत सिंह,लंगर इंचार्ज तेजेंद्र सिंह बंटी समेत अन्य ने भी यात्र में शामिल लोगों का स्वागत किया. संयोजक पंकज मालवीय ने बताया कि यात्र देवघर झारखंड होते हुए पटना पहुंची है.शुक्रवार को तख्त साहिब में विश्राम के बाद शनिवार को यहां से रवाना होकर यात्र मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात के बाद आरा बक्सर होकर उत्तर प्रदेश पहुंचेगी. लखनऊ के रास्ते दिल्ली और देहरादून उत्तराखंड पहुंच कर यात्र का समापन होगा.

फरार शराब तस्कर गिरफ्तार

पटना सिटी/एनएसबी। मालसलामी थाना की पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से कुख्यात शराब तस्कर नंदगोला निवासी हरिश्चचंद्र राय के पुत्र रमेश राय को गिरफ्तार किया है. मालसलामी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार रमेश के खिलाफ में मालसलामी थाना में 16 अपराधिक मामले दर्ज है. वो उत्पाद अधिनियम मे फरार चल रहा था.

दुर्गा पूजा-2026 के मद्देनजर जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था पर विशेष निगरानी

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा-श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन प्रशासन की प्राथमिकता

हाजीपुर/एनएसबी। दुर्गा पूजा-2026 के मद्देनजर वैशाली जिले में जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में पूजा संपन्न कराने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, यातायात, स्वच्छता, पेयजल और स्वास्थ्य सहित विभिन्न व्यवस्थाएं की गई हैं। इन व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 460 स्थानों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी पूजा



पंडालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। अधिक भीड़ की संभावना वाले स्थानों पर वीडियोग्राफी एवं ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी।

अग्नि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूजा पंडालों में आवश्यक व्यवस्था की गई है। मिशन शक्ति सुरक्षा के तहत पूजा पंडालों के स्वयंसेवकों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं समुचित कार्रवाई की जा सके। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूजा पंडालों में सादे कपड़ों में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल रहेंगी। चेन स्नैचिंग, छिनतई एवं छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस की सतत निगरानी रहेगी। इसके अतिरिक्त स्कूटी एवं बाइक के माध्यम से पुलिस गश्ती भी की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूजा पंडालों के आसपास नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है। नगर परिषद, हाजीपुर क्षेत्र के शौचालयों की सफाई सुनिश्चित की गई है। साथ ही मोबाइल शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है, ताकि पूजा-अर्चना के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। पूजा के दौरान भीड़ एवं यातायात के सुचारु प्रबंधन के लिए हाजीपुर शहरी क्षेत्र में विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत तीन पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं, जिनमें रामाशीष चौक, अक्षयवट स्टेडियम तथा सिनेमा रोड के पास नगर परिषद का पार्किंग क्षेत्र शामिल है। नगर परिषद क्षेत्र की बाहरी सड़कों पर यातायात का परिचालन पूर्व की तरह जारी रहेगा, जबकि आंतरिक सड़कों पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

मां दुर्गा का पट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



महुआ/एनएसबी। महुआ नगर परिषद क्षेत्र के पुरानी बाजार में नवयुवक दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार की संध्या शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि- विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। पट खुलते ही पूरा पूजा परिसर घंटियों, शंखध्वनि और माता रानी के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने ह्यजय माता दीह्न और ह्यदुर्गा महारानी की जयह्न के जयकारे लगाकर मां जगदंबा का स्वागत किया।आचार्य संजय मिश्रा के नेतृत्व में देवी मंत्रों एवं नेत्र संस्कार की धार्मिक परंपराओं के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इसके बाद माता रानी को बेल, गन्ना, नारियल सहित विभिन्न फल अर्पित किए गए तथा 56 प्रकार के भोग लगाए गए। तत्पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

इससे पूर्व सुबह मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। माता का पट खुलते ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर खोइछा भरने की रस्म निभाई। पूरा वातावरण भक्ति, आस्था और साधना के रंग में रंगा नजर आया। नवयुवक दुर्गा पूजा समिति की ओर से पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पूजा के दौरान मां के दर्शन के लिए लोगों का लगातार आना-जाना लगा रहा। पूजा में विकास जायसवाल, रंजन ठाकुर एवं अमित पटवा यजमान के रूप में शामिल हुए।

सराय में दुर्गा पूजा को लेकर थानाध्यक्ष ने निकाला फ्लैग मार्च, सुरक्षा का दिया भरोसा

सराय/एनएसबी। दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर वैशाली पुलिस ने कमर कस ली है। इसी क्रम में वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र में सराय थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। सराय थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में थाना के दर्जनों पुलिस पदाधिकारी



एवं जवान शामिल रहे। पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, चौक-चौराहों और विभिन्न पूजा पंडाल वाले इलाकों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने सभी पूजा समितियों से लाइसेंस की शर्तों का पालन करने और आम लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

आर. आर. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नवरात्रा के उपलक्ष्य में किया गया डांडिया उत्सव का आयोजन

महुआ/एनएसबी। परई चकमजाहिद स्थित आर. आर. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आज हर्षोल्लास और पारंपरिक उमंग के साथ 'डांडिया उत्सव' का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रबंधन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्सव को बेहद आकर्षक एवं भव्य बनाया।कार्यक्रम



की शुरूआत विद्यालय के निदेशक अजय भूषण दिवाकर की गरिमामयी उपस्थिति में हुई। उत्सव के दौरान पूरा विद्यालय परिसर पारंपरिक परिधानों और डांडिया की थाप से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी डांडिया नृत्य कर उत्सव के आनंद को दोगुना कर दिया।इस डांडिया उत्सव को सफल और यादगार बनाने में शिक्षक शिवशंकर सर, पंकज सर, अमरेश सर, संजीव सर, सोनू सर आदि का विशेष सहयोग रहा। वहीं, शिक्षिकाओं में प्रेमा शेरपा (म्यूजिक डांस शिक्षिका),प्रियंका, मोनिका, ज्योति, सलोनी और सीमा ने कार्यक्रम के कुशल संचालन और बच्चों का उत्साहवर्धन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राज्यपाल ने की मंदिरों में पूजा अर्चना, भंडारा का उद्घाटन

तख्त साहिब में टेका मत्था,लिया गुरुघर का आशीष

पटना सिटी/एनएसबी। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी,अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर और सिद्धशक्तिपीठ छोटी पटनदेवी में नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने पूजा अर्चना की. मंहत विजय शंकर गिरि ने शक्तिपीठ में,अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में पुजारी सुनील पुजारी,पंकज पुजारी और जयप्रकाश पुजारी ने,सिद्धशक्तिपीठ छोटी पटनदेवी में पीठाचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व बाबा विवेक द्विवेदी ने पूजा अर्चना करायी. राज्यपाल जल्ला हनुमान मंदिर,मारूफगंज बड़ी देवी जी,दलहट्टा बड़ी देवी जी, नंदगोला बड़ी देवी जी का दर्शन कर माता रानी का आशीर्वाद लिया. मारूफगंज बड़ी देवी जी में सप्तमी पूजन के बाद आयोजित दरिद्र नारायण भोज का उद्घाटन की. इस मौके पर विधायक रतनेश कुमार,समिति के उपाध्यक्ष संत लाल गोलवारा,ईश्वर अग्रवाल, सचिव डॉ राजेश कुमार,कमल कुमार,सुनील बंका,प्रभात भरतिया,लल्लू शर्मा,दिनेश पटेल,रमेश सुल्तानियां ने राज्यपाल का स्वागत किया. इसके बाद राज्यपाल तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में हाजिरी लगाने पहुंचे. जहां दरबार साहिब में मत्था टेक गुरुघर का आशीष लिया. जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने गुरुघर का आशीष सिरोपा दी. वहीं प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने राज्यपाल को प्रतीक चिह्न,श्री साहिब व गुरु महाराज के जीवन दर्शन की पुस्तकें भेंट की. तख्त साहिब में राज्यपाल का स्वागत भाजपा के प्रदेश मंत्री प्रभाकर मिश्र,प्रदीप काश,त्रिलोक सिंह निषाद,विनय कुमार,शानू बाबा,दयानंद यादव,अधीक्षक दलजीत सिंह व प्रबंधक हरजीत सिंह ने की.

वयोवृद्ध महिला मुन्नी कुंवर की श्राद्ध कर्म के मौके पर गरीबों के बीच किया गया अंग वस्त्र का वितरण

महुआ/एनएसबी। महुआ प्रखंड क्षेत्र के सिंघाड़ा दक्षिणी पंचायत के मेघपुर सिंघाड़ा गांव मे वैद्यनाथ सिंह की माता जी 112 वर्षीय मुन्नी कुंवर निधन के बाद शनिवार को उनके श्राद्ध कर्म के मौके पर के श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्राद्ध कर्म के मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के तौर पर वैशाली। के पूर्व सांसद रामकिशोर सिंह उर्फ राम सिंह भी मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि समिति मौके पर मौजूद अनेक गनमैन जन्म प्रतिनिधियों के अलावे आम लोगों ने भी 112 वर्षीय वयोवृद्ध महिला स्वर्गीय मुन्नी कुंवर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मोकी पर उपस्थित मुख्य अतिथि राम किशोर सिंह उर्फ राम सिंह ने वयोवृद्ध महिला 112 वर्षीय मुन्नी कुंवर के जीवनी पर भी चर्चा की। इस मौके पर 150 से ज्यादा गरीब महिलाओं, दिव्यांगो और वृद्ध पुरुषों के बीच साड़ी, कंबल अंग वस्त्र आदि का वितरण किया गया।

भगवती के दर्शन पूजन को उमड़े भक्त,आज होगा निशा पूजा व महाअष्टमी व्रत अनुष्ठान

कल संधि पूजा का अनुष्ठान,हवन व कन्या पूजन भी

पटना सिटी/एनएसबी। शारदीय नवरात्रि में भक्तों ने देवी के सातवें स्वरूप कालरात्रि की शनिवार को उपासना की.रविवार को भक्त देवी के आठवें स्वरूप महागौरी की उपासना करेंगे. शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी के महंत विजय शंकर गिरि ने बताया कि रविवार को महाअष्टमी व्रत व मध्य रात को निशा पूजा का अनुष्ठान होगा. श्री बड़ी देवी जी मारुफगंज में नव पत्रिका प्रवेश व स्थापना कल्पारंभ हुआ. . खाजेकलां बड़ी देवी, तारणी प्रसाद लेन स्थित मुक्तेश्वरनाथ देवी मंदिर, नया गांव पूजा समिति,चैलीटाड़ मनोरंजन पूजा समिति,बंगाली समुदाय की ओर से गायघाट स्थित सांस्कृतिक परिषद गुलजारबाग, गुरहट्टा स्थित देवी,बड़ी देवी जी महाराजगंज, नंदगोला देवी में अध्यक्ष



मुन्ना जायसवाल, व राजेश पांडे की देखरेख में,खाजेकलां सामुदायिक भवन में अमरजीत कुमार गुप्ता उर्फ टिंवकल के साथ अन्य जगहों पर पूजा अर्चना हुई. शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरी व भोलू गिरि, सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में, अगमकुआं शीतला माता मंदिर में पुजारी जयप्रकाश पुजारी, अमरनाथ बबलू, मनोज श्री माली उर्फ छोटू पुजारी, पंकज पुजारी व सुनील पुजारी,पटनदेवी गड़हा पर आचार्य बबलू पांडे,बड़ी देवी जी महाराजगंज, तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर और सर्व मंगला देवी मंदिर धार्मिक अनुष्ठान व मध्य रात को निशा पूजा होगी. शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी, अगमकुआं शीतला माता मंदिर व सर्व मंगला देवी मंदिर गुलजारबाग में, प्यारे लाल के बाग स्थित शीतला मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने दर्शन पूजन किया.सोमवार को श्री बड़ी देवी जी मारुफगंज में संधि पूजा प्रात 7.40 से आरंभ हो 8.28 मिनट तक होगा.सोमवार को ही खाजेकलां काली मंदिर में संधि पूजा सुबह आचार्य प्रेम किशोर मिश्र की देखरेख में होगा. दूसरी ओर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चंडी पाठ जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में पाठ हुआ. इस दौरान शस्त्र दर्शन की शुरूआत हो गयी. गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में प्रो लाल मोहर उपाध्याय,छोटू तिवारी व बेबी कुमारी की देखरेख में दुर्गा सप्तशति पाठ व चंडी पाठ चला. रोशनी से जगमय सड़कों पर पूजा पंडालों में विराजी भगवती का पट खुलते ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों का सैलाव सड़कों पर उतर आया.

संक्षिप्त खबरें

दो पक्षों के बीच मारपीट, महिला गंभीर रूप से घायल

कुचायकोट(गोपालगंज)(दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर थाना क्षेत्र के बलिवन सागर गांव में शनिवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल महिला की पहचान गांव निवासी कुसुम देवी के रूप में हुई है।घटना के बाद परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, कुसुम देवी के परिवार का दूसरे पक्ष के साथ पहले से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था।इसी विवाद को लेकर शनिवार को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी।इस दौरान कुसुम देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

सासामुसा रेलवे स्टेशन के पास छिपाकर रखी 28.980 लीटर शराब जब्त, तस्कर फरार

कुचायकोट(दैनिक नवसंदेश) पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम गस्ती के दौरान थाना क्षेत्र के सासामुसा रेलवे स्टेशन के पास बोरे में छिपाकर रखी गई 28.980 लीटर देशी और विदेशी शराब बरामद की।हालांकि, पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गए।पुलिस ने इस मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी पहचान करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार, कुचायकोट पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सासामुसा रेलवे स्टेशन के पास शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और बताए गए स्थान पर पहुंचकर छापेमारी की। इस दौरान मौके से कुल 28.980 लीटर देशी और विदेशी शराब बरामद की गई।पुलिस की छापेमारी के दौरान तस्कर भागने में सफल रहे।इसके बाद पुलिस ने अज्ञात तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उनकी पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



दशहरा पर लुप्त होती जा रही रामलीला की परम्परा

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) आधुनिकता की मार, अपसंस्कृति को मिलते बढ़ावा और टेलीविजनों एवं मोबाइल पर लगभग अश्लील कार्यक्रमों की भरमार के कारण गोपालगंज के गांवों में दशहरा के अवसर पर हर वर्ष आयोजित होनेवाली 'रामलीला की परंपरा लुप्त होती जा रही है। गांवों में आपसी भाईचारे, सद्भाव, संस्कृति और सहिष्णुता को बढ़ावा देने वाले रामलीला के आयोजन की जगह फूहड़ किस्म के कार्यक्रमों ने ले ली है। अब तो स्थिति ऐसी हो गयी है कि दशहरा के मौके पर इक्के-दुक्के गांवों में ही रामलीला देखने को मिलती है और रामलीला के माध्यम से शांति, सद्भाव और बंधुत्व का संदेश शायद ही ग्रामीणों तक पहुंच पाता है। गांवों में दशहरा के मौके पर करीब दस दिनों तक चलने वाले रामलीला को देखने के लिए देश के विभिन्न प्रान्तों से ही नहीं बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी काफी लोग यहां आते थे लेकिन अब न तो वैसी रामलीला रही और न ही उसे दूर-दूर तक जाकर देखने-समझने तथा इससे आनंद उठाने वाले लोग। आलम यह है कि गांवों में आज की नयी पीढ़ी यह भी नहीं जानती कि रामलीला किस बला की नाम है। टीवी, मोबाइल एवं कथित सोशल मीडिया के माध्यम से आयी आधुनिकता, अपसंस्कृति और कलाकारों को प्रोत्साहन नहीं मिलना बिहार के गांवों की दशहरा संस्कृति में रची-बसी 'रामलीला की परंपरा के विलुप्त होने के कारणों में प्रमुख है। पहले जहां शहरों की दुर्गा पूजा आधुनिकता के रंग में रंगी होती थी, आज भी है, वहीं गांवों की सादगीभरी रामलीलायुक्त दशहरा देखते ही बनती थी लेकिन अब गांवों में दुर्गा पूजा के वक्त आयोजित होनेवाली रामलीला गुजरे जमाने की बात बनती जा रही है। एक समय था जब गांव-गांव में दशहरा के आगमन के कई माह पूर्व ही रामलीला के खेल के लिए रामलीला कमिटियां गठित होने लगती थी, वहीं अब ऐसी कमिटियां अब गांवों में बिरले ही नजर आती है। रामलीला में भाग लेने वाले कलाकार रह चुके नाट्य कलाकार एवं शिक्षाविद शिवनारायण सिंह बताते हैं कि पहले गांव में दशहरा पर रामलीला खेलने के लिए लोग दो-दो महीने तक रिहर्सल किया करते थे और इस दौरान न केवल आपस में प्रेम-मुहब्बत बढ़ता था बल्कि रामलीला के प्रेरक प्रसंगों को देख-सुनकर लोगों में भी मर्यादित आचरण अपनाने का आंतरिक संदेश जाया करता था। इनका कहना है कि जब तक गांवों में रामलीला खेलने की परंपरा विद्यमान थी तब तक गांवों में अपराध-उग्रवाद की पौध का नामोनिशान नहीं था और दशहरा के पर्व पर लोग मिल-जुलकर खुशी बांटा करते थे। हालांकि दशहरा के मौके पर गांवों की रामलीला कमिटियों द्वारा देश के बनारस, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, कोलकाता, दिल्ली आदि स्थानों की मशहूर रामलीला मंडलियों को रामलीला की प्रस्तुति के लिए बुलाने का रिवाज था, जो अब प्रायः समाप्त हो गया है। जाने-माने शिक्षाविद अजय कुमार पांडेय का कहना है कि पहले जहां रामलीला के कलाकारों को गांवों में इज्जत दी जाती थी, वहीं ग्रामीण समाज के भी शहरीकरण के रंग में रंग जाने के कारण उन्हें अब रामलीला में भोंड़े प्रदर्शनों के लिए मजबूर किया जाता है जिससे उनके आत्मसम्मान व रामलीला की भावना को ठेस पहुंचती है। रामलीला के ख्यातनाम कलाकारों का कहना है कि अब रामलीला के कद्रदानों में भी कमी आयी है। इनका कहना है कि पहले जहां गुलाम भारत में गोरे अंग्रेज भी दशहरा के दिनों में रामलीला के प्रसंगों को घंटों बैठकर देखा करते थे और इतना ही नहीं इनके द्वारा कलाकारों की कला को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें इनामों से भी नवाजा जाता था लेकिन अब तो भोंड़े प्रदर्शन करने पर ही कलाकारों पर पैसों की बौछार की जाती है। रामलीला कलाकार बताते हैं कि पहले सिर्फ दशहरा ही नहीं बल्कि अन्य तीज त्योहारों पर भी गांवों में रामलीला मंडलियों को प्रस्तुति के लिए बुलाया जाता था, वहीं अब ऐसी बात नहीं रह गयी है। इस स्थिति में रामलीला कलाकार इस कला से विमुख होकर अन्य रोजगार अथवा धंधे की ओर उन्मुख हो चले हैं। यही कारण है कि अब देशभर में चंद रामलीला कंपनियां ही शेष बची हैं, जिनके द्वारा जैसे-तैसे रामलीला की परंपरा को संजोये रखते हुए इसे एक तरह से घसीट कर चलाया जा रहा है। गांव स्तर पर हो रही शहरों की नकल, आधुनिकता की नित्यदिन पड़ रही छाप एवं सामाजिक संरचना में आते बदलावों के बीच दशहरा की ग्रामीण संस्कृति की पहचान रामलीला अब विलुप्तप्राय होती जा रही है। दुखद बात यह है कि सरकार का कला एवं संस्कृति मंत्रालय भी रामलीला के आयोजन और इसके कलाकारों को प्रोत्साहन के प्रति बिल्कुल उदासीन है। ऐसे में यदि समय रहते समाज के प्रबुद्ध लोगों ने ध्यान नहीं दिया तो रामलीला भी गुजरे जमाने की बात हो जायेगी।





कटेया के स्वर्ण व्यवसायी से लूटकांड का खुलासा, ओडिशा का कुख्यात 'केला गैंग' का अपराधी गिरफ्तार

जमुनहा बाजार लूटकांड में ओडिशा के जाजपुर से पकड़ा गया आरोपी, सोने-चांदी के आभूषण, बाइक, हेलमेट और 18,500 रुपये नकद बरामद।

कटेया (गोपालगंज)/ एनएसबी। कटेया थाना क्षेत्र के जमुनहा बाजार में स्वर्ण व्यवसायी से हुई लूटकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में ओडिशा के कुख्यात ह्यकेला गैंगह्ल से जुड़े एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ओडिशा के जाजपुर जिले के जखपुरा थाना क्षेत्र के खरना दसमनिया निवासी नरेश प्रधान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण, एक मोटरसाइकिल, हेलमेट और 18,500 रुपये नकद बरामद किए हैं।

शनिवार को हथुआ के डीएसपी राजेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी। मौके पर आई यु पुलिस निरीक्षक ओमप्रकाश चौहान,,कटेया थानाध्यक्ष अवधेश कुमार मौजूद थे ।डी एस पी ने बताया कि इस लूटकांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी और शेष लूटे गए आभूषणों की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

छह अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी को बनाया था निशाना

पुलिस के अनुसार, 19 सितंबर 2026 की शाम करीब 6:30 बजे जमुनहा बाजार के समीप यह वारदात हुई थी। एक स्वर्ण व्यवसायी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान छह अपराधियों ने तीन मोटरसाइकिलों से पहुंचकर उसे घेर लिया। अपराधियों ने व्यवसायी से सोने-चांदी के आभूषण और दुकान की चाबियां लूट लीं। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग भी की और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद कटेया थाना में कांड संख्या 490/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गोपालगंज के निर्देश पर विशेष जांच टीम गठित की गई।

सीसीटीवी फुटेज से खुला राज, ओडिशा तक पहुंची पुलिस

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और अन्य जानकारियों के आधार पर पुलिस को पता चला कि इस वारदात में ओडिशा के जाजपुर जिले के पांच अपराधी शामिल थे। ये सभी कथित तौर पर ओडिशा के कुख्यात 'केला गैंग' से जुड़े हैं। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने घटना से एक दिन पहले, 18 सितंबर को जमुनहा बाजार पहुंचकर घटनास्थल की रेकी की थी। इसके बाद अगले दिन योजनाबद्ध तरीके से लूटकांड को अंजाम दिया गया। वारदात के दौरान अपराधियों की एक मोटरसाइकिल घटनास्थल पर छूट गई थी, जिसके सत्यापन से भी पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले।

मुजफ्फरपुर में ठहरकर बनाई थी लूट की योजना

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह के सदस्य 14 अगस्त से 26 अगस्त 2026 के बीच मुजफ्फरपुर में ठहरे थे। वहां से लौटने के बाद गिरोह के कुछ सदस्य दोबारा बिहार पहुंचे। पुलिस के अनुसार, आरोपी ट्रेन से कोलकाता होते हुए मुजफ्फरपुर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने कटेया थाना क्षेत्र के जमुनहा बाजार में लूटकांड को अंजाम दिया और 20 सितंबर को ओडिशा लौट गए।

पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ओडिशा पुलिस से समन्वय स्थापित किया। इसके बाद पुलिस निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान के नेतृत्व में एक टीम ओडिशा भेजी गई, जहां से नरेश प्रधान को गिरफ्तार किया गया।

सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद

गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सोने जैसी धातु की एक चेन, एक जोड़ी झुमका, एक मोटरसाइकिल, एक हेलमेट और 18,500 रुपये नकद बरामद किए। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से जांच में सोने जैसी सामग्री का वजन 14 ग्राम और चांदी जैसी सामग्री का वजन 65 ग्राम पाया गया। पुलिस ने बरामद सामान को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू की है।

अन्य वारदातों में भी गिरोह की संलिप्तता की जांच

पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि यह गिरोह विभिन्न राज्यों में चोरी, छिनतई और लूट की घटनाओं को अंजाम देता है। गिरोह के सदस्य आभूषण दुकानों को निशाना बनाते हैं और वारदात के बाद दूसरे राज्यों में लौट जाते हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी ने कटेया थाना क्षेत्र में फरवरी महीने के दौरान एक अन्य स्वर्ण व्यवसायी की मोटरसाइकिल से आभूषण लूटे जाने की घटना के संबंध में भी जानकारी दी है। उस मामले में गिरोह की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी और शेष लूटे गए आभूषणों की बरामदगी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गिरोह की अन्य आपराधिक गतिविधियों का भी पता लगा रही है।

दुगार्पूजा को लेकर डीएम-एसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात एवं अफवाहों पर विशेष निगरानी के निर्देश।



गोपालगंज/एनएसबी। दुगार्पूजा त्यौहार के दौरान जिला में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला पदाधिकारी श्री समीर सौरभ एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनय तिवारी ने मिंज स्टेडियम में नगर परिषद गोपालगंज क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त स्थलों पर मुस्तैद रहने, आपसी समन्वय से निर्धारित दायित्वों को पूर्ण करने तथा पूजा पंडालों, प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। इस दौरान भीड़ प्रबंधन, निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार यातायात व्यवस्था तथा महिला एवं बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। अफवाहों एवं भ्रामक सोशल मीडिया संदेशों पर निरंतर नजर रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को देने का निर्देश दिया गया।

ब्रीफिंग में अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज डॉ. प्रेरणा सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोपालगंज, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित अन्य प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन ने सभी आमजनों से दुगार्पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की अपील की।

उचकागांव में दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

उचकागांव (गोपालगंज) उचकागांव थाना क्षेत्र में नवरात्रि के अवसर पर जगह-जगह बाजारों में बने पंडालों व लगे मेले में उमडने वाली भीड़ व विधि व्यवस्था को देखते हुए थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च उचकागांव थाना परिसर से शुरू होकर जगरनाथा बाजार, बीरवट बाजार, श्यामपुर बाजार, हरपुर, सांखे बाजार, नवादा परसौनी, दहीभाता, पाखोपाली, वृंदावन, लुहसी, बलेसरा, महैचा, जमसड़ सहित सभी बाजारों व संवेदनशील जगहों से गुजरी। इस दौरान थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में लोगों को नवरात्रि का पर्व श्रद्धा, हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ शांति पूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस मेले के दौरान पूजा पंडालो के आसपास मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे। बाइक से भी पुलिस गस्ती जारी जारी रहेगी। जो मेले में आने वाली महिलाओं एवं लड़कियों को परेशान करने वालों व लहरिया कट बाइक चलाकों पर विशेष रूप से नजर रखेगी। किसी भी प्रकार की अनहोनी की शिकायत मिलने पर इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। किसी भी प्रकार की अपवाह के चक्कर में ना पड़े। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध भी पुलिस कार्रवाई करेगी। मौके पर अपर थानाध्यक्ष टिंकू कुमार, दरोगा गीतेश गौरांग, आशिक रसूल खान, कन्हैया लाल सिंह सहित कई पुलिस पदाधिकारी, महिला एवं पुरुष पुलिस बल के जवान व चौकीदार उपस्थित थे।



उचकागांव में 13 जगहों पर जयकारे के साथ मां का खुला कपाट

उचकागांव (गोपालगंज) उचकागांव थाना क्षेत्र के 10 मुख्य बाजारों एवं चौराहों पर श्रद्धालुओं एवं पूजा समितियों के माध्यम से 13 पूजा पंडालों का निर्माण कर मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। जहां शनिवार के दिन विधि पूर्वक पूजा-अर्चना एवं जयकारों के बीच मां का कपाट दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया। जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है। नवरात्रि के अवसर पर उचकागांव थाना क्षेत्र के श्यामपुर, अरना, सांखे, महैचा , दहीभाता, जमसड़ बाजार के अलावा बरारी जगदीश, सिसवनिया, जगरनाथा, बीरवट बाजार, वृंदावन मौजे में पूजा समिति के माध्यम से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी छोटे एवं बड़े पंडालों का निर्माण कर मां दुर्गा की आदम कद प्रतिमा स्थापित कर विधि पूर्वक पूजा-अर्चना किया जा रहा है। सबसे अधिक दहीभाता बाजार में तीन पंडालों का निर्माण किया गया है। प्रखंड के सीमावर्ती लाइन बाजार व बड़कागांव में भी जगह-जगह पूजा पंडालों में चल रही पूजा अर्चना व भक्ति गीतों के साथ बाजार का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। मुख्य सड़कें तरह-तरह के गेटनुमा, रंगीन एवं झालर लाइटों से दुल्हन की तरह सज कर आकर्षक का केंद्र बनी हुई है। जहां शनिवार के दिन विधिवत पूजा-अर्चना, भक्ति गीतों एवं जयकारों के साथ कपाट खुलने के साथ ही जगह-जगह दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ने लगी। जिससे विभिन्न बाजारों में मेले जैसा माहौल देखा गया। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा, बीडीओ मनोज कुमार पंडित, सीडीपीओ शिवम कुमार सिंह, मनरेगा के पीओ हंसनाथ साह के नेतृत्व में पुलिस व महिला पुलिस बल के जवान विधि-व्यवस्था की निगरानी के लिए तैनात किए गए हैं।

ढेबवां सरोवर के शिव मंदिर में फिर चोरी, पांच पीतल के घंटे समेत पूजा सामग्री गायब

एक साल पहले भी चोरों ने मंदिर को बनाया था निशाना, घटना से ग्रामीणों में आक्रोश



कुचायकोट (गोपालगंज)/ एनएसबी। गोपालपुर थाना क्षेत्र के ढेबवां सरोवर के तट पर स्थित शिव मंदिर में चोरों ने एक बार फिर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।शुक्रवार की रात चोर मंदिर से पांच बड़े पीतल के घंटे, पीतल की बाल्टी, शिवलिंग के ऊपर जलाभिषेक के लिए लगाए गए पीतल के पात्र (कलशी) समेत अन्य पूजा सामग्री चोरी कर ले गए।शनिवार की सुबह मंदिर पहुंचे पुजारी को चोरी की जानकारी हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है।मिली जानकारी के अनुसार, बनकटा गांव निवासी रामानंद शास्त्री ढेबवां सरोवर स्थित शिव मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा देते हैं।शुक्रवार की शाम पूजन-अर्चन और राजभोग के बाद वह मंदिर बंद कर अपने घर चले गए थे।शनिवार की सुबह जब वह मंदिर पहुंचे और साफ-सफाई करने लगे, तो वहां से कई सामान गायब मिले।इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी।मंदिर से पूजा सामग्री चोरी होने की खबर फैलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिर में चोरी की यह पहली घटना नहीं है।करीब एक वर्ष पहले भी चोरों ने मंदिर को निशाना बनाकर सामानों की चोरी की थी।उस समय पुजारी और अन्य लोगों ने थाने में आवेदन देकर घटना की जानकारी दी थी।इसके बावजूद एक बार फिर मंदिर में चोरी की घटना सामने आने से लोगों में आक्रोश है।ग्रामीणों ने मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। वहीं, पुजारी रामानंद शास्त्री ने बताया कि घटना को लेकर थाने में आवेदन देने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, पूजा पंडालों में बढ़ी रौनक





कुचायकोट (गोपालगंज)/ एनएसबी। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन के लिए पट खोल दिए गए।पट खुलते ही मां के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।सुबह से ही पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।प्रखंड के जलालपुर, कुचायकोट, सासामुसा, बलुवन सागर, सेमरा और राजापुर समेत विभिन्न स्थानों पर आकर्षक और भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं।पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जबकि आसपास की सड़कों पर भी सजावट की गई है।वहीं, विभिन्न दुर्गा मंदिरों को रंग-बिरंगी विद्युत झालरों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।शाम होते ही रोशनी से जगमगाते पंडाल और मंदिर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं।दुगार्पूजा को लेकर बाजारों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक उत्साह का माहौल है।कुचायकोट,जलालपुर बाजार और सासामुसा में लगने वाले मेले को लेकर भी व्यापक तैयारियां की गई हैं।मेले में लोगों की भीड़ जुटने की उम्मीद है।पूजा समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।इधर, दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी सतर्क है।विभिन्न पूजा स्थलों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।प्रशासन की ओर से पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निगरानी की जा रही है।

कवही में दुकान पर गए युवक को पीटकर लाकेट छिना

उचकागांव (गोपालगंज)/ एनएसबी उचकागांव थाना क्षेत्र के कवहीं गांव में घर से दुकान पर कुछ सामान खरीदने गए 18 वर्षी युवक अमन कुमार को गांव के कुछ लोगों ने लोहे की रड से पीट कर घायल करने के बाद उसके गले में पहने सोने का लाकेट छीन लिया गया। वहीं जान से मारने की भी धमकी दी गई है। घटना 14 अक्टूबर की शाम की है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व के विवाद को लेकर न्यायालय में केस भी चल रहा है। घायल युवक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उचकागांव में कराया गया। मामले में घायल युवक की मां कुसुम देवी के आवेदन पर गांव के विकास साह, उनके भाई प्रकाश, पिता रमाशंकर साह, मां तरासनी देवी, बहन खुशी देवी सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।